सूर्योदय 5:56 सूर्यास्त 6:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,081 |
| निफ्टी | 24,501 |

सोना 1,01,239 चांदी 1,16,688

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को किया खारिज

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 | 14 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 241, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# मणिमहेश में फंसे 3269 श्रद्धालु रेस्क्यू

## एनडीआरएफ ने धन्छो में अस्थायी फुटब्रिज बनाकर रस्सियों की मदद से सुरक्षित निकाला

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/चंबा**

चंबा जिले में भारी बारिश के कारण रास्ते बंद होने से सैकड़ों श्रद्धालु मणिमहेश में फंस गए हैं। श्रद्धालु भरमौर, हडसर और मणिमहेश के रास्ते पर फंसे हुए हैं। यात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। वहीं, एनडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला है और मणिमहेश यात्रा में बड़ा रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। एनडीआरएफ से मिली जानकारी के अनुसार, 14वीं बटालियन की टीम ने चंबा जिले के भरमौर के हडसर के ऊपर मणिमहेश के रास्ते पर धन्छो में अस्थायी फुटब्रिज और रस्सियों की मदद से सुरक्षित मार्ग तैयार किया है। टीम ने 3269 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया है, इनमें 280 बच्चे शामिल हैं।

**सरकार ने जारी की भरमौर में फंसे 335 लोगों की लिस्ट**



चंबा जिले के मणिमहेश में फंसे लोगों का रेस्क्यू करती एनडीआरएफ की टीम।

वहीं, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा में कहा कि चंबा और कुल्लू में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर के माध्यम से निकाला जाएगा। प्राकृतिक आपदा के चलते चंबा के गौरीकुंड में 100, धन्छो में 500, भरमौर के चौरासी मंदिर में 600 श्रद्धालु फंसे हुए हैं। अन्य स्थानों में भी लोगों के फंसने की सूचना है। गौरीकुंड से कुछ लोगों को हेलिकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया भी जा चुका है। सरकार ने भरमौर में फंसे 335 लोगों की एक लिस्ट भी जारी की है, जिसमें फंसे हुए श्रद्धालुओं के नाम और नंबर भी दिए गए हैं।

उधर, चंबा के कांग्रेस विधायक नीरज नैय्यर ने बताया कि मणिमहेश यात्रा के दौरान हड़सर से ऊपर दोनाली के पास पहाड़ी से भूस्खलन के बाद पत्थर गिरने से घायल हुए छह श्रद्धालुओं को बुधवार को हेली टैक्सी से भरमौर से चंबा मेडिकल कॉलेज लाया गया। ये सभी श्रद्धालु पहले भरमौर अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया गया। घायलों में धर्मजीत सिंह निवासी हमीरपुर और अमृत कुमार निवासी अमृतसर भी शामिल हैं। इनके पांव की हड्डी टूटी है और उन पर प्लास्टर लगाया है। दोनों अपने दोस्तों के साथ यात्रा पर निकले थे। प्रशासन ने दोनों के परिजनों को सूचित कर दिया है और उनके आने के बाद इन दोनों का ऑपरेशन किया जाएगा। चंबा में बारिश से हुए नुकसान का अभी सही आकलन नहीं हो पाया है। डलहौजी के विधायक के अनुसार, अकेले उनके विधानसभा क्षेत्र में 50 से ज्यादा घरों को बादल फटने से क्षति हुई है। भरमौर और चंबा विधानसभा में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। यहां सड़कें बहाल होने का काम जारी है। कुल्लू, चंबा और लाहौल-स्पीति के ज्यादातर भागों में 3 दिन से मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं है। सड़कें, पानी और बिजली भी बंद है। इससे चंबा, मनाली और लाहौल-स्पीति में फंसे पर्यटकों के परिजन उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

### कुल्लू के डोभी से 130 लोगों को सुरक्षित निकाला

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू के डोभी में अचानक आई बाढ़ के कारण फंसे लगभग 130 लोगों को पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिसकर्मियों ने लोगों को पीठ पर बैठाकर नाला पार करवाया। यह घटना फोजल नाले में अचानक जलस्तर बढ़ जाने के कारण हुई। मंडी जिले में औट के पास चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर बुधवार आधी रात भारी भूस्खलन हुआ। मौसम विभाग केंद्र शिमला ने ऊना, हमीरपुर, मंडी, शिमला और सिरमौर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को कांगड़ा और बिलासपुर में भी अलर्ट रहेगा।

## मुंबई सहित सात शहर महिलाओं के लिए सबसे सेफ

**नई दिल्ली।** मुंबई, कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक और ईटानगर देश में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर हैं। वहीं, पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची महिलाओं के लिए सबसे कम सुरक्षित शहर हैं। यह जानकारी नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वुमेंस सेफ्टी 2025 में सामने आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोहिमा और दूसरे सबसे सुरक्षित शहरों में महिलाओं को ज्यादा समानता, नागरिक भागीदारी, बेहतर पुलिस व्यवस्था और महिलाओं के लिए अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर है। वहीं, पटना और जयपुर जैसे शहरों में हालात इसके उलट हैं। यह सर्वे 31 शहरों की 12 हजार 770 महिलाओं पर किया गया था। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने वीरवार को इसकी रिपोर्ट जारी की। सर्वे से पता चला कि महिलाएं रात के समय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और घूमने की जगहों पर कम सुरक्षित महसूस करती हैं। सर्वे से शामिल 10 में से 6 महिलाओं ने खुद को अपने शहर में सुरक्षित कहा तो वहीं, 40% ने खुद को सुरक्षित नहीं माना। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### डी. पटनायक कनाडा में भारत के उच्चायुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत सरकार ने वरिष्ठ राजनयिक दिनेश पटनायक को कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया है। वह 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं और इस समय स्पेन में भारत के राजदूत के तौर पर कार्यरत हैं। जानकारी के मुताबिक वे बहुत जल्द ही अपना नया कार्यभार संभालेंगे। वहीं, कनाडा की विदेश मंत्री अनिता आनंद ने वीरवार को घोषणा की कि क्रिस्टोफर कूटर को भारत में कनाडा का नया हाई कमिश्नर नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका: गोलीबारी में 2 स्कूली बच्चों की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। (अनंत ज्ञान)

### गेमिंग बिल के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई 30 को

**एजेंसी, बेंगलुरु।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी की ए23 याचिका पर कर्नाटक हाईकोर्ट 30 अगस्त को गेमिंग बिल पर सुनवाई करेगा। इस याचिका में भारत में ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूरी तरह बैन लगाने वाले नए कानून को चुनौती दी गई है। इस याचिका को तुरंत सुनवाई के लिए बुधवार को सीनियर वकील सी. आर्यमा सुंदरम और धन्य चिनप्पा ने कोर्ट के सामने पेश किया। बता दें कि 22 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। अब यह कानून बन गया है। (अनंत ज्ञान)

### बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग फाइनल

**एजेंसी, पटना।** बिहार में एनडीए गठबंधन की सीट शेयरिंग को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे के बाद विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों को लेकर गठबंधन दलों के बीच अंतिम सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) 102 और भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 20, जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (और उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 10-10 सीटें मिली हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सरकारी स्कूलों का माफ, प्राइवेट से ली जा रही डाइट मनी -पेज 2
- आपदा से प्रदेश में हाहाकार मगर मुख्यमंत्री सुक्खू गायब -पेज 3
- ब्यास किनारे सुरक्षा दीवार बनाने में जुटा प्रशासन -पेज 5
- बनाला में बहाल हुआ एनएच, निकाले जा रहे वाहन: उपायुक्त -पेज 9
- ब्यास की लहरों के शोर ने पलचान से कुल्लू तक डराया -पेज 11


# राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए अदालत में जवाबदेह नहीं : केंद्र सरकार

## सॉलिसिटर जनरल तुषार बोले- राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पटीशन दायर नहीं कर सकते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की विधानसभा से पास बिलों पर कार्रवाई के खिलाफ राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पटीशन दायर नहीं कर सकते। केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं, क्योंकि मौलिक अधिकार आम नागरिकों के लिए होते हैं, राज्यों के लिए नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति जानना चाहती हैं कि क्या राज्यों को ऐसा अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुच्छेद 361 के अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल अपने फैसलों के लिए



कोर्ट में जवाबदेह नहीं होते।

गौर रहे कि 15 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को एक संदर्भ दिया और अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े 14 सवालों पर कोर्ट की राय मांगी थी। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट राष्ट्रपति-राज्यपाल को निर्देश नहीं दे सकता

**केंद्र** सरकार ने तर्क दिया कि कोर्ट राष्ट्रपति या राज्यपाल को कोई निर्देश नहीं दे सकता, क्योंकि उनके फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। वहीं, कोर्ट ने कहा कि यदि कोई राज्यपाल छह महीने तक बिल लंबित रखता है तो यह भी सही नहीं है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने राज्य सरकारों की तरफ से भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई की।

# राष्ट्रीय आपदा घोषित हो हिमाचल की आपदा

## प्रदेश विधानसभा में पक्ष और विपक्ष ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का वीरवार का दिन प्रदेश के आपदा पीड़ित जनजीवन के प्रति समर्पित रहा। मौजूदा मानसून सीजन में आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, जिससे जल-संसाधन, सड़कें और बुनियादी ढांचा भारी नुकसान झेल रहे हैं। सदन में ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि यदि नदी-नालों की ड्रेजिंग तत्काल नहीं की गई तो नुकसान और व्यापक हो सकता है। प्रदेश में अब तक साढ़े तीन हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। परिस्थिति को देखते हुए संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नियम 102 के तहत प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव सदन में पेश किया। सदन में प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष दोनों पक्षों ने आपदा पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और केंद्र से राहत एवं पैकेज की मांग पर एकजुटता दिखाई। सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच यह सामूहिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया।

### विपक्ष ने राजस्व मंत्री नेगी का किया बहिष्कार

**सदन** में चर्चा के दौरान विपक्ष ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का बहिष्कार किया।



जब नेगी सरकार की ओर से प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे, तब विपक्षी विधायकों ने लगातार नारेबाजी की। नेगी ने सदन को बताया कि प्रदेश में मौजूदा मानसून के दौरान आई प्राकृतिक आपदाओं ने जनजीवन और आर्थिक ढांचे को गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि इस बार नुकसान पहले से अधिक व्यापक और गंभीर है, इसलिए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करना न केवल आवश्यक है, बल्कि तत्काल कदम है। जैसे ही नेगी का वक्तव्य समाप्त हुआ, भाजपा विधायक अपनी सीटों पर लौट आए और प्रस्ताव को समर्थन दिया।

### पहाड़ों का चीरहरण रोकना जरूरी

**मंत्री** विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विकास के नाम पर पहाड़ों का अंधाधुंध चीरहरण रोकना होगा और लंबी अवधि की योजना बनानी होगी। पहले ऐसी आपदाएं केवल आधे हिमाचल तक ही सीमित रहती थीं, लेकिन



अब यह पूरे प्रदेश को अपनी चपेट में ले चुकी हैं। उन्होंने ढली से रामपुर के लिए प्रस्तावित सड़क का अधिकांश हिस्सा सुरंग से और इसे डीपीआर में शामिल करने की केंद्र से मांग करने की बात कही।

# जम्मू-कश्मीर के गुरेज में मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में वीरवार को भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने एक्स पर बताया कि उन्हें आतंकियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है। इससे पहले 2 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। सेना ने आतंकियों के खिलाफ 1 अगस्त को ऑपरेशन अखल शुरू किया था, जो 12 दिनों तक चला था। इसमें दो जवान भी शहीद हुए थे। (अनंत ज्ञान)

**2 अगस्त को कुलगाम में मारे थे लश्कर के 3 आतंकी**

# नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे तीन आतंकी

## तीनों के पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की आशंका

**एजेंसी, पटना**

बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों ने घुसपैठ की है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों की फोटो रिलीज की हैं। सभी के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की आशंका है। पुलिस ने जिन आतंकियों की फोटो जारी की है, उनके नाम हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान हैं।

**सूचना देने वाले को मिलेगा 50 हजार का इनाम**

हसनैन रावलपिंडी, आदिल उमरकोट और उस्मान बहावलपुर का रहने वाला है। आतंकियों के अररिया जिले से बिहार में घुसने की आशंका जताई गई है। पुलिस हेडक्वार्टर ने सभी जिलों को खुफिया तंत्र को एक्टिव रखने, इनपुट जुटाने और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। तीनों आतंकियों की सूचना देने वाले को बिहार सरकार की तरफ से 50 हजार का इनाम दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### जहां से राहुल की यात्रा गुजरी, वहीं हुई घुसपैठ

**बिहार** में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा चल रही है। आतंकी घुसपैठ के संदिग्ध रास्ते अररिया समेत नेपाल से सटे मधुबनी और सुपौल से हाल ही में उनकी यात्रा गुजरी है। राहुल या तो उन जगहों पर जा चुके हैं या उनका जाने का कार्यक्रम है।

### आतंकी अलर्ट के बाद यात्रा में किया बदलाव

**आतंकी** अलर्ट के बाद राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव किया गया है। सीतामढ़ी में वे जिस कैंप में रुके थे, वहां से सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां कई जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल वहां नहीं रुके।

# सीएम सुक्खू बिहार में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वीरवार को बिहार के मोतिहारी में कांग्रेस के 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान में शामिल हुए। राहुल गांधी के साथ गाड़ी में बैठकर सीएम सुक्खू रैली का हिस्सा बने और रोड शो में सक्रिय भागीदारी निभाई। कांग्रेस पूरे देश में उपरोक्त अभियान चला रही है। राहुल गांधी इस अभियान को बिहार में गति दे रहे हैं। सीएम सुखविंद्र सुक्खू सुबह 11 बजे दिल्ली से दरभंगा के लिए रवाना हुए। दोपहर 1.15 बजे वे हेलिकॉप्टर के माध्यम से मोतिहारी पहुंचे थे। सीएम सुक्खू संगठन और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को लेकर राहुल गांधी से बातचीत कर सकते हैं। प्रदेश में लंबे समय से कांग्रेस अध्यक्ष बदलने की चर्चाएं चल रही हैं।

# चीन के तियानजिन में 31 अगस्त को मिलेंगे मोदी और जिनपिंग

## गलवान झड़प के बाद दोनों में दूसरी औपचारिक मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त को चीन के तियानजिन शहर में होने वाली एससीओ समिट के दौरान मुलाकात करेंगे। 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह दूसरी औपचारिक मुलाकात होगी। पीएम मोदी इस दौरे में जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

मोदी और शी जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्तूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे। इसके बाद भारत और चीन में सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी थी। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने पर बात की थी। (अनंत ज्ञान)

### दोनों नेताओं में सीमा विवाद पर हो सकती है बात

**प्रधानमंत्री** मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग परिषद (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की 25वीं बैठक में भाग लेंगे। एससीओ में भारत और चीन के अलावा 10 सदस्य देश बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस,





ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान देश शामिल हैं। मोदी-जिनपिंग की मुलाकात में एक बार फिर सीमा विवाद पर बातचीत हो सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 30 अगस्त को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन रवाना होंगे।

**संग्राम** | 4 स्थानों पर डायनें, 3 पर देवता विजयी, छल से 'सीख पाथा' ले गई डायनें

# घोघराधार के महासंग्राम में डायनों से हारे देवता

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** सदियों से हिमाचल की वादियों में कौतूहल और रहस्यमयी गाथाएं गूंजती आई हैं और आज भी इसके प्रत्यक्ष प्रमाण उस समय मिलते हैं, जब आग के अंगारों पर देवी-देवताओं के गूर नाचते हैं। करीब दो माह से चले देवताओं-डायनों के भीषण महासंग्राम में आखिरकार डायनों की जीत सुनिश्चित हो ही गई। देवताओं ने तीन युद्ध जीत लिए, लेकिन अंत में डायनें छल कपट से 'सीख पाथा' चुरा ले गईं, जिस कारण डायनें चार युद्धों पर विजय घोषित हुईं।

**अकाल मृत्यु दुर्घटनाओं में वृद्धि के संकेत, फसल के लिए उत्तम**



देव कारज करते हुए गूर अमरजीत, कटवाल, भंडारी व अन्य।

घोघराधार में हुए अंतिम युद्ध में देवता और डायनें तीन-तीन युद्ध जीतकर बराबरी पर रहे, लेकिन अंत में देवी-देवता हरिद्वार स्नान के लिए चले गए, तो डायनों ने मौका देखते ही छल से युद्ध काल से पूर्व ही 'सीख पाथा' चुरा लिया, जिस कारण वे युद्ध में विजयी रहीं।

बता दें कि तुंगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में 70वीं वार्षिक जाग बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। माता बगलामुखी के गूर अमरजीत शर्मा ने माता के गर्भगृह में पूजा-अर्चना की तथा उसके बाद मां के गूर ने अनेक प्रकार की देववाणी करके भक्तों का मार्गदर्शन भी किया।

### इस बार देशभर में सात जगह हुए युद्ध

**गूर** अमरजीत ने बताया कि इस बार सात स्थानों पर युद्ध हुए हैं, जिनमें दक्षिण भारत के समुद्र टापू और हिमाचल प्रदेश जिला मंडी की घोघराधार प्रमुख हैं। युद्ध के लिए हर वर्ष 5 स्थान बदलते रहते हैं। समुद्र टापू से युद्ध की शुरुआत होती है और घोघराधार में अंतिम महासंग्राम होता है। इसके साथ ही गंगा तट, कुरुक्षेत्र आदि क्षेत्रों में भी युद्ध का आयोजन हुआ।

### युद्धों के लिए कब रवाना होते हैं देवता और डायनें

**देवता** और डायनें युद्ध के लिए आषाढ़ मास की शैणदेवी एकादशी को रवाना होते हैं और भादो मास में सबसे पहला युद्ध समुद्र टापू पर होता है। इसी तरह देश के अलग-अलग स्थानों पर युद्ध होते हैं। अंतिम युद्ध घोघराधार में समाप्त होता है। युद्ध पूर्व देवता और डायनों की सेना सात भागों में विभाजित होती है। 7-7 सेनापति सेना का नेतृत्व करते हुए युद्ध करते हैं।

### डायनों के जीतने से क्या हो सकते हैं नुकसान

**चार** स्थानों पर डायनों और 3 पर देवताओं के जीतने पर डायनें विजयी मानी गई, इससे फसल में वृद्धि होगी, लेकिन अल्प मृत्यु, अकाल मृत्यु, सड़क दुर्घटनाएं, प्राकृतिक प्रकोप, रोग व्याधी में वृद्धि होती है। यदि देवता जीतें तो केवल फसल कम होती है, लेकिन जानमाल सहित प्रकृति के पहाड़, वन संपदा सहित मनुष्य सुरक्षित रहते हैं, अल्पमृत्यु नहीं होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंजी. राजेश बन्याल बने हिमुडा के निदेशक

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। इंजीनियर राजेश बन्याल को हिमाचल सरकार द्वारा बड़ा तोहफा दिया गया है। अगस्त महीने में भारत को आजादी मिली थी तथा इसी महीने राजेश को बड़ा दायित्व मिलने से संविधान सभा बड़सर क्षेत्र में खुशी की लहर है। हिमाचल प्रदेश अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के साथ साथ व्यापार मंडल मैहरे के प्रधान विनोद लखनपाल ने इस उपलब्धि के लिए राजेश बन्याल को हार्दिक बधाई दी है। इस क्षेत्र में 2010 में हिमुडा की कॉलोनी बनाने के लिए लोगों ने सर्वे में पैसा भी जमा करवाया है अव उन को उम्मीद है कि अब शीघ्र ही इस विधानसभा क्षेत्र में कॉलोनी बनने एवं प्रदेश में चौमुखी विकास में विधानसभा क्षेत्र विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। हिमुंडा का निर्देशक बनने पर इंजी. राजेश वनयाल ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू उप मुख्यमंत्री मुकेश कुमार अग्निहोत्री तकनीक शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी सहित समस्त कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्राप्त किया है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार ने जो दायित्व मुझे सौंपा है । इस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

### नेत्रदान कीजिए, ताकि आपकी आंखों से कोई देख सके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेत्रदान पखवाड़े के उपलक्ष्य पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के निर्देशानुसार वीरवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आंखों के बारे में विशेष सावधानियां बरतने की अपील की तथा नेत्रदान करने की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने नेत्रदान पखवाड़े के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉर्निया संबंधी अंधता को कॉर्निया प्रत्यारोपण से ठीक किया जा सकता है। इसलिए सभी नेत्रदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में लाखों लोग नेत्रहीन हैं। इसके अलावा विभिन्न कारणों से हर वर्ष 25 से 30 हजार लोग अपनी आंखों की रोशनी गवा देते हैं। हमारे द्वारा किया गया नेत्रदान किसी नेत्रहीन व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकता है। बीरबल वर्मा ने बताया कि किसी भी उम्र का व्यक्ति चाहे नजर का चश्मा लगा हो या आंखों का आपरेशन करवाया हो या दैहिक रोग से पीड़ित हो, सभी अपनी आंखें दान कर सकते हैं। इसमें कोई खर्चा नहीं आता है। यह एक निशुल्क सेवा है।

### डॉ. पुष्पेंद्र ने किया सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गणपति युवा मंडल हनुमान चैराहा अणु द्वारा प्रथम गणपति महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस पहल के लिए युवक मंडल बधाई का पात्र है, जिन्होंने सनातन धर्म की परंपराओं को निभाते हुए इस महोत्सव की नींव रखी। आने वाले वर्षों तक यह उत्सव इसी श्रद्धा और भव्यता के साथ चलता रहे, यही हमारी शुभकामनाएं हैं। वहीं दूसरी ओर, हमीरपुर शहर के बाजार में आयोजित 14वें गणपति महोत्सव के शुभारंभ पर भी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस आयोजन के लिए गणपति महोत्सव कमेटी हमीरपुर को हार्दिक बधाई। पिछले 14 वर्षों से यह आयोजन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और समाज में आस्था, संस्कृति और एकता का संदेश प्रसारित कर रहा है। इन दोनों आयोजनों में शामिल होकर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि ऐसे पर्व समाज को एकजुट करने और संस्कृति को जीवित रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### विवेक शर्मा बने टीजीटी कला संघ बिझड़ी के प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ के बिझड़ी खंड में कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। सदस्यों की सहमति और संघ के पर्यवेक्षक संजय वर्मा की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विवेक शर्मा को प्रधान, अंबिका कुमारी को उप प्रधान, राम पाल को सचिव, सुनील कुमार को सह सचिव, रविन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष, राम कृष्ण को मीडिया प्रवक्ता, इंजीला शर्मा को समन्वयक, सीमा देवी को महिला विंग अध्यक्ष, रीना देवी को उपाध्यक्ष, रेखा देवी को महिला विंग सचिव तथा ललिता कुमारी को लेखाकार चुना गया। संघ ने पिछले तीन वर्षों में शिक्षकों के अनेक मुद्दों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा टीजीटी से प्रवक्ता कैडर में लंबित पदोन्नति सूची जारी करवाने में विशेष योगदान दिया है। चयनित कार्यकारिणी को संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और प्रदेश महासचिव विजय हीर ने शुभकामनाएं दी हैं।

### बारिश से ढही पशुशाला, पवन को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत बड़ा के गांव कलरूई निवासी पवन कुमार की पशुशाला हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। सौभाग्य से घटना के समय उनके पशु बाहर बंधे हुए थे, जिससे किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। पीड़ित पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने इस घटना की सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दी, साथ ही राजस्व विभाग के हल्का पटवारी को भी मामले से अवगत करा दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों और पटवारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पवन कुमार, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आर्थिक सहायता की मांग की है। पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बारिश के कारण पवन कुमार की पशुशाला को गंभीर नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग की हल्का पटवारी अनीता कुमारी ने बताया कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

### टैक्सी चालकों को दी नशे से दूर रहने की नसीहत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भरेड़ी कस्बे में भोरंज पुलिस की ओर से यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब इंस्पेक्टर अजय कुमार ने की। इस मौके पर क्षेत्र के टैक्सी चालकों को नशे के दुष्प्रभावों और यातायात नियमों की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अजय कुमार ने चालकों से आह्वान किया कि वे नशे से हर हाल में दूरी बनाए रखें, क्योंकि वाहन चालक की एक छोटी सी गलती सड़क पर कई लोगों की जान के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि नियमों की अनुपालना से न केवल चालक सुरक्षित रहते हैं बल्कि यात्री और राहगीर भी सुरक्षित रहते हैं। पुलिस कर्मियों ने टैक्सी चालकों को यातायात संकेतों, गति सीमा और ओवरलोडिंग से बचने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि सार्वजनिक परिवहन से जुड़े चालक समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, इसलिए उनका जिम्मेदार व्यवहार सबसे अधिक जरूरी है। ड्राइवरों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे नशा न करने और नियमों का पालन करने का संकल्प लेंगे।

## पलाही योजना की राइजिंग मेन में गड़बड़ी, दुरुस्त करने में जुटा अमला

# दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार को भी पानी नहीं आएगा। जिस पलाही योजना से यहां पानी की आपूर्ति विभाग द्वारा की जाती है, उसकी 'राइजिंग मेन' में बड़ी गड़बड़ी आ गई है। वह कई जगह से डैमेज हो गई है। हालांकि उसे दुरुस्त करने के लिए काम युद्ध स्तर पर जारी हो चुका है, मगर कम से कम 2 दिन पानी नहीं आने की आशंका है।

यदि कहीं ब्यास नदी का जलस्तर और बढ़ गया, तो ज्यादा दिन भी लगा सकते हैं। फिलहाल अनुमान यही है कि दो दिनों में योजना को फिर से चालू किया जा सकता है।

काबिले गौर यह है कि पिछले साल भी इस योजना की राइजिंग मेन में पानी घुसा था। तब योजना स्रोत पर भी काफी नुकसान हुआ था। इस बार भी स्थिति वैसी ही है। लेकिन जिस हिस्से में यह तकनीकी खराबी आई है, मुख्य पाइपलाइन टूटी है, उसे पोकलेन मशीन से मालवा हटाकर जांचने का काम शुरू हो गया है।



पलाही में कर्मचारी पाइपलाइन को जोड़ने का काम करते हुए।

बिलासपुर इलाके से दो पोकलेन मशीनें मंगवाई गई हैं। ताकि काम जल्दी शुरू हो सके। मगर असल समस्या यह है कि पानी का जलस्तर अभी बहुत ज्यादा उतरा नहीं है। इसलिए, काम करने वालों को दिक्कत भी पेश आ रही है। चिंता इस बात की हो रही है कि यदि कहीं बारिश ऊपरी इलाके में दोबारा शुरू हो गई और पंडोह डैम से पानी का जलस्तर बढ़ने पर उसे छोड़ा गया, तो और दिक्कत आ सकती है।

### भंडार टैंकों में पानी डालने का वैकल्पिक प्रयास जारी

**हीरानगर** में स्थित भंडार टैंकों में किसी और योजना से पानी डालने का भी वैकल्पिक प्रयास जारी है। इसमें कामयाबी मिल पाएगी या नहीं? शुक्रवार को ही पता चल पाएगा। हथली खड्ड की योजना से मेडिकल कॉलेज आयुर्वेदिक विभाग और पुलिस स्टेशन के पास ओवरहेड टैंक के कनेक्शन पाली इलाके तक पानी की सप्लाई लोगों को की जा रही है।

### विभाग से जल्द समस्या के समाधान की मांग : विपिन

**नेरी,** खगल इलाके में भी आठ गांव की सप्लाई इलाके की योजना की मुख्य पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने की वजह से दो दिनों से ठप पड़ी है। पंचायत प्रधान विपिन ठाकुर का कहना है कि पाइपलाइन का निशान नहीं रहा है उन्होंने विभाग से गुजारिश की है कि जल्दी से जल्दी इस पाइपलाइन और योजना को रिस्टोर किया जाए, ताकि पानी की कीमत ज्यादा दिन लोगों को न झेलनी पड़े।

### पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य जारी : पंकज

**हमीरपुर** शहर के जूनियर अभियंता और इस योजना की देखरेख करने वाले पंकज का कहना है कि पाइपलाइन को की मरम्मत का काम जारी हो गया है लेकिन अभी कल शाम तक कंफर्म हो पाएगा कि स्थिति क्या बनेगी। लोगों से आग्रह है कि इस आपदा में सहयोग करें और उनके पास जो स्टोर पानी है, उसका कम इस्तेमाल करें।

## स्कूल भवन की खराब हालत पर एसएमसी ने उपायुक्त से की शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राजकीय प्राथमिक पाठशाला बफड़ी का भवन लगभग दो वर्ष से जर्जर बना चुका है, इसे गिराने के लिए कई बार शिक्षा विभाग को लिखा गया, लेकिन फिर भी इस जर्जर भवन में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। भवन की जर्जर हालत को लेकर एसएमसी के अध्यक्ष और सदस्यों ने शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर शिकायत सौंपी और इसका समाधान करने की मांग की।

स्कूल प्रबंधन कमेटी एवं सभी अभिभावकों ने इसके बारे में पाठशाला के माध्यम से शिक्षा विभाग को 6-7 बार पत्र भेजा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएमसी ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि यदि कोई अनहोनी या दुर्घटना होती है तो शिक्षा विभाग व प्रशासन इसके लिए जिम्मेदार होगा।

एसएमसी ने उपायुक्त अमरजीत सिंह से आग्रह किया है कि इस भवन को गिराकर इसके स्थान पर नया भवन बनवाने के आदेश जारी करवाएं जाएं ताकि बच्चे भय मुक्त होकर अपनी पढ़ाई कर सकें।

## ट्रॉले की टक्कर से मकान को नुकसान

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** बूणी क्षेत्र के गांव चैक के हरि चन्द पुत्र रणिया राम की दुकानों और मकान के डंगे को एक ट्रॉले ने जोरदार टक्कर मारी जिससे डंगा दो जगह से टूट गया है और दुकानों व मकान को भी नुकसान हुआ है।

नौंहगी पंचायत के उप प्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि ट्राला लापरवाही के चलते गलत साइड जा रहा था। जब ट्राला चालक मामले को सुलझाने में आनाकानी करने लगा तो इसकी सूचना पुलिस थाना नादौन में कर दी है।

## राजपूत कल्याण बोर्ड के गठन के लिए की मुख्यमंत्री की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला राजपूत महासभा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हिमाचल प्रदेश राजपूत कल्याण बोर्ड के गठन पर स्वागत करते हुए उनका आभार जताया है।

महासभा का कहना है कि यह बोर्ड वर्ष 2017 से गठित नहीं हुआ था। इससे जहां प्रदेश में राजपूत समुदाय का मनोवल बढ़ेगा, वहीं राजपूत समुदाय को अपने समाज की विभिन्न मांगों और समस्याओं को रखने का उचित मंच मिलेगा।

सरकार के इस कदम पर महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट अजमेर सिंह ठाकुर, महासचिव जोगिंद्र ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप डडवाल, वित सचिव रविंद्र सकलानी सहित प्रदेश स्तर के आईटी प्रभारी सुमित ठाकुर और

### कहा-बोर्ड में जिलों और प्रदेश स्तर के नेताओं को भी मिले जगह

सभा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रभारी अश्वनी राणा ने संयुक्त बयान जारी करके मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना की और उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री समय समय पर राजपूत सभा द्वारा उठाए गए मुद्दों और मांगों पर हमेशा सहानुभूतिपूर्वक विचार भी करेंगे, मांगों को पूरा भी करेंगे।

सभा ये भी मांग करती है कि बोर्ड में प्रदेश भर में जिला और प्रदेश सभाओं में राजपूत समुदाय के लिए काम कर रहे प्रतिनिधियों को भी इस बोर्ड में सम्मिलित किया जाए, ताकि वास्तविक रूप में सरकार तक इस समाज के असली मसले पहुंच पाएं ।

## भारी बारिश से पपलाह गांव में कच्चा मकान जमींदोज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र पपलाह में भारी बारिश कहर बनकर टूटी। गांव पपलाह निवासी ख्याली राम पुत्र राम दयाल का दो मंजिला कच्चा मकान वीरवार सुबह मलबे में तब्दील हो गया। तीन कमरों का स्टेल नुमा पूरा मकान धराशायी हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, वरना बड़ा जानी नुकसान हो सकता था।

गांव के प्रधान अकुश सैणी ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही हल्का पटवारी रवि कुमार मौके पर पहुंचे।

उन्होंने मौके का जायजा लेकर नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को भेज दी है। प्रधान ने बताया कि पीड़ित परिवार अब खुले आसमान तले है और उन्हें तात्कालिक राहत की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए, ताकि वे अपना जीवनयापन सुचारु रूप से कर सकें।

## कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के नादौन जोन निदेशक के चुनावों के लिए सरगर्मियां तेज

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक के चुनाव घोषित होने से प्रदेश के कांगड़ा बैंक के 16 जोनों में वर्तमान समय में चुनावी सरगर्मियों ने हवा पकडनी शुरू कर दी हैं। को-ऑपरेटिव बैंक के प्रदेश के 16 जोन में 29 सितम्बर को नए बोर्ड को डायरेक्टर के चयन के लिए चुनाव होना निर्धारित किया गया हैं।

1 सितम्बर से 14 सितम्बर तक चुनावी प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करेंगे एवं 19 सितम्बर 2025 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इन चुनावों के चलते कांगड़ा को ऑपरेटिव बैंक के नादौन जोन में वर्तमान समय में इन चुनावों



उम्मीदवार मोती जोशी

के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज हो गईं हैं। कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के नादौन जोन में कुल 113 मतदाता कांगड़ा को ऑपरेटिव बैंक के नए निदेशक का चयन करेंगे जिनमें 71 मतदाता नादौन ब्लॉक के होंगे एवं 42 मतदाता बिझड़ ब्लॉक के शामिल हैं।

इन दोनों ब्लॉकों की एग्रीकल्चर सोसाइटी, मिल्क. सोसायटी ( एमपीसीएस ) एवं टी एंड सी के पात्र मतदाता मतदान करेंगे। हलांकि प्रदेश में सत्ता में बैठी कॉग्रेस सरकार ने नादौन जोन से मुख्यमंत्री सुक्खू के करीबी माने जाने वाले मोती जोशी को निदेशक पद के लिए अपना चुनावी प्रत्याशी घोषित करके अपना चुनावी विगुल फूंक दिया हैं। वही सूत्रों से मालूम पड़ा हैं कि धूमल सरकार के दौरान कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व में चेयरमैन रहे स्व. बाबू राम मंडियाल के भतीजे एवं कांगड़ा को -ऑपरेटिव बैंक से शाखा प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए राजिंद्र सिंह इस चुनावी दंगल में कूद सकते हैं। बिझड़ ब्लॉक से संजय पटियाल एवं हेमराज के इस चुनावी दंगल में कूदने की चर्चाएं चली हुई हैं।

## जलाड़ी का आर्यन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयनित

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के टिल्लू गांव के आर्यन परमार का चयन भारत और श्रीलंका के बीच खेली जा रही 'इंटरनेशनल क्लब क्रिकेट चैंपियनशिप' की बीस सदस्यीय टीम में हुआ है। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नादौन के सिद्धार्थ कालेज में बीए तृत्तीय वर्ष के छात्र आर्यन की स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलाड़ी में हुई है। स्कूली खेलों में भी आर्यन कबड्डी और एथलेटिक्स का अच्छा खिलाड़ी रहा है।

आर्यन परमार ने बताया कि मार्च 2025 में गाजियाबाद में आयोजित हुए पैरा कबड्डी टूर्नामेंट में भी आर्यन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस उपलब्धि पर उसे हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के द्वारा सम्मानित किया गया है। सितंबर महीने में देहरादून में इस टीम का कोचिंग कैंप आयोजित होगा और अक्तूबर में श्रीलंका के कोलम्बो के स्काई स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में होने वाली चैंपियनशिप में यह टीम भाग लेगी।

## छात्रों की सृजनात्मकता ने किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हीरानगर में शुक्रवार को भाषा त्रिवेणी संगम प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषाओं पर केंद्रित रचनात्मक प्रदर्शनों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को चार्टों एवं मॉडलों के माध्यम से दर्शाया।

प्रदर्शनी में विद्यालय के लगभग 256 छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न भाषाओं से जुड़े विषयों को



हिम अकादमी स्कूल में लगी प्रदर्शनी।

सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि व विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला ने रिबन काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की तथा दीं। प्रदर्शनी के दौरान समन्वयक डॉ. नीता सिंह, माया शर्मा, पूजा शर्मा, विनोद शर्मा तथा रोहित अग्निहोत्री ने अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ प्रदर्शनियों का दौरा किया।

## मॉडल एग्जिबिशन 2025 में निखरी नवाचार की प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में गर्व के साथ एटीएल, आईटी एवं विज्ञान विषयों पर एक नवोन्मेषी मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी ने कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को अपने रचनात्मक विचारों और कार्यशील प्रोजेक्ट्स को प्रस्तुत करने का गतिशील मंच



छात्रा द्वारा लगाई गई मॉडल की प्रदर्शनी।

प्रदान किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवोन्मेषी सोच और तकनीकी कौशल का परिचय दिया।

स्कूल के चेयरपर्सन प्रो. आर.सी. लखनपाल, निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्राचार्य नैना लखनपाल तथा प्राचार्य अकादमिक डॉ. हिमांशु शर्मा ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से संवाद किया।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल के विजय कुमार बने अध्यक्ष

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी ने पिछले दो वर्षों में किए गए कार्यों का ब्योरा बैठक में रखा। इस दौरान उन्होंने कार्यकाल पूरा होने पर कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की और चुनाव करवाने का आग्रह किया।

इस दौरान कार्यकारिणी के चुनाव करवाने के लिए पीसी वर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से चुनाव करवाने के लिए नाम प्रस्तावित करने के लिए कहा, लेकिन इस दौरान संस्था के पूर्व अध्यक्ष शंकर दास भारद्वाज ने पुरानी कार्यकारिणी को यथावत बनाए रखने का सुझाव रखा जिसे बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पास कर दिया। इस दौरान विजय कुमार पुरी को दूसरी बार संस्था के प्रधान बने हैं, अन्य पदाधिकारी भी यथावत कार्यकारिणी में पद पर बने रहेंगे। इस अवसर पर दूसरी बार प्रधान बने विजय कुमारी पुरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, उपाध्यक्ष हेम राज शर्मा, महासचिव कुलदीप कमल, प्रेस सचिव हेम राज शर्मा के अलावा सदस्यों में श्रीधर गुलजार, दीना नाथ भारद्वाज, रमेश चंद, ओम प्रकाश टेकड़ा, सुरेश शर्मा, दीप चंद शर्मा, हंसराज शर्मा, पीसी वर्मा, अनिल व संजीव को भी सम्मानित किया गया।



नवनियुक्त सदस्यों को सम्मानित करते हुए संस्था के सदस्य व अन्य।

**रोष** स्कूली खेलें डाइट मनी पर सरकारी-प्राइवेट में भेदभाव का विवाद

# सरकारी स्कूलों का माफ, प्राइवेट से ली जा रही डाइट मनी

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** तीन दिवसीय स्कूली खेलों का सिलसिला 3 सितंबर से शुरू हो रहा है, लेकिन इसमें डाइट मनी को लेकर सरकारी और प्राइवेट स्टूडेंट्स के बीच में भेदभाव का जो विवाद मौजूद है, उस पर अब सवाल उठ रहे हैं। सवाल यही है कि ब्लॉक स्तर की इस प्रतियोगिता में हरेक बच्चों से जो प्राइवेट स्कूल में पड़ता है उसे इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर 250 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से डाइट मनी के रूप में जमा करवाना होगा।

यानी कुल मिलाकर 750 रुपए तीन दिन के संबंधित स्कूलों को जमा करवाने हैं। जहां पर यह प्रतियोगिता आयोजित होगी या हो रही है। वहां सरकारी स्कूल के बच्चों को इस डाइट मनी के पैसे को जमा करवाने से छूट है, बस दिक्कत यही है। इसी भेदभाव को लेकर प्राइवेट स्कूलों के बच्चे और उनके अभिभावक भी नाराज हैं। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी नाराज है। लेकिन अब फरमान सरकार का है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### डाइट मनी पर क्या है सारा मामला

**होता** क्या है कि कई बार ज्यादातर स्कूल या बच्चे पहले या दूसरे राउंड में ही पहले या दूसरे दिन घर लौट जाते हैं। ऐसे में तीन दिनों का साढ़े सात सौ रुपए इकट्ठा ले लेना भी सवाल खड़े करता है। क्योंकि तीसरे दिन तक ज्यादातर बच्चे पहुंच ही नहीं पाते। तो फिर डाइट मनी तो पूरा लिया जाता है तीन दिनों का। यह स्थिति अंदर 14 स्कूली खेलों की नहीं है सभी प्रतियोगिताओं के लिए रहती है 7 सितंबर से 9 सितंबर तक भी छात्रों की प्रतियोगिता होगी उसमें भी यही स्थिति रहेगी सबसे हैरानी वाली बात यह है कि जब जिला स्तर की प्रतियोगिता में स्टेट के लिए प्राइवेट स्कूलों के स्टूडेंट्स हिस्सा लेने के लिए चुने जाते हैं। उसे वक्त दे जिला को रिप्रेजेंट कर रहे होते हैं ऐसे में भी वही स्थिति रहती है। प्राइवेट बच्चों को पैसे जमा करवाने पड़ेंगे। तब यह आंकड़ा ज्यादा बनता है, फिर नेशनल खेलने का नंबर आता है। उसके लिए भी सरकारी तौर पर संबंधित बच्चों को आखिर अपनी जेब से यह टाइट मानी और अन्य खर्च क्यों देने पड़ें? यही यक्ष प्रश्न है। जिस पर सरकार को सूचना चाहिए।

### पहले हुआ करती थी 120 रुपए डाइट मनी

**पहले** डाइट मनी 120 रुपए हुआ करती थी। अब ढाई सौ रुपए प्रति खिलाड़ी का प्रतिदिन के हिसाब से सरकार ने कर दिया है। इसी हिसाब से प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट्स जो ब्लॉक स्तर की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, उन्हें भी यही चार्ट लागू होगा। यानी अब 750 रुपए जमा करवाने होंगे।

### सरकार को इस व्यवस्था में बदलाव करना चाहिए : जगजीत

**प्राइवेट** स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसो. के राज्य अध्यक्ष जगजीत का कहना है कि सरकार को इस व्यवस्था में बदलाव करना चाहिए । सरकारी और प्राइवेट में भेदभाव के समान है जबकि स्टूडेंट पहले ब्लॉक को फिर जिला और बाद में राज्य को रिप्रेजेंट करते हैं इसलिए भेदभाव को खत्म करना चाहिए।

## कौशल और व्यक्तित्व को निरंतर तराशने विद्यार्थी : राजेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में भौतिकी विभाग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने शिरकत की। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की दृष्टि और मिशन पर सबसे पहले प्रकाश डाला। एक सच्चा इंजीनियर केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह अपनी सोच, दृष्टिकोण और नवाचार से समाज के विकास में योगदान देता है।

विद्यार्थियों ने दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित करने और उस दिशा में लगातार प्रयासरत रहने, पढ़ाई के दौरान एकाग्रत के साथ अध्ययन करने, अपने कौशल और व्यक्तित्व को निरंतर तराशने के अवसरों को लुभाने, हर विषय के बारे में गहनता से अध्ययन करने, सत्रों में सक्रिय भागीदारी करके विचारों को साझा करने का आह्वान किया।

## ग्रामीणों ने गांधी चौक पर किया प्रदर्शन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर ब्लॉक की पांच पंचायतों का विकास खंड कार्यालय सुजानपुर बदलने के विरोध में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। विकास खंड बदलने के विरोध में मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से इन पांच पंचायतों के दस हजार लोगों के हस्ताक्षर किया हुआ ज्ञापन सौंपा। बता दें कि हमीरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत टिब्बी, देई द नोण, मझोग सुल्तानी, कुठेड़ा व टिब्बी के ग्रामीण सुजानपुर ब्लॉक में मिलाने का विरोध कर रहे हैं। जबकि ख्याह लोहाखरियां को टौणी देवी विकासखंड में शामिल करने की अधिसूचना जारी की गई है।

ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि ग्राम पंचायत टिब्बी, देई द नोण, मझोग सुल्तानी व कुठेड़ा के जितने भी गांव आते हैं वो सभी विकास खंड हमीरपुर में थे। अब इन पंचायतों को विकास खंड सुजानपुर में मिला दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सुजानपुर विकास खंड में मिलाने से उन्हें कई प्रकार की






### डीसी को ज्ञापन सौंपकर हमीरपुर ब्लॉक में शामिल रहने की रखी मांग

मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इन पंचायतों के ग्रामीणों को किसी भी कार्य के लिए 20 किलोमीटर दूर सुजानपुर ब्लॉक में जाना पड़ेगा जबकि हमीरपुर की दूरी मात्र 6 किलोमीटर है। इसके अलावा इन पंचायतों की तहसील भी हमीरपुर ही है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि इन पंचायतों को विकास खंड हमीरपुर में ही रखा जाए। लोगों का कहना है कि हमीरपुर इस क्षेत्र से महज 4 से 5 किलोमीटर दूर है जबकि सुजानपुर और टौणी देवी 20 से 25 किलोमीटर दूर है। लोगों की इस बात को लेकर आम सहमती बन चुकी है कि अगर इस समस्त क्षेत्र को दोबारा हमीरपुर में शामिल नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

इस प्रदर्शन को जोगिंद्र कुमार पूर्व जिला परिषद सदस्य, जिला परिषद अनु वार्ड सदस्य आशा देवी, ख्याह लोहाखरिया के ब्लॉक समिति सदस्य प्रकाश चंद, अमन जसवाल, गायत्री देवी पूर्व प्रधान कुठेड़ा, रंजन शर्मा पूर्व प्रधान देई दा नौन, बुद्धी सिंह पूर्व उप प्रधान मझोग सुलतानी, सीमा धीमान पूर्व प्रधान ख्याह लोहाखरिया शालू , श्री राम आदि ने संबोधित किया।





# विधानसभा
## मानसून सत्र




## प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव पारित: डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक नुकसान चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में हुआ है, जहां किसानों, बागवानों और आम लोगों की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। हालात की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा के मानसून सत्र में प्रदेश में आई इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। खास बात यह रही कि सत्ता पक्ष के साथ विपक्षी विधायकों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

**विपक्ष ने भी दिया सरकार का साथ, चंबा सहित कई जिलों में राहत व बचाव जारी**

विधानसभा में प्रस्ताव पेश करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पत्रकारों को बताया कि आपदा की चुनौती से निपटने के लिए राज्य सरकार हर स्तर पर जुटी है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव वॉइस वोट से पास किया गया है और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार राहत पहुंचाई जा रही है। चंबा के मणिमहेश यात्रा पर गए श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। प्रशासन और राहत दल लगातार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि चंबा में राज्य सरकार के पास चार हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराए गए हैं और मौसम साफ होते ही उनका इस्तेमाल रेस्क्यू कार्य में किया जाएगा। मोबाइल नेटवर्क और सड़क मार्ग बाधित होने के बावजूद प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि प्रभावितों तक जल्द से जल्द मदद पहुंच सके। आपदा को लेकर विपक्ष ने सरकार पर लापरवाही के आरोप लगाए, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि यह वक्त राजनीति का नहीं बल्कि जनहित में काम करने का है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन पूरी सतर्कता से काम कर रहा है और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर रवाना हो चुके हैं।

# चंबा की प्राकृतिक आपदा पर गरमाया सदन

## 15 मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित, सीएम की अनुपस्थिति पर विपक्ष ने जताई नाराजगी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून ने जैसे अपने प्रकोप की पूरी ताकत दिखा दी। चंबा जिले के चुराह और भरमौर क्षेत्र में लगातार बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन को अचंभित कर दिया। सड़क संपर्क कटने और दूरसंचार व्यवस्था ठप होने से फंसे हुए लोगों को राशन और जरूरी मदद तक नहीं पहुंच पा रही है। वीरवार को विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक हंसराज ने प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर उठाकर इस गंभीर स्थिति को सदन के सामने रखा।

उन्होंने बताया कि इस आपदा की स्थिति बेहद गंभीर है और तत्काल राहत कार्य की आवश्यकता है। विधायक जनक राज सहित विपक्षी सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया कि संसदीय कार्य स्थगित कर राहत और बचाव कार्यों पर पूरा ध्यान दिया जाए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मुश्किल की घड़ी में मुख्यमंत्री गैर जरूरी काम से बिहार चले गए हैं। उन्होंने चेताया कि ऐसे समय में मुख्यमंत्री को हिमाचल में रहकर रेस्क्यू कार्यों की निगरानी करनी चाहिए थी। जयराम ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के लिए राजनीतिक काम अधिक महत्व रखते हैं, जबकि जनता और उनके जान-माल की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए थी।


सदन में अपना वक्तव्य देते हुए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

**प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के प्रति सरकार पूरी तरह से गंभीर: अग्निहोत्री**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विपक्ष की भावनाओं को सही माना और कहा कि कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि संसदीय कार्य मंत्री और नेता विपक्ष आपस में सत्र को स्थगित करने पर सहमत हों, तो मैं इसे स्थगित करने में कोई आपत्ति नहीं रखूंगा।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की स्थिति को सरकार पूरी गंभीरता से देख रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने बीते दिन सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक की और बुधवार रात एक बजे चंबा-पठानकोट मार्ग खोला गया। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि इस संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक रंग न दिया जाए।

**3000 से ज्यादा लोगों को निकाला सुरक्षित**

**मुकेश** अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि विपक्ष का दावा कि 10,000 लोग फंसे हुए हैं, सही नहीं है। उन्होंने बताया कि 3,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित रूप से बचा लिया गया है और राहत कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले पर पूरी तरह से सक्रिय और गंभीर है।

**राजनीतिक दृष्टि से मामले को झूला रहा विपक्ष**

**जयराम** राजनीतिक दृष्टि से मामले को झूला रहे हैं। इसके बाद विपक्ष के सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे और सत्ता पक्ष के विधायक भी उठ खड़े हुए। सदन में बढ़ती गर्मागर्मी और आपसी नोकझोंक के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने 15 मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। स्थगन के दौरान सदन में सभी सदस्य राहत कार्य की जटिलताओं और प्रशासनिक प्रयासों पर चर्चा करते हुए दिखाई दिए।

### जयराम का आपदा को लेकर तीखा हमला, बोले-

# आपदा से प्रदेश में हाहाकार मगर मुख्यमंत्री सुक्खू गायब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में आपदा की गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क और संचार माध्यम ठप होने के कारण हिमाचल के कई क्षेत्र पूरी दुनिया से कट गए हैं।

सदन में जब इस विषय पर सवाल उठाया गया तो सरकार ने राजनीतिक बयानबाजी के अलावा कोई ठोस जवाब नहीं दिया। भाजपा विधायक दल ने अपनी नाराजगी जताने के लिए वॉकआउट किया। जयराम ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में लोग मदद के लिए भगवान भरोसे छोड़ दिए गए हैं और केंद्र सरकार द्वारा इंटर सर्कल रोमिंग सुविधा लागू करने के बावजूद राज्य सरकार ने पर्याप्त राहत नहीं पहुंचाई।

**सदन की बैठक के बीच मुख्यमंत्री का दूसरे प्रदेश में जाना दुर्भाग्यपूर्ण**

उन्होंने कहा कि कुल्लू, चंबा, कांगड़ा और लाहौल-स्पीति में हजारों लोग सड़के बंद होने के कारण फंसे हुए हैं, और मणिमहेश यात्रा के दौरान भी बड़ी संख्या में लोग असुरक्षित स्थिति में थे। उनका कहना था कि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना और एयरलिफ्ट के जरिए राहत पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन मुख्यमंत्री राजनीतिक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं और प्रदेश के हितों को दरकिनार कर रहे हैं।

**कांग्रेस की झूठी गारंटियों से लोग दुखी**

**नेता** प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि हिमाचल के लोगों के जनादेश की चोरी करके वोट अधिकार यात्रा निकालना असंगत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा सत्र चलने के बावजूद मुख्यमंत्री प्रदेश के बाहर चुनावी प्रचार में व्यस्त हैं, जबकि प्रदेश में विकास, नौकरियों, वेतन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों और आपदा राहत पैकेज के बंटवारे में विफलता के कारण प्रदेश की जनता को दुखी किया जा रहा है।

# अब ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिल वसूलेंगी पंचायतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अब पानी का बिल ग्राम पंचायतें उपभोक्ता शुल्क के रूप में वसूलेंगी। विधानसभा सत्र के दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने जानकारी दी कि पंचायत प्रतिनिधियों से 100 रुपए, एपीएल परिवारों से 50 से 100 रुपए तथा बीपीएल परिवारों से 25 रुपए प्रति माह शुल्क लिया जाएगा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक गतिविधियों पर व्यवसायिक दरें लागू होंगी।

सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार के प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने स्पष्ट किया कि पेयजल योजनाओं का संचालन और रखरखाव अब पंचायतों की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए उपभोक्ता शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग किया जाएगा। ग्रामसभा की बैठक में दरों को अनुमोदित किया जाएगा और जल शक्ति विभाग से परामर्श के बाद मानक संचालन प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। यह कदम 'जल जीवन मिशन' के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

सत्र के दौरान अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। उद्योग मंत्री ने बताया कि प्रदेश में सीमेंट की कीमतों में जनवरी 2023 से जुलाई 2025 तक औसतन 15 रुपये प्रति बैग की वृद्धि हुई है। वहीं, राजस्व मंत्री ने जानकारी दी कि हिमाचल में बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं का अध्ययन करने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास कोई विशेष तंत्र उपलब्ध नहीं है, हालांकि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम ने इस पर अध्ययन किया है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में उठाए मुद्दों व आपदा प्रबंधन से जुड़े निर्णयों को शीघ्र लागू करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रदेश में भारी वर्षा, बादल फटने और फ्लैश फ्लड के कारण हो रहे नुकसान के मद्देनजर उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक में हिमाचल प्रदेश सरकार, लोक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक का उद्देश्य स्पष्ट किया कि सदन में उठाए जा रहे मुद्दों और आपदा प्रबंधन से जुड़े निर्णयों को शीघ्र और प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस प्रमुख अशोक तिवारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कर्नल अजय सिंह बरगोती तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते कुलदीप सिंह पठानिया।

इस दौरान चार लेनिंग परियोजनाओं, भूस्खलन और अवरुद्ध सड़कों की स्थिति पर गहन चर्चा हुई। पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोक निर्माण मंत्री और सचिव के साथ लगातार समन्वय बनाए रखें और समय-समय पर स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने बताया कि मणिमहेश यात्रा में फंसे तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। कुल 3280 तीर्थ यात्री हेलिकॉप्टर और अन्य सुरक्षित मार्गों से निकाले गए। अवरुद्ध मार्गों को बहाल करने का कार्य लगातार जारी है।

बैठक में पठानिया ने मुख्य सचिव को उपमंडल से जिला मुख्यालय और पंचायतों तक जाने वाली सड़कों की बहाली का काम तेजी से करने का निर्देश दिया। पुलिस प्रमुख को जहां स्थिति खराब है, वहां अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात करने को कहा गया। पठानिया ने कहा कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो वह हेलिकॉप्टर से सीधे प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगे। खराब मौसम की स्थिति में वे सड़क मार्ग से चम्बा जाएंगे और जिला प्रशासन को उचित दिशा-निर्देश देंगे। साथ ही, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी सदन में उपस्थित रहेंगे और लोक निर्माण मंत्री को नियमित ब्रिफिंग देंगे, ताकि सदन को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके।

# सीमेंट कंपनियों ने हिमाचल में अढ़ाई साल में सात बार बढ़ाए सीमेंट के दाम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सीमेंट के दामों में सीमेंट कंपनियों ने पिछले अढ़ाई साल में छह-सात बार बढ़ोतरी की है। सुंदरनगर के विधायक राकेश जंबाल के सवाल के लिखित जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान लिखित जवाब में ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अंबुजा और एसीसी कंपनियों ने 1 जनवरी 2023 से 31 जुलाई 2025 तक सात बार और अल्ट्राटेक कंपनी ने छह बार सीमेंट के दाम बढ़ाए हैं। इस अवधि में प्रति बैग सीमेंट के दामों में एक रुपये से 15 रुपये तक की वृद्धि दर्ज की गई। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सीमेंट के दामों का निर्धारण कंपनियां स्वयं करती हैं और यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में सरकार ने कहा कि पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की किसी भी संपत्ति को बेचने या लीज पर देने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**सूबे में आपदा अध्ययन के लिए तंत्र उपलब्ध नहीं**

**लाहौल**-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा के सवाल पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने लिखित जवाब में कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास बादल फटने और बाढ़ जैसी घटनाओं का अध्ययन करने के लिए कोई तंत्र उपलब्ध नहीं है। हालांकि, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा गठित एक केंद्रीय दल ने 24 से 26 जुलाई तक हिमाचल का दौरा किया था, ताकि इन घटनाओं के कारणों की जांच की जा सके। लेकिन इस दल की अंतिम रिपोर्ट अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है।

# विधायक जम्वाल ने विधानसभा में उठाया टोल बैरियर शुल्क वसूली का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर बिलासपुर जिले की सीमाओं पर गरामोड़ा और बलोह में स्थापित टोल बैरियरों पर शुल्क वसूली का मुद्दा विधानसभा में भी जोर-शोर से गूंजा।



बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हजारों लोगों, पर्यटकों, ट्रक व टैक्सी ऑपरेटरों तथा अन्य निजी वाहन मालिकों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि भारी बरसात के कारण फोरलेन की हालत काफी खराब हो गई है। पर्यटकों और अन्य लोगों को न केवल अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में रहती है। इन हालातों में उनसे टोल बैरियरों पर शुल्क लिया जाना तर्कसंगत नहीं है। स्थिति को देखते हुए इन बैरियरों पर टोल शुल्क की वसूली लगभग एक माह के लिए बंद की जानी चाहिए।

जम्वाल ने कहा कि कीरतपुर-मनाली फोरलेन के बिलासपुर जिले के तहत आने वाले हिस्से से हर रोज तीन सीमेंट फैक्टरियों के हजारों ट्रक आते-जाते हैं। इसके साथ ही कुल्लू-मनाली की ओर जाने वाले वाले पर्यटकों, बसों, टैक्सियों और हजारों अन्य निजी वाहनों की आवाजाही भी इसी फोरलेन से होती है। जोरदार बारिश के कारण फोरलेन का यह हिस्सा हालिया दिनों में भूस्खलन से कई बार बाधित हो चुका है। मंडी-भराड़ी, समलेटू, थापना व मैहला समेत कई जगहों पर लैंडस्लाइड होता रहा है। यहां तक कि कई बार फोरलेन के पूरी तरह से बंद होने के कारण ट्रैफिक को चंडीगढ़-मनाली वाया स्वारघाट पुराने नेशनल हाईवे से डायवर्ट करना पड़ा। लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च है। पहाड़ी से गिर रहे मलबे व पत्थरों की चपेट में आने से कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है और जान-माल का खतरा अभी भी लगातार बना हुआ है।

**वैकल्पिक मार्ग से आने-जाने के बावजूद देना पड़ रहा टोल शुल्क**

उन्होंने कहा कि इस फोरलेन पर बिलासपुर जिले की सीमा पर गरामोड़ा और बलोह में टोल बैरियर हैं। फोरलेन बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग से आने-जाने के बावजूद इन बैरियरों पर गाड़ियों को टोल शुल्क देना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले बिलासपुर के उपायुक्त ने फोरलेन की खराब हालत को देखते हुए इन दोनों टोल बैरियरों पर शुल्क की वसूली एक माह के लिए निलंबित करने के आदेश जारी किए थे। हालांकि फोरलेन की हालत में अभी भी अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है, लेकिन एक-दो दिन बाद ही उस अधिसूचना को वापस ले लिया गया। उन्होंने मांग की कि मंडी जिले के टकोली टोल बैरियर की तर्ज पर गरामोड़ा व बलोह टोल प्लाजा पर भी शुल्क वसूली लगभग एक माह के लिए बंद करने की अधिसूचना जारी की जाए, ताकि प्रदेशवासियों, पर्यटकों, ट्रक व टैक्सी ऑपरेटरों तथा निजी वाहन मालिकों समेत सभी वर्गों के लोगों को राहत मिल सके।

## कुपवी स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण दो महीने में पूरा करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुपवी, जिला शिमला के भवन निर्माण को दो माह में पूरा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यदि कार्य पूरा नहीं हुआ तो राज्य सरकार ठेकेदार से अनुबंध समाप्त कर नए ठेकेदार को नियुक्त करे।

सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि ठेकेदार पर 18.06 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया और कोविड-19 के कारण देरी का हवाला दिया गया। कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया और कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा, कोर्ट ने सरकार को पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। ठेकेदार ने कार्य दो माह में पूरा करने का आश्वासन दिया।

### मामला मंडी-कुल्लू में रेव पार्टियों का

# प्रदेश सरकार को जवाब न देने पर हाईकोर्ट ने दिया अतिरिक्त समय

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंडी और कुल्लू जिलों में रेव पार्टियों से संबंधित जनहित याचिका पर राज्य सरकार के जवाब न देने पर नाराजगी व्यक्त की और चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि सरकार के पास इस संबंध में कोई ठोस आंकड़े नहीं हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह पूछा कि कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं, कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया, और आयोजकों की संपत्ति पर क्या कार्रवाई की गई। हिमालयन पर्यावरण संरक्षण सोसायटी ने कोर्ट को बताया कि कसोल, जिभी, मनाली और कुल्लू में पर्यटन के नाम पर बड़े पैमाने पर रेव पार्टियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्रवेश शुल्क 5,000 रुपए से 7 लाख रुपए तक है और ड्रग्स खुलेआम उपलब्ध हैं।

**एमबीबीएस स्टेट कोटे में बाहरी राज्यों के छात्रों के दाखिले पर सुनवाई टली**


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में एमबीबीएस स्टेट कोटे में बाहरी राज्यों से आवश्यक परीक्षाएं पास करने वाले छात्रों के दाखिले से जुड़े मामले की सुनवाई 11 सितंबर तक टाल दी गई। इस मामले में हिमाचली छात्रों और बाहरी राज्यों के छात्रों के बीच विवाद है।प्रदेश सरकार ने बाहरी राज्यों से योग्य छात्रों को स्टेट कोटे में प्रवेश देने से इनकार किया था, जबकि कोर्ट की एकल पीठ ने जुलाई में इन छात्रों को प्रवेश देने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि राज्य कोटा में प्रवेश के लिए केवल यह आधार नहीं लिया जा सकता कि छात्रों ने आवश्यक परीक्षाएं प्रदेश के बाहर पास की हैं।

### हिमाचल विधानसभा सत्र में खुलासा | सरकार ने साफ की अपनी स्थिति, करुणामूलक नियुक्तियां लंबित

# आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने की कोई नीति नहीं

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर उठे सवालों ने सदन में चर्चा का विषय बना दिया। झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल के लिखित प्रश्न का लिखित में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सरकार की ओर से आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी रूप देने के लिए कोई नीति प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों में 31 जुलाई 2025 तक कई पद आउटसोर्स आधार पर भरे गए हैं। इनमें तकनीकी, गैर-तकनीकी और अन्य श्रेणियों के कुल 220 पद शामिल हैं, लेकिन इन कर्मचारियों को नियमित करने के लिए अभी कोई योजना नहीं बनाई गई है।



**बोर्ड और निगमों में खाली पदों की स्थिति पर मुख्यमंत्री ने लिखित में दिया जवाब**

सत्र में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में करुणामूलक नौकरियों के 1,609 लंबित मामलों का भी विवरण प्रस्तुत किया। भाजपा विधायकों जीत राम कटवाल, विपिन सिंह परमार और पवन कुमार काजल के सवालों के जवाब में उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जल शक्ति विभाग में 544, लोक निर्माण विभाग में 264, उच्च शिक्षा विभाग में 172, गृह विभाग में 146 और प्राथमिक शिक्षा विभाग में 89 मामले लंबित रहे। इसी अवधि में कुल 180 नियुक्तियां की गईं, जिनमें सबसे अधिक 108 जल शक्ति विभाग और 48 लोक निर्माण विभाग में हुईं।

**बोर्डों और निगमों में 417 पद किए समाप्त**

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के बोर्डों और निगमों में तीन में कुल 417 पद समाप्त किए गए हैं। नगर निगम शिमला में 52, औद्योगिक विकास निगम में 28 और राज्य विद्युत बोर्ड में 337 पद समाप्त किए गए। प्रदेश में विद्युत बोर्ड के कुल 24,866 स्वीकृत पदों में 10,375 पद फिलहाल खाली हैं।

**विभिन्न विभागों के पदों को लेकर स्थिति की स्पष्ट**

**साथ** ही नाचन के विधायक विनोद कुमार के प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न विभागों में कुल 11,577 मल्टी टास्क वर्कर कार्यरत हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या शिक्षा निदेशालय में 6,745, लोक निर्माण विभाग में 4,831 और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में कार्यरत है, लेकिन इन कर्मचारियों को नियमित करने के लिए कोई एकल नीति अभी तक निर्धारित नहीं की गई है।

# लोकतांत्रिक परंपरा को युवाओं की भागीदारी से मिलेगी मजबूती: कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के नौवें दिन वीरवार को सदन की कार्यवाही देखने पहुंचे राजकीय महाविद्यालय धामी, लोरेटो कन्वेंट स्कूल तारा हॉल और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग के स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भारत की संसदीय प्रणाली संघीय ढांचे पर आधारित है और यह विश्व की सबसे सशक्त लोकतांत्रिक प्रणाली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

**छात्रों को सदन की कार्यवाही देखने का मिला अनुभव**


विधानसभा में छात्रों से संवाद करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया।

पठानिया ने छात्रों से सवाल-जवाब भी किए और उन्हें लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ और विश्वास हमारे भविष्य को सुरक्षित करता है। उन्होंने स्मरण किया कि जब सदन में बाल सत्र आयोजित हुआ था, तो बच्चों ने जिस तरह से लोकतांत्रिक भूमिका निभाई, वह अद्भुत अनुभव था और तभी उन्हें विश्वास हो गया था कि भारत का लोकतंत्र सही हाथों में जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता को संसदीय प्रणाली से जोड़ने के लिए जल्द ही किसान संसद और महिला संसद आयोजित की जाएगी, ताकि लोकतंत्र की बारीकियों को हर वर्ग नजदीक से समझ सके। उन्होंने छात्रों को सदन की कार्यवाही देखने का अनुभव जीवन में यादगार बनाने और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुश्तैनी कब्जों पर कार्रवाई रोकने की मांग

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** तहसील धीरा के तहत प्रदेश किसान सभा जिला महासचिव व हिमाचल किसान सभा भेडू महादेव के इकाई सचिव सतपाल सिंह ने राजस्व मंत्री को पत्र लिखकर किसानों द्वारा किए गए पुश्तैनी कब्जों पर कार्रवाई को रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई को सचिवालय में आश्वासन दिया था कि प्रदेश सरकार जल्द ही उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करेगी। उच्च न्यायालय ने 28 फरवरी 2026 तक का समय दिया है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों को जल्दबाजी न करने के आदेश दिए जाएं। उन्होंने इसकी एक प्रति तहसीलदार के नाम भी भेजी है।

### युवाओं को साइबर फ्रॉड, नशे के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना प्रभारी बैजनाथ यादेश ठाकुर ने युवाओं को साइबर फ्रॉड और नशे की से दूर रहने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष बैजनाथ अतुल चौधरी और उनके साथी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने युवाओं को साइबर अपराध और नशीली दवाओं की लत के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने युवाओं को इन समस्याओं से बचने के लिए जागरूक और सावधान रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जयसिंहपुर अस्पताल में डॉ. सनवीर ने संभाला कार्यभार



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर सनवीर सिंह ने वीरवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले भी उपमंडल हारसी से डॉक्टर सनवीर सिंह यहां अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में लगातार डॉक्टरों की ट्रांसफर होने के बाद डॉक्टर सनवीर सिंह की तैनाती से क्षेत्र की जनता ने राहत सांस ली है। अभी भी कई डॉक्टरों की कमी है। जयसिंहपुर बाजार कमेटी के प्रधान अभिषेक सूद ने कहा कि मंत्री यादविंदर गोमा ने लोगों की दिक्कत को समझते हुए विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती करवाई है।

### पीटीए मीटिंग स्थगित, अब 1 सितंबर को होगी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में 28 अगस्त को आयोजित की गई अध्यापक-अभिभावक संघ (पीटीए) की आम सभा स्थगित कर दी गई। इस सभा की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने की। सभा का मुख्य उद्देश्य नई कार्यकारिणी का गठन करना और छात्र कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करना था, लेकिन पीटीए संविधान के अनुसार आवश्यक कोरम पूरा न होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। प्राचार्य डॉ. सोनी ने बताया कि अब सभा 1 सितंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे होगा।

### कौना गांव में मकान की दीवार क्षतिग्रस्त



**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारी वर्षा के कारण सांबा पंचायत के कौना गांव के बलदेव उर्फ भुट्टू पुत्र स्व. मस्त राम का मकान बुधवार रात को क्षतिग्रस्त हो गया। मकान की पिछली दीवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। दोनों कमरे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सामान भी मलबे में दब गया है। बलदेव की माली हालत ठीक नहीं है। वह मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर-बसर कर रहा है। पंचायत के प्रतिनिधि व पटवारी ने जायजा लिया और लगभग 5 लाख का नुकसान आंका है।

# एपीके फोटो लिंक पर क्लिक कर गंवा दिए 20 हजार रुपए

## मैक्लोडगंज के व्यक्ति को शातिरों ने लगाई चपत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**भले** ही लोग साइबर क्राइम को लेकर जागरूक हो गए हैं, लेकिन साइबर ठग नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना ही लेते हैं।

**व्हाट्सएप पर आया था फोटो लिंक**

इसी तरह एक मामला सामने आया है, जिसमें व्हाट्सऐप पर आए एंड्रोयड पैकेज किट (एपीके) फाइल के माध्यम से आए फोटो लिंक पर क्लिक करते ही एक व्यक्ति बीस हजार रुपए की राशि गंवा बैठा। इस तरह से शातिरों ने पीड़ित को चपत लगाई है। यह घटना मैक्लोडगंज के एक व्यक्ति के साथ घटित हुई। जानकारी के अनुसार, पीड़ित व्यक्ति को करीब 2-3 दिन पहले व्हाट्सएप पर एपीके के माध्यम से फोटो लिंक आया था। व्यक्ति की ओर से इस लिंक पर क्लिक किया गया, जिसके बाद व्यक्ति के साथ ऑनलाइन माध्यम से 20,000 रुपए की ठगी हो गई। बीस हजार रुपए की ठगी का एहसास होते ही पीड़ित ने साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला में शिकायत दर्ज करवाई। इस पर साइबर थाना ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### जागरूक रहने पर ही ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता: एएसपी प्रवीण

**साइबर** थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि एपीके फाइल के माध्यम से ऑनलाइन ठगी से संबंधित काफी शिकायतें साइबर थाना में पहुंच रही हैं। इस बार मैक्लोडगंज निवासी व्यक्ति को एपीके फाइल के माध्यम से शातिरों ने 20000 रुपए की ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया है। इस मामले में साइबर थाना द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जा रही है। आमजन से अपील है कि ऑनलाइन ठगी को लेकर उपयोग हो रहे सभी माध्यमों से जागरूक हों, ताकि हर प्रकार की ऑनलाइन ठगी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कभी भी ऐसा लिंक मोबाइल फोन आता है, तो उस लिंक पर क्लिक न करें।

# भैंस विक्रेता देगा खरीददार को 9 फीसदी ब्याज सहित 51 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भैंस** विक्रेता को खरीददार को गलत आश्वासन देकर भैंस बेचने के चलते खरीददार को नौ फीसदी ब्याज सहित 51000 रुपए की राशि लौटानी होगी। यही नहीं विक्रेता द्वारा खरीददार उपभोक्ता को मानसिक पीड़ा के तहत 5000 रुपए मुआवजा व 7500 रुपए बाद व्यय का भी भुगतान करना होगा। यह फैसला जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती व नारायण ठाकुर की अदालत ने सुनाया है।

**जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला**

आयोग में दर्ज शिकायत के तहत शिकायतकर्ता भैंस खरीददार ने बताया था कि उन्होंने अक्तूबर 2024 में उपरोक्त भैंस विक्रेता से 51,000 रुपए में भैंस खरीदी थी। खरीददारी के समय विक्रेता और उसके सहयोगी ने यह आश्वासन दिया था कि भैंस उच्च नस्ल की है और सुबह-शाम 5-5 लीटर यानी कुल 10 लीटर दूध देगी, लेकिन खरीददारी के बाद घर ले जाने पर भैंस ने वादा किए अनुसार दूध नहीं दिया। इस बारे में खरीददार ने बार-बार विक्रेताओं से संपर्क कर भैंस वापस लेने और राशि लौटाने की मांग की, लेकिन उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला। इसके बाद उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग के समक्ष भैंस बेचने के समय मौजूद सहयोगी ने बताया कि वह सिर्फ जान-पहचान के नाते मौजूद थे और लेन-देन सीधे विक्रेता व खरीददार के बीच हुआ है, इसलिए उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, जबकि भैंस विक्रेता आयोग के समक्ष पेश ही नहीं हुआ। आयोग ने पाया कि सबूतों से स्पष्ट है कि भैंस 51,000 रुपए में बेची गई और दूध उत्पादन को लेकर झूठा आश्वासन दिया गया, जो उपभोक्ता खरीददार के साथ स्पष्ट धोखाधड़ी और सेवा में कमी है। साथ ही आयोग ने स्पष्ट किया कि गलत आश्वासन देकर वस्तु बेचना न केवल अनुचित व्यापार व्यवहार है, बल्कि उपभोक्ता को आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाना भी है। इस सब को आधार मानते हुए आयोग ने उपरोक्त फैसला सुनाया। वहीं, आदेश जारी किया कि भैंस खरीददार को सारी राशि लौटाने के बाद विक्रेता भैंस को वापस लेने के लिए स्वतंत्र होंगे।

# नगरोटा बगवां इंजीनियरिंग कॉलेज में नए सत्र का आगाज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**नगरोटा** बगवां स्थित राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रधानाचार्य एवं निदेशक प्रोफेसर डॉ. दीपक बंसल ने पूरे स्टाफ और नए छात्रों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संबोधन में कॉलेज की उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह संस्थान युवाओं के लिए अवसरों का द्वार है, जहां अनुशासन, कठोर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और नियमितता के बल पर हर छात्र अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्थान छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास करता रहेगा। इसके साथ नए छात्रों के लिए 10 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम की भी शुरुआत की गई। इस प्रोग्राम में छात्रों को कॉलेज की सुविधाओं, पाठ्यक्रम, विभिन्न गतिविधियों और करियर मार्गदर्शन से अवगत कराया जाएगा। विशेषज्ञ व्याख्यानों के माध्यम से उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

**प्रधानाचार्य एवं निदेशक ने स्टूडेंट्स को दी बधाई**

जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार कॉलेज में वर्तमान में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिग्री कोर्स की कुल 380 सीटें तथा आर्किटेक्चर की 30 सीटें निर्धारित हैं। प्रथम बैच में करीब 330 छात्रों ने दाखिला लिया है, जबकि प्रवेश प्रक्रिया अभी भी जारी है।

### लोगों की सहायता के लिए हेलिकॉप्टर की हो व्यवस्था: मुल्खराज

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि प्रदेश सरकार बड़ा भंगाल क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सहायता के लिए हेलिकॉप्टर सेवा द्वारा राहत सामग्री की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बड़ा भंगाल क्षेत्र में आपदा के कहर से सब कुछ तहस-नहस हो गया है।

उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में भी आपदा के समय भारी नुकसान उस क्षेत्र में हुआ था, जिसके लिए उन्होंने बड़ा भंगाल क्षेत्र की लोगों की सहायता के लिए स्वयं दुर्गम क्षेत्र का दौरा कर लगभग 80 हेलिकॉप्टर उड़ानों द्वारा राशन पहुंचाया था। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि स्वास्थ्य सेवाएं, जो बाधित हो गई हैं, उन्हें बहाल किया जाए। बड़ा भंगाल क्षेत्र में बाढ़ में पुल व रास्ते बह गए हैं, जिस कारण आवागमन बाधित है।

# कांगड़ा जिला कर रहा टीबी मुक्त भारत अभियान में सर्वश्रेष्ठ कार्य: सीएमओ

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति, चुनौतियों पर चर्चा की गई।

**कांगड़ा** जिला एकजुट होकर टीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग कांगड़ा ने वीरवार को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसमें राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ कांगड़ा डॉ. अनुराधा शर्मा ने कहा कि जन भागीदारी इस अभियान का सबसे मजबूत स्तंभ है। पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल के बच्चे, स्वयंसेवी संस्थाएं, एनजीओ और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से टीबी जागरूकता लगातार बढ़ रही है। इसी कारण अधिक से अधिक लोग स्क्रीनिंग और जांच के लिए आगे आ रहे हैं। इस दौरान डॉ. निकेत सातापारा, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट, कांगड़ा जोन ने कहा कि जिला टीबी मुक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। फिर भी हमें टीबी कार्यक्रम गतिविधियों को और तेज करना होगा। तभी हम टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।

इस दौरान डॉ. तिलक भाखड़ा, एमएस सीएच पालमपुर फिक्स्ड एक्स-रे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, डॉ. ऋचा मेहरोत्रा, बीएमओ फतेहपुर निक्षय शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सुनीता, आशा फैसिलिटेटर निक्षय शिविर में सर्वश्रेष्ठ मोबिलाइजेशन, अंतरिक्ष डोगरा निक्षय शिविर में उत्कृष्ट योगदान, डॉ. अनुपमा सिंह, बीएमओ गोपालपुर निक्षय शिविर में विशेष कार्य, डॉ. नवीन राणा, बीएमओ भवारना निक्षय शिविर में विशेष कार्य, डॉ. दिलवर सिंह, बीएमओ नूरपुर निक्षय शिविर में विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सीएमओ ने कहा कि कांगड़ा जिला एक्स-रे स्क्रीनिंग, टीबी चैंपियंस और निक्षय मित्र जैसी पहलों में बेहद अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।



## अनंत पर्यटन

# हिमाचल में पर्यटन कारोबार डगमगाया

- नदियों का उफान डरा रहा, टूटते पहाड़ जानें लील रहे, यात्रियों की बुकिंग रद
- होटल ऑक्यूपेंसी में गिरावट, कारोबारियों पर पड़ी तगड़ी मार

**बरसात** का मौसम पहाड़ों पर सदियों से जीवन और सौंदर्य दोनों का आधार रहा है। नदियों का कलकल करती बहना, धुंध में लिपटी घाटियां और पाइन की खुशबू हिमाचल का यही आकर्षण हर साल लाखों सैलानियों को खींच लाता है। लेकिन इस बार बरसात, जो जीवनदायिनी मानी जाती है, लेकिन इस बार आपदा का पर्याय बन गई।

भारी बारिश से सड़कें टूट गई हैं, जिससे लोगों के सपने अधूरे रह गए। पर्यटन की वह छवि, जो हर सीजन में नई उमंग जगाती थी, अब डर और असमंजस से ढकी पड़ी है। इस मानसून में हिमाचल प्रदेश पर प्रकृति ने गहरा प्रहार किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगस्त में औसत से 554 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। चंबा और कुल्लू जैसे जिलों में हालात इतने बिगड़े कि धार्मिक महत्व की मणिमहेश यात्रा स्थगित करनी पड़ी। जगह-जगह भूस्खलन हुआ और कई यात्री रास्तों में फंस गए। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि अब तक 155 लोगों की जान जा चुकी है और 37 लापता हैं। 582 सड़कें बाधित हैं, जिनमें 484 पूरी तरह बंद हैं और दो राष्ट्रीय राजमार्ग भी ठप पड़े हैं। इस आपदा से अब तक 2,623 करोड़ रुपए की क्षति का आकलन किया गया है।



फाइल फोटो

**सरकार की नई नीति पर सवाल पर्यावरणीय चेतावनी की अनदेखी बनी आफत**

### बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं बड़ी चेतावनी

**सुप्रीम** कोर्ट ने भी हाल ही में सख्त टिप्पणी करते हुए चेतावनी दी है कि यदि हिमाचल में अनियंत्रित निर्माण और बेकाबू पर्यटन जारी रहा तो यह प्रदेश 'नक्शे से गायब' हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं हिमालय की चेतावनी हैं, जिन्हें अनसुना करना भविष्य के लिए विनाशकारी होगा। स्पष्ट है कि मानसून ने हिमाचल के पर्यटन को गहरे संकट में डाल दिया है। यात्राओं के सपने अधूरे हैं, कारोबार ठप पड़ा है और राज्य की अर्थव्यवस्था चोटिल है। नई नीति उम्मीद जगाती है, लेकिन असली सवाल यही है, क्या हिमाचल अब भी प्रकृति के साथ संतुलन साधकर अपनी पर्यटन पहचान बचा पाएगा या हर साल बरसात उसे इसी तरह लीलती रहेगी?

### पर्यटन उद्योग प्रभावित

**पर्यटन** उद्योग इस झटके से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जुलाई की शुरुआत में होटल ऑक्यूपेंसी 29 प्रतिशत थी, लेकिन बरसात के चरम तक पहुंचते-पहुंचते यह घटकर 21 प्रतिशत रह गई। होटल मालिक बताते हैं कि बुकिंग होने के बावजूद बड़ी संख्या में यात्री यात्रा से पीछे हट रहे हैं। शिमला होटल संघ के पदाधिकारी ने कहा कि खाली पड़े कमरे हमारे लिए घाटे की घंटी बन गए हैं। लोग डरकर न आ रहे हैं और जो आ भी रहे हैं, वे सुरक्षित समझी जाने वाली जगहों तक ही सीमित हो गए हैं। सिर्फ होटल ही नहीं, बल्कि टैक्सी ऑपरेटर, गाइड और छोटे दुकानदार भी संकट झेल रहे हैं। कुल्लू के एक टैक्सी चालक ने बताया कि पहले सीजन में रोज छह-सात बुकिंग हो जाती थीं, अब दो दिन में एक ग्राहक मिलना भी मुश्किल हो गया है। धर्मशाला, कुल्लू-मनाली और शिमला जैसे पारंपरिक पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की संख्या घटी है, जबकि स्पीति और किन्नौर जैसे इलाकों में हालात और गंभीर हैं, क्योंकि वहां तक पहुंचने वाली सड़कें ध्वस्त हो चुकी हैं। सरकार ने इस बीच नई हिमाचल प्रदेश पर्यटन नीति 2025 लागू की है। इसमें पर्यावरण-अनुकूल होटल, ग्रीन सर्टिफिकेशन, डिजिटल परमिट प्रणाली और सीमित पर्यटक संख्या का प्रावधान है। नीति का उद्देश्य है कि पर्यटन से आय बढ़े, लेकिन पहाड़ का संतुलन भी बना रहे। हालांकि पर्यावरणविद इसे पर्याप्त नहीं मानते। उनका कहना है कि 'जब तक चौड़ी सड़कों, अंधाधुंध निर्माण और हाइड्रो प्रोजेक्ट्स पर रोक नहीं लगेगी, तब तक किसी भी नीति का असर सीमित ही रहेगा।'

विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।

# पर्यटन से रोजगार की नई राह

**बिलासपुर** अब विकास की नई पहचान गढ़ने जा रहा है। पर्यटन से लेकर शिक्षा, हरित ऊर्जा से लेकर रोजगार तक कई सौगातें जिले की सूरत और युवाओं का भविष्य बदलने को तैयार हैं। आने वाले समय में बिलासपुर प्रदेश के लिए प्रगति का मॉडल बन सकता है। बिलासपुर जिला अब केवल पहाड़ी सौंदर्य और गोबिंदसागर झील तक ही सीमित नहीं रहा। हाल ही में शुरू हुई विकासपरक परियोजनाएं यहां के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को नई पहचान दे रही हैं। कोल डैम और गोबिंदसागर झील में एडवेंचर टूरिज्म और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार का बड़ा अवसर मिलेगा। नौकायन, बोटिंग, स्कूटर राइड और पैरासेलिंग जैसी गतिविधियां न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेंगी, बल्कि आसपास के होटलों, रेस्तरां और परिवहन कारोबार को भी नया विस्तार देंगी। अनुमान है कि अगले दो वर्षों में पर्यटन आधारित रोजगार में कई गुना वृद्धि होगी।

विशेष रिपोर्टः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर



**पर्यटन :** 2 झीलों में एडवेंचर टूरिज्म से रोजगार के अवसर

**ऊर्जा :** 110 किलोवॉट रूफटॉप सोलर प्लांट, हरित पहल का आगाज

**रोजगार :** 4.5 करोड़ रुपए की लागत से तैयार लिवलीहुड सेंटर


**शिक्षा :** 4 स्पेस लैब्स बच्चों को विज्ञान और टेक्नोलॉजी से जोड़ेंगी

### हरित ऊर्जा का मॉडल बना बिलासपुर

**डिप्टी** कमिश्नर कार्यालय में स्थापित 110 किलोवॉट का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट अब बिलासपुर को हरी ऊर्जा के क्षेत्र में एक 'मॉडल जिला' बनाने की दिशा में पहला कदम है। इससे सरकारी दफ्तरों की बिजली खपत घटेगी और पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि भविष्य में यह पहल घर-घर तक पहुंचेगी और बिजली बिलों पर राहत भी मिलेगी। वहीं, लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से तैयार सिटी लिवलीहुड सेंटर स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के नए द्वार खोलेगा।

# धरातल पर नहीं उतर पाया चाय पर्यटन

- बागान मालिक अपने स्तर पर कर रहे प्रयास
- धर्मशाला में चाय बागान के बीच बनेगा आउटलेट



फाइल फोटो

**कांगड़ा** चाय को पर्यटन से जोड़कर बढ़ावा देने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन यह दावे धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। हालांकि, सरकारें चाय पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कहती आई हैं, लेकिन इस दिशा में प्रयास नहीं हो पाए हैं। हां यह बात अलग है कि चाय बागान मालिक अपने स्तर पर चाय पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद में जुटे हैं। इसी कड़ी में जहां पालमपुर चाय बागान मालिक ने बागान के बीच खाली जगह पर हटस निर्मित किए हैं, जहां पर्यटक आकर ठहरते हैं। वहीं, धर्मशाला चाय उद्योग प्रबंधन भी बागानों के बीच आउटलेट स्थापित करने की बात कह रहा है। गौरतलब है कि धर्मशाला चाय उद्योग में उलोंग, ग्रीन टी, ब्लैक टी, केसर टी, हर्बल चाय सहित स्मोक टी तैयार की जाती है। स्मोक टी का फ्रांस सबसे बड़ा खरीददार है।

### चाय टेस्टिंग रूम बनाया

**धर्मशाला** चाय उद्योग में चाय टेस्टिंग रूम बनाया गया है, जहां पर्यटक आकर उद्योग में निर्मित विभिन्न प्रकार की चाय को टेस्ट करते हैं। चाय का रिटेल आउटलेट स्थापित किया है, जहां ग्राहकों को छूट के साथ चाय बेची जाती है। यही नहीं ग्राहकों को कांगड़ा चाय कैसे बनती है और इसके गुण क्या हैं, इसकी भी जानकारी दी जाती है।

### चाय के बारे में जानने की जिज्ञासा

**चाय** उद्योग में चाय कैसे तैयार होती है, इसकी जानकारी लेने भी कई पर्यटक धर्मशाला चाय उद्योग में पहुंचते हैं। चाय को तैयार करने से लेकर पैकिंग तक की जानकारी पर्यटक यहां पर हासिल करते हैं। यही नहीं जानकारी हासिल करने के साथ खरीदकर भी पर्यटक ले जाते हैं।

### बागानों के बीच होगा आउटलेट

**धर्मशाला** चाय उद्योग प्रबंधन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि चाय बागान के बीच आउटलेट बनाया जाए, जिससे कि हरे-भरे चाय बागानों के बीच पर्यटक चाय खरीदने आएं और चाय पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।



**चाय** पर्यटन की बात तो कही जाती है, लेकिन धरातल में इस दिशा में पहल नहीं हो पाई है। सरकार की ओर से चाय पर्यटन को लेकर चाय उत्पादकों को अभी तक कोई सहयोग नहीं मिला है। चाय बागान मालिक अपने स्तर पर चाय पर्यटन को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं। पालमपुर में एक चाय बागान मालिक ने अपने स्तर पर चाय बागान के बीच खाली जगह में हटस निर्मित किए हैं। जहां लोग आकर ठहरते हैं और हरियाली का आनंद लेते हैं। धर्मशाला में भी चाय बागानों के बीच आउटलेट स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे।

-देवेंद्र पठानिया, महाप्रबंधक, धर्मशाला चाय उद्योग

### यूरोपीय संघ की जीआई मान्यता का नहीं मिल रहा लाभ

**कांगड़ा** चाय को वर्ष 2023 में यूरोपीय संघ ने जीआई मान्यता प्रदान की है, लेकिन जिला के चाय उत्पादकों को इसका लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। हालांकि यूरोपीय संघ से जीआई मान्यता मिलने के दौरान उत्पादकों को विदेशों में चाय की डिमांड बढ़ने व अच्छे दाम मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन करीब दो साल का समय बीतने के बावजूद ऐसा कुछ नहीं हो पाया है। चाय उत्पादकों का कहना है कि विदेशों में चाय भेजने के लिए उनके द्वारा अपने स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

विशेष रिपोर्टः राजेश कुमार, धर्मशाला।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण कल्याण बोर्ड में देहरा विधानसभा से तीन व्यक्तियों को सदस्य बनाया गया है। देहरा की बंगोली पंचायत से इंद्र शर्मा, बिलासपुर से रिटायर्ड नायब तहसीलदार सुशील शर्मा और नलेटी से दीपक शर्मा को ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। नियुक्ति के लिए तीनों सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया हैं। इंद्र शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा।

### नैहरनपुखर में गणपति बप्पा मोरया की गूंज

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** भगवान गणेश के आगमन से पूरा नैहरनपुखर भक्तिरस में डूब गया है। बीडीसी रंजना धीमान के घर स्थापित गणपति बप्पा के दर्शन के लिए दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही वातावरण गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंज उठा। बीडीसी रंजना धीमान ने बताया कि यह दिव्य आयोजन लगातार पांच दिन तक चलेगा और रविवार को विधिवत समापन होगा। प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।

### रीजनल सेंटर में रैबीज जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में वीरवार को रैबीज जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र निदेशक प्रोफेसर डॉ. कुलदीप अत्री ने कहा कि रैबीज एक घातक है, लेकिन रोका जा सकता है। समाज में इसके प्रति जागरूकता होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों, संकाय सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय से आग्रह किया कि वे टीकाकरण और सतर्कता, जागरुकता से रैबीज जैसी समस्या को जड़ से समाप्त करने में योगदान दें। विधि अध्ययन विभाग के प्राचार्य डॉ. डीपी वर्मा ने कहा कि पशु एवं मानव के बीच सहअस्तित्व की भावना को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस इस अवसर पर निदेशक प्रतिभा, सोशल मीडिया एडवाइजर श्वेता, साहिल एवं कम्युनिटी एंगेजमेंट मैनेजर हिमानी नेगी का विशेष सहयोग रहा।

### जयसिंहपुर में स्टूडेंट्स को दी एआई की जानकारी

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर के कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बीसीए और पीजीडीसीए के विद्यार्थियों के लिए करियर अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी नामक प्रतिष्ठित एड-टेक कंपनी के काउंसलर्स गौरव और अदिति मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एआई टूल्स का भविष्य और पायथन, जावा आदि प्रोग्रामिंग भाषाओं के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने विद्यार्थियों के उत्साह और नए ज्ञान को सीखने की अभिरुचि की सराहना की।

### विधायक कमलेश ने बदली ढलियारा की किस्मत

**अनंत ज्ञान, गरली।** दयाल नैहरनपुखर पंचायत प्रधान ममता देवी ने कहा कि लंबे समय तक उपेक्षा का शिकार रहा ढलियारा उप क्षेत्र आज विकास की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश ठाकुर की दूरदर्शिता, समर्पण और सक्रिय नेतृत्व का परिणाम है, जिनके अल्प कार्यकाल में ही ढलियारा उन क्षेत्रों की सूची में शामिल हो गया है, जहां विकास को अब महसूस किया जा सकता है। राजीव गांधी पंचायतीराज के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील चौहान ने कहा कि अब मूलभूत सुविधाएं अब कागजों से निकलकर धरातल पर आकार ले रही हैं। ढलियारा के लिए पुलिस विभाग की स्थायी व्यवस्था के लिए भूमि चयन प्रक्रिया भी प्रगति पर है, जिससे कानून-व्यवस्था की मजबूती में मदद मिलेगी।

### गुम्मर में सड़क हादसे में युवक घायल, टांडा रेफर

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** ज्वालामुखी उपमंडल के गुम्मर गांव में वीरवार सुबह सड़क हादसे में युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार सुमित पुत्र सुरेश कुमार निवासी करियाड़ा नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे बनी पुली से 40 फुट नीचे जा गिरा। पंचायत प्रधान की मदद से स्थानीय लोगों ने घायल को बाहर निकाला और ज्वालामुखी अस्पताल पहुंचाया, जहां से टांडा रेफर किया गया।

# दुर्गम बड़ा भंगाल में हेली ड्रापिंग की तैयारी


## संपर्क के लिए भेजा सेटेलाइट फोन; पहले पहुंचाया 25 क्विंटल राशन, 188 क्विंटल ट्रांजिट में

**बड़ा भंगाल में साढ़े चार सौ ग्रामीण और भेड़पालक**

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में बादल फटने से हुए नुकसान के बाद आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की कवायद में जिला प्रशासन जुट गया है। इसके चलते बड़ा भंगाल में हेली ड्रापिंग से आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। दुर्गम बड़ा भंगाल में सबसे आसान रास्ता हेलिकॉप्टर से सप्लाई पहुंचाने का है, जिस पर जिला प्रशासन कार्य कर रहा है।

कनेक्टिविटी की समस्या के चलते जिला प्रशासन ने सेटेलाइट फोन भी बड़ा भंगाल भेजा है, जिससे कि संपर्क करके वास्तु स्थिति की जानकारी के लिए संपर्क किया जा सके। बड़ा भंगाल में 25 क्विंटल राशन पहले ही पहुंचाया जा चुका है, जबकि 188 क्विंटल राशन ट्रांजिट में है। ग्रामीणों व घुमंतू भेड़पालकों सहित करीब साढ़े चार सौ लोग अभी बड़ा भंगाल है, जिनके लिए राशन, दवाइयों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने में जिला प्रशासन जुटा है। गौरतलब है कि मंगलवार शाम को बड़ा भंगाल में बादल फटने की घटना घटित हुई थी। इसकी जानकारी बुधवार सुबह पंचायत सचिव के जरिए प्रशासन तक पहुंची थी, तभी से जिला प्रशासन पंचायत प्रधान से लगातार संपर्क में है और हर स्थिति की जानकारी प्राप्त कर रहा है। बादल फटने से पंचायत घर, राशन डिपो (जिसमें 60 क्विंटल राशन रखा था), सरकारी स्कूल, आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी और रावी नदी पर बन रहा पुल पूरी तरह से बह गया है।



फाइल फोटो।



> बड़ा भंगाल में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई हेली ड्रापिंग के माध्यम से करने के लिए जिला प्रशासन ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है। जैसे ही मौसम ठीक हो जाएगा, बड़ा भंगाल में आवश्यक वस्तुओं की हेली ड्रापिंग करवाई जाएगी। बड़ा भंगाल के लिए के लिए सबसे बड़ी समस्या कनेक्टिविटी की है। कनेक्टिविटी के लिए जिला प्रशासन की ओर से सेटेलाइट फोन आईसेट को बड़ा भंगाल भेजा जा रहा है। वहां संपर्क का कोई साधन नहीं है, जब सेटेलाइट फोन वहां पहुंच जाएगा, तो संपर्क करना आसान होगा।
>
> **-शिल्पी बेक्टा, एडीएम जिला कांगड़ा।**

# एसडीओ और जेई पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

**कांगडा** जिले के विद्युत बोर्ड मंडल फतेहपुर के अधीन पड़ते उपमंडल रे के सहायक अभियंता (एसडीओ) गुरनाम सिंह और कनिष्ठ अभियंता (जेई) शाम शर्मा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक पंचायत प्रधान का बेटा भी शामिल है। यह घटना 26 अगस्त की रात करीब 8:15 बजे की है। बताया जा रहा है कि एसडीओ गुरनाम सिंह और जेई शाम शर्मा ड्यूटी पूरी कर अपनी कार से घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्हें फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को पंचायत प्रधान का बेटा बताते हुए बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत की और गाली-गलौज करने लगा। कुछ देर बाद फतेहपुर रोड सिहोली के पास एक बोलेरो गाड़ी रुकी, जिसमें से यतिन, साहिल और दो अन्य युवक उतरे। यतिन के हाथ में डंडा था। आरोप है कि इन युवकों ने एसडीओ और जेई पर हमला कर दिया। हमले में जेई शाम शर्मा के सिर पर चोट लगी, जबकि एसडीओ गुरनाम सिंह के हाथ में गंभीर चोट आई। हमलावरों ने अधिकारियों की कार का शीशा भी तोड़ दिया। घटना की शिकायत जेई पंकज पठानिया ने पुलिस थाना फतेहपुर में दर्ज करवाई थी। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है और पीड़ित अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

**आरोपियों में एक पंचायत प्रधान का बेटा भी शामिल**

# डीसी ने लिया मैक्लोडगंज, धर्मकोट में नुकसान का जायजा

## राहत तथा पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश, प्रभावितों को रिलीफ कैंप में रखा



नुकसान का जायजा लेने के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते डीसी हेमराज बैरवा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**डीसी** हेमराज बैरवा ने धर्मशाला के कालापुल, धर्मकोट तथा मैक्लोडगंज में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

डीसी ने कहा कि राहत तथा पुनर्वास के कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं तथा सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों को तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम जनमानस को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग तथा जल शक्ति विभाग के अधिकारी बाधित सड़कों तथा पेयजल योजनाओं की बहाली के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। डीसी ने कहा कि कांगड़ा जिले में 28 अगस्त तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 63 संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं। करीब 153 के करीब छोटी-बड़ी पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। इन योजनाओं की मरम्मत का कार्य तेज गति से चल रहा है। उपायुक्त ने कहा कि इंदौरा उपमंडल में भी बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील गांवों को खाली करवाया गया है और प्रभावित लोगों को रिलीफ कैंप में रखा गया है। इसके साथ ही एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। पौंग डैम में जलस्तर की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन बीबीएमबी प्रबंधन के साथ सीधे संपर्क में है।

# गरली पंचायत के वार्ड-5 में गोशाला ढही, तीन लाख रुपए का नुकसान

सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान

**गरली।** बारिश ने ग्रामीण इलाकों में भारी तबाही मचाई है। गरली पंचायत के वार्ड नंबर 5 में रहने वाली चंचला देवी पत्नी स्व. अजय कुमार की गोशाला बुधवार रात को ढह गई। बारिश से दीवार का बड़ा हिस्सा गिरने से गोशाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

वहीं, अंदर बंधी भैंस व उसका बच्चा मलबे से दबने से बच गए। गोशाला के क्षतिग्रसत होने से करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान शशिलता ने नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि चंचला देवी का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। प्रधान ने आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर से हरसंभव मदद की जाएगी और मामला उच्च अधिकारियों के ध्यान में भी लाया जाएगा।



### एसडीओ, जेई पर हमले के विरोध में एसपी को ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** बिजली बोर्ड के एसडीओ व जेई पर हुए हमले का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपने अधिकारियों पर हुए हमले पर बिजली बोर्ड के कर्मचारियों में गुस्सा है। वीरवार को बिजली बोर्ड कर्मियों ने एसपी नूरपुर को ज्ञापन सौंपा। हालांकि, पुलिस ने एसडीओ व जेई पर हमले के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन बिजली बोर्ड कर्मियों का कहना है कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

# तीन रिवॉल्वर, कारतूस और नशीले पदार्थ के साथ तीन युवक गिरफ्तार

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** पठानकोट जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने और नशा तस्करी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन देसी रिवॉल्वर, कारतूस और नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।

एसपी मनोज ठाकुर ने बताया कि पहला मामला थाना शाहपुरकंडी में दर्ज किया गया, जहां आरोपी अक्षय कुमार के घर दबिश में एक देसी पिस्टल और मैगजीन मिली। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह इसे बेचकर नशा खरीदने वाला था। पुलिस ने उससे 15.3 ग्राम चिट्टा भी बरामद किया है। दूसरे मामले में थाना डिवीजन नंबर-2 के तहत पुलिस ने दलप्रीत सिंह उर्फ बग्गा को नवां पुल के पास गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 32 बोर की देसी पिस्टल, दो मैगजीन और आठ जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने चार अन्य को भी नामजद किया और दो देसी पिस्टल, 12 कारतूस, तीन मैगजीन और 90 ग्राम अफीम बरामद की गई। फरार आरोपितों की तलाश जारी है।

### धर्मशाला में टैक्सी ऑपरेटरों ने सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला-मैक्लोडगंज के समस्त टैक्सी ऑपरेटरों ने नगर निगम धर्मशाला को मांग पत्र सौंपा है। टैक्सी ऑपरेटर मैक्लोडगंज, धर्मशाला यूनियन, एक्स सर्विसमैन टैक्सी यूनियन व हनुमान मंदिर कचहरी टैक्सी यूनियन ने संयुक्त रूप से मासिक पार्किंग शुल्क का विरोध किया है। ज्ञापन में कहा कि पहले से ही सरकार की ओर से विभिन्न टैक्स की वसूली टैक्सी चालकों से की जा रही है। अब एमसी धर्मशाला की ओर से मासिक पार्किंग शुल्क वसूलने की बात कही जा रही है, जो सरासर अन्याय है। रोड टैक्स, ग्रीन टैक्स व अब जीपीएस टैक्स का भी भुगतान कर रहे हैं। धर्मशाला में पहले से ही आपदा व पर्यटन सीजन के अलावा अन्य समय में नाम मात्र का ही काम रह गया है। सभी टैक्सी ऑपरेटर मुश्किल हालातों में ही अपना स्वरोजगार चला पा रहे हैं। ऐसे में अब इस तरह का कोई शुल्क लगता है, तो वह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आयुक्त जफर इकबाल को ज्ञापन सौंपते हुए इस निर्णय को वापस लेने की मांग उठाई है।

## परागपुर तहसील में स्टाफ की भारी कमी

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर तहसील कार्यालय में बीते चार महीने से स्टाफ की भारी कमी के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि करीब चार क्लर्क के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। ऐसे में यहां आने वाले लोगों के काम समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। हालात यह हैं कि छोटे-छोटे कामों के लिए भी ग्रामीणों को कई-कई चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने अब प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए, जिससे कामकाज सुचारु रूप से चल सके। स्थानीय दुकानदार शेर सिंह ने कहा कि स्टाफ की कमी की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छोटे-मोटे काम भी लटके रहते हैं। शिव कुमार सेठी ने कहा कि पिछले तीन-चार महीने से क्लर्क और स्टाफ यहां नहीं है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अपील की है कि इस समस्या का समाधान किया जाए।

# केंद्रीय विवि में संस्कृत सप्ताह पर यज्ञ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य पर धौलाधार परिसर-1 में यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बंसल ने संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं दीं।



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य पर धौलाधार परिसर-1 में यज्ञ का आयोजन किया गया।

उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रशंसा की एवं साप्ताहिक यज्ञ संस्कृत विभाग के छात्रों की ओर से आयोजित करने का आदेश दिया। उन्होंने विभागीय स्तर पर विद्यार्थियों में इस प्रकार के कौशल विकास के लिए निर्देश दिए, ताकि यह विद्यार्थी शास्त्री स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं को उत्तीर्ण करने के बाद समाज में कर्मकांड विषयक प्रामाणिक विद्वान बन सकें। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो योगेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित आचार्यों का धन्यवाद व्यक्त किया। विभागीय यज्ञ समिति की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। यज्ञ का संयोजन डॉ. रणजीत कुमार ने किया। डॉ. ना. वैति सुब्रह्मण्यन और डॉ. नरेंद्र कुमार पांडे सह संयोजक रहे।

### कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न की रूपरेखा व स्तर पर प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में चल रही 6 दिवसीय कार्यशाला के तहत अब तक महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 25 अगस्त से 27 अगस्त तक कार्यशाला के पहले चरण में होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड तैयार किया गया। यह प्रगति पत्र विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन में सहायक सिद्ध होगा। वीरवार से कार्यशाला के दूसरे चरण की शुरुआत की गई है, जो 30 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्न की रूपरेखा व स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें प्रदेश के लगभग 220 प्रवक्ता और अध्यापक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को प्रश्न पत्रों की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों की पठन-पाठन शैली में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलेगी। शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक एवं प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली को अपनाना है।

# जिले में स्कूलों को बरसात से ₹60 लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**जिला** कांगड़ा प्रारंभिक शिक्षा विभाग के तहत आने वाले प्राइमरी, मिडल हाई स्कूलों में बरसात में 60 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं जिले के दो स्कूल बैजनाथ ब्लॉक के तहत बड़ा भंगाल में प्राइमरी व हाई स्कूल बह गए हैं। अब अन्य स्थान पर कक्षाओं को लगाए जाने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही सुधेड़ प्राइमरी स्कूल में भी धंस रही जमीन से खतरे को देखते हुए एक निजी खाली सुरक्षित मकान में कक्षाएं चलाने की व्यवस्था की गई है। जिले में अब तक 30 से अधिक स्कूलों में बरसात से 60 लाख रुपए तक का नुकसान हो चुका है। इसमें बरसात से दर्जनों डंगें, चारदीवारी, मैदान गिरने व स्कूलों में पानी आने के मामले सामने आए हैं।

उधर, प्रारंभिक शिक्षा विभाग कांगड़ा के उपनिदेशक अजय सिंह सम्बयाल ने बताया कि स्कूलों में बरसात से 60 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इसकी रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार व डीडीएमए कांगड़ा को भी भेजी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के दो स्कूलों बड़ा भंगाल के बह जाने से अन्य भवन में कक्षाएं चलाने को कहा गया है।

### धर्मशाला की नड्डी भटेहड़ योजना बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के तहत जल शक्ति विभाग की शहर की तीनों ही मुख्य पेयजल योजनाएं बारिश से प्रभावित हुई हैं। इसमें पिछले दो दिनों से दिन-रात कार्य करने के बाद जल शक्ति विभाग ने नड्डी-भटेहड़ खड्ड योजना को बहाल कर दिया है, जिससे शहर में पानी की चल रही समस्या से कुछ हद तक निजात मिल पाएगी। वहीं, दो अन्य पेयजल योजनाओं गजेहू खड्ड व भागसूनाग-चरान खड्ड को दुरुस्त करने के प्रयास चल रहे हैं। इसके अलावा खड़ा डंडा रोड व भागसूनाग सड़क व भूस्खलन से बही पेयजल पाइपों को भी दुरुस्त करने का कार्य जारी है। उधर, इस बारे में जल शक्ति विभाग धर्मशाला के एसडीओ पंकज चौधरी ने बताया कि नड्डी भटेहड़ पेयजल स्कीम को सुचारु कर दिया गया है, अन्य पर कार्य किया जा रहा है।

**राहत** पौंग बांध से एक लाख पांच हजार क्यूसिक से ज्यादा नहीं छोड़ा जाएगा पानी, लेकिन स्थिति मौसम पर निर्भर

# ब्यास किनारे सुरक्षा दीवार बनाने में जुटा प्रशासन

**पौंग बांध का जलस्तर 1393.05 फुट रिकॉर्ड**

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

**पौंग** बांध से छोड़े जाने वाले पानी को लेकर राहत की खबर है। मौसम की मेहरबानी और प्रशासन व बीबीएमबी के बीच बेहतर समन्वय के चलते वीरवार दोपहर 3 बजे के बाद सिर्फ पांच हजार क्यूसिक अतिरिक्त पानी ही छोड़ा गया है। वहीं, शाम तक एक लाख पांच हजार क्यूसिक पानी छोड़ा गया।

वहीं, जिला, स्थानीय प्रशासन व बीबीएमबी प्रशासन ने तय किया है कि एक लाख पांच हजार क्यूसिक से ज्यादा पानी नहीं छोड़ा जाएगा, लेकिन स्थिति पूरी तरह मौसम पर निर्भर रहेगी।

लगातार बारिश से पिछले दो दिनों में पौंग बांध का जलस्तर 10 फुट बढ़ा था और फिलहाल आज पौंग बांध का जलस्तर 1393.05 फुट रिकॉर्ड किया गया है। इस समय 52086 क्यूसिक पानी आ रहा है और एक लाख पांच हजार क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। फतेहपुर प्रशासन ने एहतियातन रियाली के पास ब्यास नदी किनारे कच्ची सुरक्षा दीवार (धुस्सी) को बनाने का कार्य शुरू किया है। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि रियाली के समीप बनी धुस्सी को सुरक्षित करने का कार्य लगातार जारी है। लोगों से अपील है कि सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2023 में ब्यास किनारे लगी धुस्सी टूटने से ब्यास का पानी रिहायशी इलाकों में घुसा था। इस बार प्रशासन सतर्क है और लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा जा रहा है।



फतेहपुर प्रशासन ने रियाली के पास ब्यास नदी किनारे कच्ची सुरक्षा दीवार बनाने को लेकर कार्य शुरू किया है।

### वाटर लेवल को 1388 फुट से नीचे लाने के प्रयास

**बीबीएमबी** प्रशासन का मानना है कि अगले दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बांध के जलस्तर को 1388 फुट से नीचे लाने की कोशिश की जा रही है, ताकि लगातार बारिश होने पर भी जलस्तर 1400 फुट तक न पहुंचे। शाम तक पौंग बांध से छोड़े गए पानी को 94,845 क्यूसिक से बढ़ाकर एक लाख पांच हजार क्यूसिक तक किया गया है। हालात फिलहाल नियंत्रण में हैं, लेकिन प्रशासन सतर्क है और लोगों से खतरे की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील की गई है।

# चंबा के बजाय दरभंगा चले गए मुख्यमंत्री: त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**बोले- सुक्खू को नहीं लोगों की परवाह, गांधी परिवार का स्तुति गान करना जरूरी**

**प्रदेश** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि दुर्भाग्यवश इस बार बरसात के दिनों में प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है। पिछले दिनों चंबा जिले में भारी बरसात और बादल फटने की घटनाओं से स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। होली में एक गांव भी इसकी चपेट में आ गया। वहीं, भरमौर क्षेत्र में भी एक गांव रावी नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण प्रभावित हुआ है। जगह-जगह भूस्खलन से मानवीय मूल्यों की क्षति हुई है। लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो गई है।

उन्होंने कहा कि मणिमहेश की पवित्र स्नान यात्रा के तीर्थ यात्री इस त्रासदी से अपने घरों से दूर फंसे हुए हैं और संपर्क संवाद पूरी तरह बंद है। जिले में 80 प्रतिशत सड़कें भूस्खलन की चपेट से प्रभावित हैं। संचार, पेयजल और बिजली की व्यवस्था पूरी तरह तहस नहस है। तीर्थ यात्रियों से संपर्क न होने के कारण उनके परिजन चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को तुरंत प्रभावित चंबा जिले के दौरे पर जाना चाहिए था, लेकिन वह दरभंगा चले गए। कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री और उनके मंत्री कितने असंवेदनशील हैं, इसका अनुमान प्रदेश की जनता आसानी से लगा सकती है। मुख्यमंत्री के लिए चंबा जिले के लोगों की जिंदगी महत्वपूर्ण नहीं थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी के गांधी परिवार का स्तुति गान जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनुभवहीन नेतृत्व के कारण आने वाले समय में प्रदेश में पहले से ही मंडराता हुआ आर्थिक संकट का और इनकी आपसी अंतर्कलह के दोनों विस्फोट कांग्रेस सरकार के पतन के कारण होंगे।

## सरकार के प्रयासों से रुका डल झील का रिसाव: देवेंद्र जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व नगर निगम मेयर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने डल झील का रिसाव रुकने पर प्रसन्नता जाहिर की है। जग्गी ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगवाई में चल रही सरकार ने लाखों रुपए खर्च करके इस शानदार काम को आगे बढ़ाया है। लंबे समय से झील में रिसाव हो रहा था। अब तक कई नेताओं ने इस बारे में दावे किए, लेकिन रिजल्ट नहीं मिले थे, इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लाखों लोगों की भावनाओं को समझा और झील में हो रहे रिसाव को रुकवा दिया है। इस कार्य में उपायुक्त हेमराज बैरवा के प्रयास भी शानदार रहे हैं। अब इस झील का ब्यूटीफिकेशन प्रदेश की कांग्रेस सरकार करवाएगी। आने वाले दिनों में इस पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में यह झील आकर्षण का केंद्र है। इस झील को और बेहतर बनाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### राजीव ने संभाला परियोजना प्रमुख का पदभार

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में राजीव कपूर, महाप्रबंधक (विद्युत) ने आज परियोजना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। जलविद्युत क्षेत्र में ढाई दशक से अधिक का सुदीर्घ अनुभव एवं प्रौद्योगिकीय दक्षता के धनी श्री राजीव कपूर इस महत्त्वपूर्ण परियोजना को अपने नेतृत्व में नवीन ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर परियोजना के समस्त विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मई, 2000 में एसजेवीएन के नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन से ही अपनी सेवायात्रा का शुभारंभ करने वाले राजीव कपूर ने लगभग 4 वर्षों तक अभियांत्रिकी एवं निर्माण विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पीएचईएम, पीएंडसी, एमएमजी जैसे विभिन्न विभागों में उल्लेखनीय योगदान दिया। एनजेएचपीएस में पीएचईएम, एमआईएस एवं पीआईएस विभागों के विभागाध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन एवं प्रभावी नेतृत्व क्षमता का परिचय देने के उपरांत, अब उन्हें नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

### राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित अध्यापक को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ज़िला सोलन के राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला, शमरोड़ के जेबीटी अध्यापक शशि पाल को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर हार्दिक बधाई दी है। शिक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को पूरे प्रदेश के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण बताया है। शिक्षा मंत्री ने अपने फेसबुक पेज पर साझा किए गए संदेश में कहा कि शशि पॉल ने डिजिटल लर्निंग और ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल शशि पॉल के व्यक्तिगत परिश्रम की पहचान है, बल्कि यह हज़ारों अध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत भी है। रोहित ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की सफलता के पीछे हमारे शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण है। अध्यापक सिर्फ किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, नैतिकता और राष्ट्र सेवा का संकल्प भी जगाते हैं।

### निशा का अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज बनने का सपना रहा अधूरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अगर किसी कार्य के प्रति सच्ची लगन और दृढ़ संकल्प हो, तो सफलता जरूर मिलती है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है निशा देवी की, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद बॉक्सिंग की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक निशा ने अनेक पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया। मूलतः राजगढ़ ब्लॉक के शरेउत देवठी मंझगांव की रहने वाली निशा की शादी शिमला जिला की अंतिम छोर की पंचायत पीरन छनाटी में हुई। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा शरेउत से और 12वीं कक्षा देवठी मंझगांव से उत्तीर्ण की। खेलों में शुरुआत से रुचि रखने वाली निशा ने कबड्डी और बॉक्सिंग में विशेष रुचि दिखाई। वर्ष 2015 में मंडी के करसोग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। 2016 में ग्वालियर में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 62 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने सुंदरनगर, धर्मशाला, सिरमौर समेत कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष तक पढ़ने के बाद घरेलू परिस्थितियों के चलते निशा को पढ़ाई और खेल दोनों छोड़ने पड़े। उनका अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाज बनने का सपना अधूरा रह गया, जिसका मलाल उन्हें आज भी है।

### बीएमएस व कर्मचारी महासंघ ने किया पौधरोपण

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) और राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा रोहड़ू क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन डोगरा ने बताया कि 28 अगस्त को बीएमएस अमृता देवी के बलिदान को स्मरण करते हुए हर वर्ष पर्यावरण दिवस मनाता है। इस अवसर पर वृक्षारोपण, विचार गोष्ठी और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की जाती है। डोगरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने हिमाचल में हाल ही में आई बाढ़ व आपदा का उदाहरण देते हुए बताया कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, अवैध खनन और अनियोजित निर्माण के कारण प्रकृति संकट में है। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

### युवाओं को खेलों से जोड़ना प्राथमिकता : बिमला देवी

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा।** कुठेड़ा पंचायत के जय बाबा नाहर सिंह युवक मंडल भगोट को जिला पार्षद अध्यक्ष बिमला देवी ने क्रिकेट किट भेंटकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के साथ अनुशासन और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं, साथ ही उन्होंने पंचायत स्तर पर खेल सुविधाएं और मैदान विकसित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान ज्योति प्रकाश व युवक मंडल प्रधान विशाल कटोच ने इस पहल का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गेहड़वीं में प्रिंस समोह ने जीती बड़ी माली



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सुप्रसिद्ध प्राचीन मंदिर श्री गुग्गा जाहरवीर स्थित गेहड़वीं में आयोजित मेलों के समापन समारोह में झंडूता विधायक जीत राम कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत आयोजित महादंगल में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेलों के आयोजन से हमारी संस्कृति व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। मेला कमेटी द्वारा छोटी माली व बड़ी माली के दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में विजेता को 3500 व गुर्ज उपविजेता को 3100 रुपए प्रदान किए गए। बड़ी माली की कुश्ती प्रिंस समोह और संदीप घुमारवीं के बीच में हुई, जिसमें प्रिंस समोह ने जीत दर्ज की। छोटी माली की कुश्ती जय पाल सुंदरनगर और मनु कोटद्वार के बीच में हुई, जिसमें मनु कोटद्वार ने जीत दर्ज की। उन्हें इनामी राशि 2500 व गुर्ज और उपविजेता को 2100 रुपए की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर रसम सिंह चंदेल, प्रधान प्यार सिंह, उपप्रधान सुनील नड्डा, बीडीसी सदस्य राजेश चंदेल, राकेश जोशी, अनूप महाजन, अनंत राम शास्त्री, प्रीतम शुक्ला, रोशन लाल, बली राम नड्डा, शंकर दास, हरीश, जरनैल चंदेल, हरबंस भंभरिया आदि अन्य कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### बलड़ा सड़क की बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने आपदा प्रभावित पंचायत बेलना ब्रह्मणा के बलड़ा सड़क का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि भारी बारिश से सड़क जगह-जगह से टूट गई है, जिससे लगभग 400 की आबादी वाले गांव में बच्चों के स्कूल जाने से लेकर रोजगार पर असर पड़ा है। बाद में ग्रामीणों के साथ आशीष ठाकुर ने बिलासपुर के डीसी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा और सड़क के स्थायी समाधान की मांग उठाई। उपायुक्त ने समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।

### दिव्यांगों की समस्याओं पर सीएम को भेजा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर ने उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को दिव्यांगजनों की समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र भेजा है। संघ ने सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यों पर आभार व्यक्त करते हुए 9 सूत्रीय मांगें रखीं हैं। संघ ने कहा कि बस यात्रा के लिए हिम बस कार्ड की अनिवार्यता को समाप्त कर केवल यूडीआईडी कार्ड को मान्यता दी जाए। सभी दिव्यांगजनों को आयुष्मान कार्ड योजना में शामिल किया जाए। दिव्यांगजनों को स्वतः बीपीएल सूची में शामिल करने और पंचायत चुनावों में उनके प्रतिनिधित्व के लिए एक सीट आरक्षित करने की भी मांग की गई है। इसके अलावा राज्य से बाहर इलाज व चिकित्सा कार्यों के लिए सभी श्रेणियों के दिव्यांगजनों को वृद्धिबाधित वर्ग के समान यात्रा सुविधा देने, बिजली बिलों में छूट प्रदान करने, बैकलॉग व प्रमोशन कोटे की भर्तियां जल्द पूरी करने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर समय पर जारी करने की भी मांग की गई है। संघ ने यह भी कहा है कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं और अच्छे प्रदर्शन पर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन में अपेक्षा जताई गई है कि सरकार इन मांगों को प्राथमिकता देकर दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए जल्द कोई न कोई ठोस कदम उठाएगी।

## विकासनगर से ब्रॉकहर्स्ट तक तीन लिफ्ट और दो ओवरब्रिज समर्पित, अब मात्र 5 मिनट होगा सफर

# 8.26 करोड़ की परियोजना का लोकार्पण



कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य और अनिरुद्ध तीन लिफ्ट और दो ओवरब्रिज जनता को समर्पित करते हुए।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत विकासनगर से ब्रॉकहर्स्ट तक तीन चरणों में बनी तीन लिफ्ट और दो ओवरब्रिज का वीरवार को लोकार्पण किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संयुक्त रूप से 8.26 करोड़ रुपए की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जनता को समर्पित किया।

इस मौके पर अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि शिमला में स्मार्ट सिटी के तहत कई प्रोजेक्ट तेजी से पूरे हो रहे हैं और इनसे शहरवासियों को सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि यह लिफ्ट न केवल आम नागरिकों बल्कि पर्यटकों के लिए भी राहत का साधन बनेगी।

**मंत्री अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य ने परियोजना को किया समर्पित**

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस परियोजना से शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाम की समस्या कम होगी और लोगों का समय बचेगा।

रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा तैयार की गई इस परियोजना का संचालन और रखरखाव एकल वेंडर के माध्यम से अगले पांच वर्षों तक किया जाएगा।

विकासनगर से ब्रॉकहर्स्ट तक की दूरी को पार करने में पहले जहां 20 से 25 मिनट लगते थे, वहीं अब इस लिफ्ट की मदद से महज 5 मिनट में ही गंतव्य तक पहुंचा जा सकेगा। यह परियोजना 110 मीटर वर्टिकल और 160 मीटर होरिजेंटल दूरी को जोड़ते हुए शहरी परिवहन को आसान बनाएगी।

### सुविधाजनक होगी यात्रा

**लिफ्ट** का किराया भी आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया है। पहले चरण की यात्रा के लिए 10 रुपए प्रति यात्री और दूसरे व तीसरे चरण की पूरी यात्रा के लिए 20 रुपए प्रति यात्री शुल्क रखा गया है। इस लिफ्ट में एक समय में 20 यात्री सफर कर सकेंगे। इसके साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों तक सुगम पहुंच संभव होगी, जिससे स्थानीय निवासियों और पर्यटकों दोनों को लाभ होगा।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**लोकार्पण** अवसर पर स्थानीय विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र कुमार अत्री, निगम पार्षद रचना भारद्वाज, रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक अजय शर्मा, सीजीएम रोहित ठाकुर, एसी टू डीसी देवी चंद ठाकुर और जिला पर्यटन अधिकारी जगदीश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नड्डा से मिले भाजपा पदाधिकारी संगठनात्मक विषयों पर किया मंथन



भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से नई दिल्ली में मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, सचिव सुमित शर्मा, डॉ. संजय ठाकुर और तिलकराज ने दिल्ली स्थित कार्यालय में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से मुलाकात की। इस बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के बाद संजीव कटवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी देशभर में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। पार्टी देश के 70 से अधिक प्रमुख शहरों में 'मोदी विकास मैराथन' का आयोजन करेगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी।

### भाजपा का संगठन लगातार हो रहा मजबूत

**संजीव** कटवाल ने यह भी बताया कि भाजपा का संगठन हिमाचल प्रदेश में लगातार सुदृढ़ हो रहा है। पहले जहां पार्टी के पास आठ लाख प्राथमिक सदस्य थे, वहीं आज यह संख्या 18 लाख तक पहुंच चुकी है।

### प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर देगा अधिक समय

**संजीव** ने कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ संगठन 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा है और प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर अधिक समय देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## कांग्रेस सरकार को सदन में किया बेनकाब : श्रीकांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा विधायक दल की बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने की। इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विधायक दल के साथ लंबी चर्चा करते हुए कांग्रेस सरकार को विधानसभा में घेरने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

श्रीकांत शर्मा ने विधायक दल की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने कांग्रेस सरकार को सदन में बेनकाब किया है। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री तक सदन में झूठ बोल रहे हैं और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी इसी राह पर चलता है।



भाजपा विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करते भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का झूठ बोलना उसकी आदत और पहचान बन गया है। अपने संबोधन में श्रीकांत शर्मा ने भाजपा और कांग्रेस की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस देश के लिए अमावस्या है, जबकि भाजपा पूर्णमासी के समान है।

### आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**बैठक** में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार किया गया। इसमें सेवा पखवाड़ा, संघ शताब्दी वर्ष तथा संगठन की कार्ययोजना प्रमुख विषय रहे। साथ ही कर्मचारियों के डीए, युवाओं को रोजगार, लॉटरी व्यवस्था, आपदा राहत राशि और सरकारी दावों की हकीकत जैसे मुद्दों पर भी मंथन हुआ।

## भट्टाकुफर में गिरे भवन के मालिक को तुरंत मिले मुआवजा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में कैथलीघाट-शिमला फोरलेन परियोजना की प्रगति और प्रभावितों को दिए जाने वाले मुआवजे की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि हाल ही में भट्टाकुफर में बहु मंजिला भवन के मालिक को जल्द से जल्द मुआवजा राशि प्रदान की जाए।

बैठक में उपायुक्त को बताया गया कि पीड़ित परिवार को मुआवज़ा देने की प्रक्रिया चल रही है। इस पर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और निर्माण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस प्रक्रिया को तुरंत पूरा कर मुआवजे का भुगतान करें। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त ने पिछले महीने ही कंपनी को 5 प्वाइंट का 60 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए थे।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि फोरलेन निर्माण के दौरान सभी कार्य नियमों के अनुसार और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि मिट्टी की डंपिंग केवल निर्धारित स्थलों पर ही होनी चाहिए और निजी भूमि पर अवैध डंपिंग करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## छात्राओं को स्वच्छता पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय कन्या महाविद्यालय आरकेएमवी शिमला में वीरवार को कॉलेज वुमन सेल के सहयोग से 'अपराजिता-100 मिलियंस स्माइल्स' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर, कमला नेहरू अस्पताल, शिमला की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि जिंदल ने मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया।

उन्होंने एमए और बीएससी अंतिम वर्ष की छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

## समाजसेवा से जुड़े 4 सदस्य अब निभाएंगे नई जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के नामित सदस्य बनने पर सोम प्रकाश संख्यान, श्याम शर्मा, राजेंद्र भारद्वाज और रवि कौशल को क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जिला मार्केट कमेटी के चेयरमैन सतपाल वर्धन, कासरु पंचायत की प्रधान अंजना देवी, नप घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल, दकड़ी पंचायत के प्रधान मस्त राम, उपप्रधान पवन जम्वाल, घुमारवीं पंचायत प्रधान अनीता देवी, कांता देवी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमारवीं के महासचिव मनोहर लाल शर्मा, पार्षद सतीश कुमार और गनी मुहम्मद, हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा के प्रदेशाध्यक्ष बृज लाल शमा, कर्म देव, संजीव कुमार, लेख राम, राम प्रकाश, रूप लाल, संजय कुमार सहित अनेक गणमान्य व स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इनके बोर्ड में शामिल होने से समाजहित से जुड़े कार्यों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि चारों नामित सदस्य समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करवाने में योगदान देंगे।

## बिलासपुर में तीन दिवसीय वॉटर स्पोर्ट्स महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

# गोबिंदसागर झील और कोल डैम बनेंगे राष्ट्रीय जल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के केंद्र

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में पर्यटन को नई पहचान देने और जल क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष तीन दिवसीय वॉटर स्पोर्ट्स महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव आगामी 10 से 12 अक्तूबर तक आयोजित होगा, जिसमें देशभर से प्रसिद्ध खिलाड़ी और पर्यटक भाग लेंगे। इस संबंध में जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में बिलासपुर के डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए महोत्सव के स्वरूप, आयोजन स्थलों, बजट और विभिन्न समितियों के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने बताया कि यह आयोजन पर्यटन, खेल, व्यापार और रोजगार सृजन सोसायटी के तत्वावधान में किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर की ड्रैगन नाव दौड़, कायकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताएं आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगी, साथ ही अन्य रोचक जल क्रीड़ा गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे यह महोत्सव पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बने और



जल्द ऐसे ही जल क्रीड़ा की गतिविधियां बिलासपुर जिले के लोग भी देख पाएंगे।

भविष्य में बिलासपुर को जल क्रीड़ाओं के स्थायी केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि कायकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताएं कोल डैम में तथा ड्रैगन बोट रेसिंग गोबिंदसागर झील में लुहणू मैदान से मंडी भराड़ी पुल के बीच आयोजित की जाएंगी।

इन प्रतियोगिताओं से प्रतिभागियों और दर्शकों को रोमांचक अनुभव मिलेगा और जिला जल क्रीड़ा गतिविधियों का नया केंद्र बनकर उभरेगा। डीसी ने कहा कि गोबिंदसागर झील का प्राकृतिक सौंदर्य और कोल डैम का विशाल जलक्षेत्र इस आयोजन को विशेष पहचान देंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महोत्सव को आकर्षक नाम और प्रतीक चिन्ह (लोगो) दिया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा तथा विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा, साथ ही सिविल सोसायटी, व्यापार मंडल और अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह महोत्सव सामूहिक उत्सव का रूप ले सके। बैठक में अतिरिक्त डीसी ओमकांत ठाकुर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, गोबिंदसागर जल क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष हेमराज ठाकुर तथा हिमाचल जल क्रीड़ा सोसायटी के राज्य महासचिव इशान अख्तर सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## गोशाला, पशु चिकित्सालय निर्माण में रुकावट, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बल्हसीणा पंचायत में प्रस्तावित गोशाला और पशु चिकित्सालय का निर्माण स्थानीय स्तर पर आ रही बाधाओं के कारण शुरू नहीं हो पा रहा है। वीरवार को ग्रामीणों ने एसडीएम अर्शिया शर्मा को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यह परियोजना पशुपालकों के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन कुछ लोग निर्माण कार्य रोक रहे हैं। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि मामले को प्राथमिकता से देखते हुए पुलिस व विभागीय अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बिलासपुर में पहला नशा मुक्ति केंद्र जल्द होगा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने की। उपायुक्त ने बताया कि जिले में पहले नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की दिशा में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। भवन की मरम्मत, स्टाफ की उपलब्धता, बजट प्रावधान और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इस केंद्र के लिए स्वारघाट में वन विभाग के अंतर्गत मिड हिमाइलन वॉटर शेड प्रोजेक्ट के तहत निर्मित भवन का चयन किया गया है। यह भवन प्रोजेक्ट समाप्त होने के बाद कई वर्षों से उपयोग में नहीं था, जिसे अब नए स्वरूप में नशा मुक्ति केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। नशा मुक्ति केंद्र 15 बेड का होगा और इसे केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। इसमें मरीजों के लिए आठ कमरे, डॉक्टर रूम और अटेंडेंट रूम सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। भवन का कुल क्षेत्रफल 2304.56 वर्ग फुट है, जबकि न्यूनतम शर्त 2000 वर्ग फुट की है। केंद्र के संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ रेडक्रॉस और अदानी फाउंडेशन के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। यह केंद्र पीपीपी मॉडल पर चलेगा और अदानी फाउंडेशन इसमें सहयोग करेगा। उपायुक्त ने कहा कि यह नशा मुक्ति केंद्र नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उपचार, परामर्श और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा।

## ग्रामीणों ने सड़क पक्की करने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बड़ोल देवी पंचायत के ग्रामीणों परविंदर कुमार, दीपचंद, भागचंद, संदीप कुमार, निखिल कुमार, अजय कुमार, निखिल ठाकुर सहित अन्य ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र चड्ढा से मुलाकात कर पंजीन से रछेड़ा तक जाने वाली मुख्य सड़क को पक्का करने की मांग की। यह सड़क श्मशानघाट ज्योरिपत्तन तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले पंचायत प्रधान सुषमा वर्मा द्वारा जिलाधिकारी बिलासपुर से इस सड़क के निर्माण के लिए 7 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाई गई थी, लेकिन आज तक निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो सका। ग्रामीणों ने इस बाबत कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्य आरंभ करने की मांग की। कनिष्ठ अभियंता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि बरसात के समाप्त होने के बाद, अनुमानित रूप से 15 सितंबर के बाद सड़क के निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा और इसे शीघ्र पक्का किया जाएगा। ग्रामीणों ने विभाग तथा पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह सड़क बडोल देवी पंचायत के थुरान, पोली, पंजीन, प्लॉट, जवाह, नसाहन जैसे गांवों को रछेड़ा से जोड़ती है और यह क्षेत्र की प्रमुख संपर्क सड़क है। वर्तमान में सड़क की हालत अत्यंत खराब है, जिससे विशेषकर मृत्यु जैसी आपात स्थितियों में ज्योरिपत्तन श्मशानघाट जाने में भारी परेशानी होती है। कई बार ग्रामीणों को समोह-बरोहा सड़क होते हुए लगभग 30 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है।

## मंचन: भाषा एवं संस्कृति विभाग में व्यास रंगमंच की शानदार प्रस्तुति

# 'हीर-रांझा' की अमरगाथा ने किया भावविभोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में अमर लोककथा 'हीर-रांझा' का मंचन हुआ। व्यास रंगमंच के कलाकारों ने प्रेम और बलिदान की इस अमरगाथा को इतनी संवेदनशीलता और गहराई से प्रस्तुत किया कि दर्शक भावनाओं से सराबोर हो उठे। नाटक का निर्देशन शिवांगी रघु और आकाश राव ने किया। हीर की भूमिका देवांशी चंदेल और रांझा का किरदार आसिफ चौधरी ने निभाया।

दोनों कलाकारों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से उस अलौकिक प्रेम कहानी को जीवंत कर दिया, जिसमें समाज की रुढ़िवादिता और परिवारिक विरोध के बावजूद हीर और रांझा अपने रिश्ते को आखिरी सांस तक निभाते हैं। अंततः किस्मत और परिस्थितियां उन्हें साथ नहीं आने देतीं, लेकिन उनका प्रेम अमर गाथा बनकर पीढ़ी दर पीढ़ी याद किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व सदर विधायक बंबर ठाकुर ने दीप



प्रेम और बलिदान की अमरगाथा के रांझा से अटखेलियां करती गांव की कन्याएं।

प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने मुख्यातिथि को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हिम कला संगम बिलासपुर के अध्यक्ष सतपाल शर्मा को सम्मानित किया गया।

नाटक से पहले हार्मनी ऑफ हिमालयाज अकादमी के निदेशक नरेंद्र दत्त ने बेहतरीन गीत सुनकर क्षमा बांध दिया। इसके बाद जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने कहा अपने संबोधन में कहा कि 'हीर-रांझा' जैसी लोककथाएं हमें प्रेम, त्याग और समर्पण का संदेश देती हैं। वहीं, मुख्यातिथि बंबर ठाकुर ने कलाकारों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि व्यास रंगमंच के कलाकारों ने जिस समर्पण और संवेदनशीलता के साथ हीर-रांझा की गाथा को प्रस्तुत किया है, वह काबिलेतारीफ है। उन्होंने व्यास रंगमंच को अपनी ओर से 10,000 की राशि प्रदान की। मंच संचालन बेहतरीन तरीके से साहित्यकार एवं कवि तृप्ता कौर मुसाफिर ने किया।

कार्यक्रम में राम नाटक मंच के निदेशक अश्विनी शर्मा तथा सेवानिवृत्त ज्वाइंट डायरेक्टर सुशील पुंडीर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## मस्तराम ने नाटक के एक दृश्य पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर के महासचिव एवं नशा मुक्ति निवारण समिति के सदस्य मस्तराम वर्मा ने बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर में आयोजित हीर-रांझा नाटक के एक दृश्य पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि नाटक के एक दृश्य में गांव के कुछ युवाओं को चौपाल पर इकट्ठा होकर भांग की पत्तियों को तोड़-मरोड़ कर कुंडी और डंडे से नशीला घोटा तैयार करते तथा उसका सेवन करते हुए दिखाया गया।

मस्तराम वर्मा का कहना है कि ऐसे दृश्य मंचित करने से युवाओं को गलत संदेश जाता है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से आग्रह किया कि इस मामले की जांच की जाए और यह पता लगाया जाए कि इस दृश्य को दिखाने की अनुमति किसने दी। वर्मा ने कहा कि इस तरह के मंचन नशा विरोधी प्रयासों को कमजोर करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस की बैठक 2 सितंबर को गीता भवन नादौन में

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस की विशेष बैठक 2 सितंबर को प्रातः 11 बजे गीता भवन नादौन में होगी। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस नादौन के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस नादौन के कार्यालय सचिव नानक चंद ने यहां जारी प्रैस ब्यान में बताया कि एपीएमसी के चेयरमैंन अजय शर्मा बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वे कार्यकर्ताओं से कांग्रेस संगठन व सरकार की उपलब्धियों व विकास कार्यो बारे चर्चा करेंगे । इस बैठक में कार्यकर्ता अपनी समस्याएं बता सकते हैं तथा अपने सुझाव भी दे सकेंगे। उन्होंने कांग्रेस के सभी संगठनों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

### छात्रों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर के ईको क्लब के माध्यम से महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने पौधरोपण के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का साथ देने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में ईको क्लब की संयोजक डॉ. सपना राणा, प्रो. राजीव ठाकुर प्रो. शशि शर्मा तथा छात्रगण उपस्थित रहे।

### बाल स्कूल नादौन के 4 स्काउट ने लहराया परचम

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भारत स्काउट एंड गाइड संगठन जिला हमीरपुर द्वारा जिला स्तरीय तृतीय सोपान टेस्टिंग कैंप का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबोह में हुआ, जिसमें विभिन्न स्कूलों से 295 स्काउट्स ने भाग लिया। इसमें पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन के चार स्काउट्स दीपांश कौंडल, दीपक कुमार, आदर्श महतो तथा मनदीप ने स्काउट मास्टर सुरिंद्र कु मार की अगुवाई में भाग लिया। इन चारों स्काउट ने तृतीय सोपान टेस्टिंग कैंप उत्तीर्ण किया। प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने इन चारों छात्रों को बधाई दी और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग विशेष भूमिका निभाती है। उन्होंने स्काउट्स से आग्रह किया कि वो जो कुछ भी इस कैंप में सीख कर आए हैं उसे अपने जीवन में अपनाएं और अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें।

### छात्र-अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन 30 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** गवर्नमेंट कॉलेज नादौन में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 के लिए छात्र-अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिसके लिए कालेज प्रशासन ने आम सभा का आयोजन 30 अगस्त को 2 बजे कालेज के सभागार में बुलाई है। कालेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल कुमार गौतम ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि इस आम सभा में ज्यादा से ज्यादा अभिभावक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि आगामी कार्यवाही को सुनिश्चित किया जा सके।

### पीने के पानी को लेकर मंडी में लोग हुए उग्र

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी में उस समय हाहाकार मच गया, जब शहर के सैंकड़ों लोगों ने वहां नारेबाजी कर दी। बता दें कि मंडी शहर में पिछले कई दिनों से पानी की किल्लत चली हुई है। हाल ही में बहाल की स्कीम बाढ़ के कारण दोबारा ध्वस्त हो गई, जिससे पानी की समस्या बनी हुई है। लोग पूरी तरह से बावड़ियों पर निर्भर हो गए हैं। इससे परेशान होकर नगर निगम मंडी वीरेंद्र भट्ट ने जल शक्ति विभाग को तलब किया था, लेकिन अधिकारियों के नगर निगम न पहुंचने पर लोग उग्र हो गए और नगर निगम कार्यालय का घेराव कर डाला। इस घटना ने जल शक्ति विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए लोकतंत्र की प्रासंगिकता पर बहस शुरू करवा दी है। मंडी शहर में लोगों सहित सरकारी कार्यालयों में भी पानी की किल्लत चली हुई है। अधिकतर लोग मंडी छोड़ अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। एस अनुमान के अनुसार पानी की किल्लत को लेकर मंडी शहर से 2000 लोग अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं।

### एचपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) ने सहायक वन संरक्षक (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा 7 सितंबर को आयोजित होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट *hppsc.hp.gov.in* से डाउनलोड कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 8 रिक्तियों को भरना है। अधिसूचना में कहा गया है कि उम्मीदवार ए-4 आकार के कागज पर विस्तृत निर्देशों के साथ ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। ई-प्रवेश पत्र अलग-अलग उम्मीदवारों को अलग से नहीं भेजे जा रहे हैं।

# अव्यवस्था पर उपायुक्त मुकेश से उलझे वकील

## बोले-मणिमहेश में हुए नुकसान की सही जानकारी नहीं दे रहा प्रशासन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में चार दिन से मोबाइल नेटवर्क व सड़कें बंद होने पर वीरवार सुबह बार एसोसिएशन और उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल के बीच धक्कामुक्की हो गई। बार एसोसिएशन ने व्यवस्था न होने के आरोप लगाए तो उपायुक्त ने कह दिया कि आप व्यवस्था देख लीजिए। इस पर नौबत धक्का मुक्की तक आ गई। इसके बाद बार एसोसिएशन ने पुलिस को शिकायत पत्र सौंपकर उपायुक्त के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सदस्य चौगान के पास सड़क पर बैठ गए व चक्का जाम कर दिया। शहर की आवाजाही बंद कर दी। अधिवक्ता उपायुक्त के विरुद्ध एफआइआर की मांग पर अड़ गए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन भरमौर व मणिमहेश में हुए नुकसान की भी सही जानकारी नहीं दे रहा है।

### चार दिन से कोई व्यवस्था नहीं : अध्यक्ष

**बार** एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन रावत ने कहा कि प्रशासन ने चार दिन से कोई व्यवस्था नहीं बन रही है। चंबा का मोबाइल नेटवर्क ठप पड़ा है। भरमौर की सड़क अभी भी बंद है। श्रद्धालुओं को निकालने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त के विरुद्ध लापरवाह रवैये का आरोप लगाते हुए उनके आचरण पर एफआइआर दर्ज करने की मांग की।

### चंबा में चार दिन से पानी नहीं, लोग बेहाल

**चंबा** में चार दिन से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस कारण लोग बेहाल हैं। जिला प्रशासन कोई व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। यहां फंसे श्रद्धालुओं सहित अन्य लोग भी अब बेहाल हैं।

### मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए नहीं बन पाया खाना

**मेडिकल** कॉलेज में पानी की आपूर्ति न होने के कारण गत रात को मरीजों के लिए खाना नहीं बन पाया है। मरीज व तीमारदार भूखे-प्यासे ही रहे। इन सब अव्यवस्थाओं पर लोगों में भी प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश है। इसके विरोध में अधिवक्ता प्रदर्शन कर रहे हैं।

### चंबा से पठानकोट मार्ग एकतरफा बहाल

**चंबा** से पठानकोट मार्ग एकतरफा यातायात के लिए बहाल होने से कुछ राहत मिली है, लेकिन सैकड़ों वाहन फंसे होने के कारण इनका जाम लगा हुआ है। वाहन चालक निकलने की होड़ में जाम लगा रहे हैं।

# चंबा से भरमौर तक 50 जगह लैंडस्लाइड, कई श्रद्धालु फंसे

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा पर गए हजारों श्रद्धालु फंसे हुए हैं। चंबा से भरमौर तक 50 जगह लैंडस्लाइड हुए हैं। रास्ते पुरी तरह से बंद है और फिलहाल, कोई राहत की खबर नहीं है। यात्रा से लौटे दो युवकों ने वहां का हाल बताया। दोनों युवक करीब 80 किमी पैदल चलकर चंबा पहुंचे और फिर वहां से द्रढा में मीडिया से बातचीत की।

वहीं पठानकोट में नौकरी करने वाले सुशांत सिंह ने बताया कि हम बाबा की यात्रा पर गए थे और तीन दिन वहां लगाने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान तीन दिन मौसम खराब हो गया और फिर भरमौर से 15 किमी आगे तक किसी तरह बाइक लेकर आए, लेकिन फिर आगे लैंडस्लाइड के चलते वहीं पर एक गांव में बाइक छोड़ी। जैसे तैसे वह पैदल चलकर चंबा पहुंचे और चंबा से आगे भी पैदल जा रहे हैं. गौरतलब है कि द्रढा से चम्बा से करीब 25 किलोमीटर है और फिर उसके बाद भरमौर और हंडसर करीब 78 किमी है। यानी सुंशात सिंह ने करीब 90 किमी की पैदल यात्रा की और फिर द्रड़ा पहुंचे।

उन्हीं के साथ एक अन्य युवक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि वह राजस्थान से आए थे। उन्होंने बताया कि वह 25 अगस्त को यात्रा पर गए थे और तीन दिन तक बारिश होती रही। वह बताते हैं कि 27 अगस्त को भरमौर से पैदल चलते रहे और फिर चंबा पहुंचे। सुशांत बताते हैं कि चंबा में भी प्रशासन कह रहा है कि खाने पीने की व्यवस्था की गई है, लेकिन यहां पर कुछ नहीं है. उन्होंने होटल में कमरा लिया था और पैसे भी अभी नहीं दिए हैं।

सत्येंद्र कहते हैं कि रास्ते में जगह जगह लैंडस्लाइड हुए हैं और वहां पर पुलिस भी मूकदर्शन बनकर खड़ी है. वह मोबाइल की रोशनी में रास्ता पार करते हुए यहां पहुंची हैं, जबकि सारी व्यवस्थाएं फेल गई है।

### धन्छो से कितने लोग रेस्क्यू

**एनडीआरएफ** की टीम ने फिलहाल, मणिमहेश यात्रा के ट्रेक से धन्छो नामक जगह से करीब 3269 श्रद्धालुओं को हड़सर भेजा है। 1,730 पुरुष, 1,259 महिलाएं और 280 बच्चे शामिल थे। यहां पर धन्छो में पुल बह गया था। चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने फेसबुक पर लिखा कि पठानकोट चंबा मार्ग बहाल हो गया है, जिन लोगों को जरूरी काम है, वही इस मार्ग पर यात्रा करें।

### बिजली पानी और नेटवर्क गायब

**चंबा** में 24 अगस्त के बाद से ही सिग्नल गायब हैं और यहां पर पुरा जिला देश और दुनिया से कटा हुआ है। अहम बात है कि बिजली पानी भी ठप्प है। फिलहाल, प्रशासन की तरफ से कोई भी जानकारी सांझा नहीं की गई है।

# मणिमहेश यात्रा पर गए लोगों की भरमौर से पहली लिस्ट जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में मणिमहेश यात्रा में गए लोगों के परिजन बेहद चिंतित है। भरमौर सहित चंबा में मोबाइल सिग्नल चार दिन से गायब है। अब प्रशासन ने करीब 200 लोगों की लिस्ट जारी की है, जो कि सेफ हैं और भरमौर के आसपास फंसे हुए हैं। हालांकि, गुरुवार को कुछ इलाकों में नेटवर्क आया. वहीं, अब भरमौर नेशनल हाईवे पर तबाही की तस्वीरें भी सामने आई हैं। दरअसल, हिमाचल प्रदेश का जनजातीय क्षेत्र भरमौर लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण शेष दुनिया से कट चुका है और ऐसे में मणिमहेश गए हजारों की संख्या में श्रद्धालु फंस गए हैं। अब ये श्रद्धालु पैदल ही भरमौर करीब 80 किमी दूर चंबा पहुंच रह हैं। अब भरमौर नेशनल हाईवे में नुकसान की तस्वीरें सामने आईं हैं।

### विधायक डॉ. जनक राज ने राहत कार्य शुरू करने की उठाई मांग

**जानकारी** के अनुसार, बग्गा, धारवाला, लोथल और लूणा सहित कई जगहों पर सड़क धंसने से हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं. सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग जान जोखिम में डालकर पैदल खाई के किनारे से गुजरते दिख रहे हैं। गौरतलब है कि न नेटवर्क, न सड़क और न ही बिजली-भरमौर पूरी तरह से बाहरी दुनिया से कट चुका है. सैकड़ों श्रद्धालु और स्थानीय लोग यहां फंसे हुए हैं और उनके सामने मुसीबतों का पहाड़ खड़ा है। भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज हालात को लेकर चिंतित नज़र आ रहे हैं और उन्होंने विधानसभा सेशन के बीच सरकार से सदन स्थगित कर तत्काल राहत कार्य शुरू करने की मांग उठाई है. साथ ही हेलिकॉप्टर की सुविधा भी मांगी है।

### हालात हो सकते हैं खराब : स्थानीय लोग

**विधायक** ने सरकार से भरमौर में फंसे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बचाने के लिए हेली टैक्सी की व्यवस्था करने और ग्राउंड जीरो पर त्वरित राहत व बचाव अभियान चलाने की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। फिलहाल, सुक्खू सरकार की तरफ से कोई ठोस बात नहीं कही गई है। लेकिन एनडीआरएफ ने बताया कि मणिमहेश के धन्छो से लोगों को निकाला गया है, इसमें बच्चे और महिलाएं भी हैं।

# भारतीय मजदूर संघ ने पर्यावरण दिवस पर लगाए हर्बल पौधे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय मजदूर संघ जिला हमीरपुर में भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण दिवस को धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें जिला के भारतीय मजदूर संघ के प्रधान तिलक राज शर्मा व जिला के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सह निर्माण कामगार संघ व सदस्य बोर्ड प्रदीप ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जिला सचिव दिनेश ठाकुर ने बताया कि आज के दिन को भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण दिवस के रूप में मनाता है जिसको खंड से लेकर केंद्र स्तर तक मनाया जाता है। भारतीय मजदूर संघ जिला हमीरपुर ने भी वीरवार को भोटा में पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्बल के पौधों का पौधरोपण किया जिसमें हरड बेहेड़ा और जामुन के पौधों का रोपण किया व सभी ने शपथ ली की सभी लोगो को भी एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करेंगे व पर्यावरण को दूषित होने से बचाएंगे, क्योंकि आजकल प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हमारी अपनी जिम्मेवारी है व हम लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे जिससे पर्यावरण को प्रदूषण रहित बनाया जा सके और बीमारियों से भी बचा जा सके।

# बस दुर्घटना के बाद भी सरकाघाट डिपो की 25 जीरो वैल्यू बसें रूटों पर चल रहीं

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मसेरन बस हादसे में सरकाघाट के 8 निर्दोष लोगों की जान चली गई, लेकिन विभाग ने कोई सबक नहीं लिया। यात्रियों की जान की सुरक्षा अब भी खतरे में है। सरकाघाट विधायक दिलीप ठाकुर ने विधानसभा में पूछा कि सरकाघाट डिपो में कितनी जीरो वैल्यू बसें हैं और क्या ये अभी भी रूटों पर चल रही हैं।

साथ ही, उन्होंने सरकार से नई बसें उपलब्ध कराने का समय स्पष्ट करने की मांग की। सरकार ने स्वीकारा कि डिपो की 26 बसें जीरो वैल्यू की हैं, लेकिन 25 बसें अभी भी सड़कों पर चल रही हैं। यात्रियों की सुरक्षा को दरकिनार करते हुए इन बसों को चलाने का यह खुलासा आम आदमी की चिंता बढ़ा रहा है।

### सरकार से नई बसें उपलब्ध कराने का समय स्पष्ट करने की मांग की



विधायक ने कहा कि जीरो वैल्यू बसें सरकारी मानकों के अनुसार असुरक्षित घोषित होती हैं । इन बसों को चलाना यात्रियों, ड्राइवर और कंडक्टर की जान के साथ खिलवाड़ है। ऐसी बसों का संचालन सीधे दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है।

विधायक ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ सरकार दावा कर रही है हिमाचल को ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने का, वहीं दूसरी तरफ जीरो वैल्यू की असुरक्षित बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं। यह किस तरह का व्यवस्था परिवर्तन है ?

# जिले में बारिश का कहर बौखरी मोड़ में टूटे घर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उप मंडल डलहौजी में इस बार बारिश से बहुत ज्यादा तबाही हुई है। जहां एक और लोगों के मकान गिर गए हैं वहीं कई जगह सडक़ों का नामोनिशान मिट गया है। उप मंडल की मालूडा पंचायत में कई मकान गिर चुके हैं तो कई गिरने की कगार पर हैं।

### कई मकान गिरने की कगार पर

इस पंचायत के गांव बौखरी मोड़ में तीन मकान के टूट गए हैं दुर्गी देवी पत्नी नाथ राम बलदेव राम पुत्र रूल्दू राम जिनमें यह दो मकान तो टूट गए हैं जबकि राकेश कुमार पुत्र तानी राम का घर भी खतरे की जद में आ गया है।

इसके अलावा योग मानव विकास ट्रस्ट का योग सेंटर के नीचे लैंड स्लाइड होने से उसको भी खतरा हो गया है। आज पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने मौके पर जा कर प्रशासन को उक्त परिवारों की मदद करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को पूरी मदद करना का भरोसा दिया है।

# पांगणा-करसोग में हर्षोल्लास से मनाया ऋषि पंचमी पर्व

**अनंत ज्ञान, करसोग**

मंडी जिले की ऐतिहासिक नगरी पांगणा-करसोग में वीरवार को ऋषि पंचमी व नाग पंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिव प्रिय नाग देवता की पूजा-अर्चना कर लोगों ने अपने परिवार के कल्याण, दरिद्रता निवारण व सुख-शांति की कामना की।

प्रात: काल स्नान कर परिवार के सभी सदस्यों ने नाग पूजा का संकल्प लिया। पूजा कक्ष, दरवाजों की देहरी और आंगन के मध्य मांदले पर नाग की आकृतियां बनाकर चंदन, अक्षत, दुर्वा, पुष्प, दीप-धूप से पूजन हुआ। चांदी की नाग-नागिन प्रतिमाएं, जड़ी-बूटियों व पौधों के साथ स्थापित कर नमः शिवाय व नाग राजाय नमः मंत्रों से पूजा की गई। श्रद्धालु सुकेत अधिष्ठात्री राज-राजेश्वरी महामाया मंदिर स्थित पूजा की।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.**

**मुकदमा दरुस्ती जाति** — **पेशी 04.10.2025**

गुरुचरण दास पुत्र श्री अच्छर सिंह निवासी शाहपुर तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र. ।

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय:**- महाल उपरला भन्यार मौजा भन्यार में जाति दरुस्ती करने वारे प्रार्थना पत्र।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है कि उसके पूर्वजों के मुताबिक शजरा नशव महाल उपरला भन्यार मौजा भन्यार तहसील शाहपुर की मिसल हकीकत बन्दोवस्त में उसकी सही जाति व गोत कमश चमार व नामालूम दर्ज अभिलेख है, पर महाल व मौजा शाहपुर तहसील शाहपुर के राजस्व अभिलेख में उसकी जाति व गोत कमश कुम्हार व गौण का इन्द्राज हो गया है जो कि गलत है। प्राथी उक्त जाति व गोत को दरुस्त करके जाति व गोत कमश चमार व गुगे दर्ज करवाना चाहता है।

अत: उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त जाति व गोत की दरुस्ती वारे आम जनता में किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 04.10.2025 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर व एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सूडोकु नवताल- 7536 | | | | | | ★☆☆☆☆ सरल | | |
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7535 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

29 अगस्त, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : भाद्रपद, **तिथि** षष्ठी (20.22): **नक्षत्र** स्वाती (11.39), **पक्षः** शुक्ला, **योग** : ब्रह्म (14:13) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:53), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

**विशेष दिन**

29 अगस्त 2025 : स्वामी दर्शन आज।

29 अगस्त 2025 : राष्ट्रीय खेल दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**वृषभः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**मिथुनः** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्कः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह** : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**कन्या** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुलाः** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिकः** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनुः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ** : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

# बनाला सड़क खोलने में नहीं बरती कोई ढिलाई : प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग-3 पर बनाला के पास गत बुधवार रात लगभग 8:30 बजे भूस्खलन होने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस दौरान सड़क खोलने में ढिलाई बरतने के आरोपों पर स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मौके पर प्रशासन व पुलिस के अधिकारी तुरंत पहुंच गए थे।

एसडीएम बालीचौकी देवीराम ने बताया कि वे तहसीलदार औट और थाना प्रभारी औट के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। इसी बीच एक एंबुलेंस वहां पहुंची, जिसमें एक मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा था। मरीज के परिजन नरेश कुमार, निवासी बंजार, ने तत्काल मलबा हटाने की मांग की, लेकिन लगातार पत्थर गिरने के कारण उस समय मार्ग से मलबा साफ करना सुरक्षित नहीं था। अधिकारियों ने मरीज को मंडी अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जबकि परिजन कुल्लू ले जाने पर अड़े रहे। अंततः सहमति इस पर बनी कि मरीज को मंडी अस्पताल भेजा जाएगा और एंबुलेंस के साथ पुलिस एस्कॉर्ट प्रदान किया जाएगा। थलौट थाना के हेड कांस्टेबल गुलजार एंबुलेंस के साथ भेजे गए, ताकि मरीज सुरक्षित रूप से मंडी अस्पताल पहुंच सके। लोगों से इसमें सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन अवश्य करें।

### प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन अवश्य करें

### प्रशासन पर मरीज के परिजन का आरोप

मरीज के परिजन नरेश कुमार निवासी बंजार ने मंडी व बालीचौकी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि एसडीएम बालीचौकी ने समय पर मार्ग खुलवाया होता तो मेरी मां बच सकती थी। नरेश ने बताया कि जाम के कारण मैंने विधायक बंजार को फोन किया, तो उन्होंने हस्तेक्षप कर मुझे मंडी भेजने का प्रबंध करवाया, मंडी पहुंचने पर मेरी मां जिंदा नहीं बची।

**व अदालत तहसीलदार एंवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.**

| मुकदमा नं. | किस्म मुकदमा | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 93/2025 | तकसीम | 23.09.2025 |

**सुनील नागपाल**

**बनाम**

**वीना पालिया आदि**

नोटिस बनाम:- 1. वीना पालिया पत्नी कमलजीत पुत्र लखू निवासी टाण्डा पारला 2. बंदना कुमारी पुत्री धनवंत सिंह निवासी महाल चौकी तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.। भूमि खाता नं. 78 मिन खतौनी नं. 150 मिन खसरा किता 04 रक्बा तदादी 00-08-95 है. स्थित महाल भरमात उपरली तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र. जमाबन्दी बर्ष 2020-21।

**अखबारी ईश्तहार**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते हैं। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त की तथा अनुरोध किया कि मुस्त्री मुनादी जारी कर तलब किया जाए। अत: अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 23.09.2025 का अद्योहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 18.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.**

**रोष** — मान खड्डु के पास विरोध स्वरूप जमा हुए चार गांवों के लोग, कहा-

# मतारड़ खड्डु से नुग्रां तक खनन पर लगे प्रतिबंध

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान**



**गलोड़** । विधानसभा क्षेत्र नादौन की पिछड़ी पंचायत कशमीर पर अवैध खनन का ऐसा ग्रहण लगा है जिसने न सिर्फ यहां के ग्रामीणों की परेशानी बढ़ाई है, बल्कि यहां की प्रमुख फसलों का वजूद संकट में डाल दिया है।

अवैध खनन पर कार्रवाई न होता देख इस पंचायत के चार गांवों ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। काफी समय से हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूट गया है। अवैध खनन पर कार्रवाई से कन्नी काट रहे विभागों पर भी इन्होंने तीखे स्वर में सवाल दागे हैं। इनका कहना है कि यदि उचित कार्रवाई की जाए तो अवैध खनन करने वालों पर अंकुश लगाया जा सकता है। गुरूवार को ग्राम पंचायत कशमीर के चार गांवों नुग्रां, कशमीर, सदोह तथा तूणी गांव के लोगों ने एकजुटता का प्रमाण देते हुए अवैध खनन के खिलाफ मोर्चा खोला। यदि ऐसा नहीं किया गया तो ग्रामीण प्रशासन के उदासीनता के विरूद्ध सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। कशमीर गांव के पूर्व प्रिंसिपल ध्रुव सिंह राणा ने बताया मतारड़ खड्डु जहां मानखड्डु से मिलती है वहां से लेकर नुग्रां तक अवैध खनन किया जा रहा है।

> कशमीर पंचायत में अवैध खनन हो रहा है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन करने वालों पर पुलिस शिंकजा कसेगी। पुलिस कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। लोगों की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।
>
> **-प्रताप सिंह, डीएसपी नादौन।**

ईश्वर तक पहुंचने के मार्ग अनेक हो सकते हैं, पर लक्ष्य एक ही है, प्रेम, भक्ति और सत्य। -रामकृष्ण परमहंस

## संपादकीय

### बेरहम बरसात

मानसून इस बार हिमाचल ही नहीं, बल्कि देशभर में खासकर उत्तर भारत में कहर बरपा रहा है। इस बार धार्मिक स्थल भी तबाही से नहीं बच पाए। एक तरफ वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन होने से अब तक 43 लोग मारे जा चुके हैं तो वहीं, मणिमहेश यात्रा पर गए श्रद्धालु भी पिछले चार दिन से भारी मुसीबत में हैं। बादल फटने से आई बाढ़ ने जहां मणिमहेश यात्रा रोक दी है, वहीं सैकड़ों यात्री भी मणिमहेश में फंसे हुए हैं। प्रशासन ने चौथे दिन सकुशल यात्रियों की लिस्ट जारी कर कुछ राहत अवश्य दी है, लेकिन इस दौरान कई लोग मारे गए हैं या फिर लापता भी हो गए हैं। निश्चित रूप से यह भयावह त्रासदी है। जैसे-जैसे मौत का आंकड़ा बढ़ता जाएगा, लोगों का धार्मिक यात्राओं से भी विश्वास उठता जाएगा, लेकिन प्रकृति के आगे किसी का कोई जोर नहीं चलता। प्रकृति से छेड़छाड़ भी तो मानव ही करता है, तो जाहिर सी बात है कि इसका खामियाजा देर-सवेर उसे ही भुगतना पड़ता है। पहाड़ों को काटकर सड़कों का चौड़ीकरण, अवैज्ञानिक निर्माण और नदियों के साथ खिलवाड़ अब बड़े सवाल बन चुके हैं, लेकिन इतने बड़े नुकसान के बाद भी अगर लोगों की आंखें नहीं खुलेंगी तो फिर कब भी इंसान को नहीं बचा सकता। मणिमहेश यात्रा मार्ग पर भारी तबाही हुई है। बादल फटने के कारण मणिमहेश नाले में आई बाढ़ से रास्ते व पुल बह गए हैं। प्रशासन ने अब तक 3280 लोगों को रेस्क्यू किया है, जिनमें 280 बच्चे भी शामिल हैं।

चंबा से भरमौर एनएच का नामोनिशान मिट गया है। कई जगह भूस्खलन के कारण सड़क बिलकुल गायब है। कुछ जगह रावी नदी में एनएच का निशान बाकी नहीं छोड़ा है। हजारों श्रद्धालुओं को प्रशासन रेस्क्यू करने में जुटा हुआ है। चार दिन से चंबा व भरमौर में मोबाइल नेटवर्क व इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं, जिस वजह से नुकसान की असल तस्वीर सामने नहीं आ पा रही है। भरमौर से चंबा और बनीखेत तक पैदल पहुंचे श्रद्धालुओं ने यात्रा मार्ग व चंबा-भरमौर एनएच की हालत बयां की है। श्रद्धालु 80 किलोमीटर से ज्यादा तक पैदल चलकर चंबा पहुंचे हैं। हाईवे का नामोनिशान नहीं है। मलबे व खाई में से जान जोखिम में डालकर श्रद्धालु चंबा पहुंचे। चंबा से आगे का मार्ग एकतरफा यातायात के लिए बहाल हो गया है। चंबा-भरमौर में हुए व्यापक नुकसान का मसला विधानसभा में भी बड़े जोर-जोर से उठा। विपक्षी विधायकों ने विधानसभा के मानसून सत्र को समाप्त करने की मांग उठाई ताकि सरकार से चंबा के विधायकों के लिए स्पेशल हेलिकॉप्टर उपलब्ध करवाने की मांग भी की है। विपक्ष का तर्क था कि सबसे ज्यादा जरूरी है लोगों की जान बचाना और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालना। निश्चित रूप से विपक्ष की यह मांग वाजिब है, क्योंकि जब हजारों लोग अपनी जिंदगी बचाने की जद्दोजहद कर रहे हों, तब राजनीति से ऊपर उठकर राहत व बचाव कार्य ही सर्वोपरि होना चाहिए। इस समय पूरे हिमाचल में हालात बहुत बुरे हो गए हैं। अब तक 300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और एक हजार से ज्यादा सड़कें बंद पड़ी हैं।


सड़कें लोगों की लाइफ लाइन मानी जाती हैं। यह सिर्फ आवाजाही का साधन नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। जब यह टूट जाएं, तो न सिर्फ आम आदमी का जीवन संकट में पड़ता है, बल्कि व्यापार, उद्योग, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाएं सब ठप हो जाती हैं। बेरहम बरसात ने इस बार यह साबित कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन सिर्फ एक किताबों में लिखा हुआ शब्द नहीं, बल्कि कड़वी सच्चाई है। बदलते मौसम का असर पहाड़ों पर और भी अधिक खतरनाक रूप में सामने आता है। पिछले एक दशक में हिमाचल ने कई आपदाएं देखी हैं। कहीं बादल फटने से बाढ़, कहीं भूस्खलन से गांव का गांव दब जाना, कहीं पुल टूटकर बह जाना, लेकिन दुख की बात यह है कि इन हादसों से सबक लेने की बजाए सरकारें हर बार राहत और मुआवजे की औपचारिकता निभाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल देती हैं। आज सवाल यह है कि क्या हिमाचल में विकास का मॉडल टिकाऊ है? क्या बिना सोचे-समझे सड़कें चौड़ी करना, नदियों को पाटकर होटल और इमारतें खड़ी करना, वनों की अंधाधुंध कटाई करना, पर्यटन को बिना किसी योजना के बढ़ावा देना किसी बड़ी आपदा की नींव नहीं है? अगर इन सवालों पर आज गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में हालात और बदतर होंगे।

यह भी सच है कि प्राकृतिक आपदाओं से पूरी तरह बचना संभव नहीं, लेकिन इनके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले आपदा प्रबंधन को मजबूत करना होगा। यह बरसात इस बार न जाने क्या-क्या नुकसान कर जाएगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन लोगों को बेहद सतर्कता बरतने की जरूरत है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए बिना हम हर साल इसी तरह की त्रासदियों का सामना करते रहेंगे। पहाड़ हमें चेतावनी दे रहे हैं, अगर अब भी हमने सबक नहीं लिया तो यह लापरवाही आने वाली पीढ़ियों को बहुत भारी पड़ेगी।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मशहूर स्वतंत्रता सेनानियों में से एक

माधव श्रीहरि अणे भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, जो कि लोकमान्य तिलक से अत्यधिक प्रभावित थे। यह कुछ समय तक 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के सदस्य भी रहे। गांधी जी के 'नमक सत्याग्रह' के समय इन्होंने भी जेल की सजा भोगी। 1943 से 1947 ई. तक ये श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त भी रहे। आज़ादी प्राप्त करने के बाद इन्हें बिहार का राज्यपाल भी बनाया गया था। श्रीहरि अणे का जन्म महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के वणी नामक स्थान में हुआ था। माधव श्रीहरि अणे की दीर्घकालीन सेवा के सम्मानस्वरूप राष्ट्रपति ने उन्हें 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया था।



माधव श्रीहरि अणे
जन्म : 29 अगस्त,1880
मृत्यु : 26 जनवरी, 1968

## कविता

### शुक्रिया दातार तेरा

हीरा सिंह कौशल, गांव महादेव (जिला मंडी)

*हर लम्हें में ज्ञान का हो रहा है अहसास शुक्रिया दातार तेरा।*
*माया की इस नगरी में अपने चरणों में लगाया शुक्रिया दातार तेरा।।*

*सेवा हो रही तेरी रहमत से इस हर पल का शुक्रिया दातार तेरा।*
*होमें रोग ना लगे, सेवा में भावना हो निश्छल शुक्रिया दातार तेरा।।*

*सुमिरण में हर समय बरस रही रहमत तेरी शुक्रिया दातार तेरा।*
*इनायत से सुमिरण में दिख रहा नूर तेरा शुक्रिया दातार तेरा।।*

*सत्संग में हो रही वचनों की अमृत वर्षा शुक्रिया दातार तेरा।*
*रहमत तेरी से बन रहा हर क्षण शुकराने का शुक्रिया दातार तेरा।।*

*शुकराने के भाव हरपल जीवन में आ रहे शुक्रिया दातार तेरा।*
*रहमत तेरी से ज्ञान की रोशनी पुंज फैला जीवन में शुक्रिया दातार तेरा।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न कब?





राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यदि बात हॉकी की हो तथा हॉकी के खलीफा मेजर ध्यान चंद का जिक्र न किया जाए, तो भारतीय हॉकी का गौरवमयी इतिहास अधूरा रह जाएगा। भारतीय हॉकी का पहला अध्याय ध्यान चंद के नाम से ही शुरू होता है। हॉकी की दुनिया का एक ऐसा मुमताज चेहरा जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। हॉकी के इस जादूगर का जन्म 29 अगस्त, 1905 को प्रयागराज में हुआ था। उनके जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। ध्यान चंद ने सन 1922 में ब्रिटिश इंडियन आर्मी में सिपाही की हैसियत से जीवन की शुरुआत करके हॉकी के खेल को अपना लक्ष्य बना लिया था। भारतीय हॉकी टीम अंग्रेज सैन्य अधिकारी की कप्तानी में पहली मर्तबा सन 1926 में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी। उस टीम के प्रतिभाशाली सूबेदार ठाकुर सिंह व ध्यान चंद सहित 12 सैनिक खिलाड़ी थे।

उस श्रृंखला के 21 में से 18 मैचों में भारत ने जीत दर्ज की थी। हॉकी के प्रति बेपनाह मोहब्बत के जज्बात रखने वाले ध्यान चंद के जहन में जीत का जज्बा व जुनून तथा भारत को हॉकी का विश्व चैंपियन बनाने की गजब की जिद मौजूद थी, जिसका परिणाम 1928 के 'एम्सर्टडम' ओलंपिक में सामने आया जब भारतीय हॉकी टीम पहली मर्तबा ओलंपिक में शामिल हुई तथा ओलंपिक महाकुंभ में ध्यान चंद की बदौलत स्वर्ण पदक जीता था। सन 1932 के 'लॉस एंजिल्स' में भी स्वर्ण पदक जीता था। सन 1936 के 'बर्लिन' ओलंपिक में ध्यान चंद ने अपनी कप्तानी में गोल्ड मेडल जीतकर हॉकी की स्वर्णिम हैट्रिक लगाई तथा भारतीय ओलंपिक दल के ध्वज वाहक भी बने थे। 1932 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अमेरिकी हॉकी टीम पर अकेले दस गोल दागने वाले हॉकी के सर्वश्रेष्ठ ओलंपियन खिलाड़ी रहे कैप्टन रूप सिंह ध्यान चंद के छोटे भाई थे।

द्वितीय विश्व युद्ध के कारण सन 1940 व 1944 के ओलंपिक खेल रद्द हुए, मगर भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर '1948 लंदन', '1952 हेलसिंकी' तथा '1956 मेलबॉर्न आलंपिक' तक अनवरत जारी रहा। 1960 के 'रोम ओलंपिक' में 'रजत पदक', 1964 टोक्यो में स्वर्ण तथा 1968 के मैक्सिको व 1972 के म्युनिख ओलंपिक में भारतीय हॉकी ने 'कांस्य पदक' जीते थे। सन 2020 टोक्यो तथा 2024 पैरिस ओलंपिक में भी हॉकी में कांस्य पदक जीते हैं।

इस प्रकार भारतीय हॉकी ओलंपिक महाकुंभ में अब तक 8 स्वर्ण, एक रजत व चार कांस्य पदक जीतकर विश्व खेल पटल पर एक सम्मानित मुकाम हासिल कर चुकी है। सन 70 के दशक तक भारतीय हॉकी विश्व की हॉकी टीमों के लिए खौफ बन चुकी थी। इसी दौरान यूरोपीय देशों ने एस्ट्रोटर्फ के जरिए हॉकी को एक नया रूप दे दिया, नतीजतन घास के मैदानों का वजूद समाप्त हुआ तथा हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर खेली जाने लगी। हालांकि इसी दौरान भारतीय टीम ने 1975 का 'हॉकी विश्व कप' तथा 1980 के मॉस्को ओलंपिक में 'स्वर्ण पदक' जरूर अपने नाम किए मगर एस्ट्रोटर्फ के असर ने भारतीय हॉकी के समृद्ध इतिहास को काफी हद तक प्रभावित करके इसके वर्चस्व को चुनौती दे डाली।

टोक्यो 2020 तथा 2024 पैरिस ओलंपिक में पुरुष हॉकी टीम ने अपने उम्दा प्रदर्शन से संकेत दिया है कि भारतीय हॉकी अपने सुनहरे खेल इतिहास को दोहराने की पूरी क्षमता रखती है। वर्तमान में हिमाचल में भी हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ बिछ चुके हैं। यदि खेल संघों व खेल व्यवस्थाओं पर आसीन अहलकार खेल प्रतिभाओं को तराशने तथा खेलकूद मामलों से जुड़े मंत्रालय उन्हें बुनियादी खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने में तत्परता दिखाएं तो करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किए गए एस्ट्रोटर्फ का लाभ उठाकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में हिमाचल को गौरवांवित कर सकते हैं। बहरहाल मेजर ध्यान चंद ने अपने खेल हुनर से करोड़ों लोगों को आकर्षित करके हॉकी का दीवाना बना दिया था। बीबीसी ने ध्यान चंद की तुलना अमेरिका के दिग्गज बॉक्सर मौहम्मद अली से की थी। जर्मन का कुख्यात तानाशाह 'एडोल्फ हिटलर' भी ध्यान चंद की करिश्माई हॉकी का मुरीद बन चुका था।

1936 के बर्लिन ओलंपिक के दौरान जर्मन अखबार की हेडलाइन थी कि 'ओलंपिक परिसर में अब जादू है'। खबर वैश्विक स्तर पर ध्यान चंद के बेहतरीन खेल की तस्दीक करती है। ओलंपिक पोडियम तक भारतीय हॉकी की स्वर्णिम बुनियाद के मुख्य शिल्पकार मेजर ध्यान चंद ने खिलाड़ी, कोच व चयनकर्ता के रूप में 1926 से लेकर 1964 तक भारतीय हॉकी को अपना अस्मरणीय योगदान दिया था। ध्यान चंद जब तक खिलाड़ी, कोच व मैनेजर के रूप में टीम के साथ रहे विश्व में भारतीय हॉकी की बादशाहत कायम रही। ध्यान चंद का हॉकी के प्रति समर्पण इस कदर था कि उन्होंने अपनी आत्मकथा का नाम भी 'गोल' ही रखा था। 185 मैचों में 570 गोल हॉकी जगत की एक ऐसी बेमिसाल उपलब्धि है, जो किसी भी हॉकी खिलाड़ी को आश्चर्यचकित करके सोचने पर मजबूर करती रहेगी, बल्कि यह करिश्मा एक ख्वाब बनकर रह जाएगा। विश्व का कोई भी हॉकी खिलाड़ी इस कीर्तिमान के नजदीक नहीं पहुंच सका। भारतीय ओलंपिक संघ भी ध्यान चंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित कर चुका है। भारत सरकार ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान का नाम 'मेजर ध्यान चंद खेल रत्न' रखकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया है। इसके अलावा देश में 'ध्यान चंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' भी दिया जाता है। सेना से सेवानिवृत्ति के समय सन् 1956 में सरकार ने मेजर ध्यान चंद को 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया था।

विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में शुमार करने वाले मे. ध्यान चंद के हॉकी में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस सम्मान की मांग दशकों से उठ रही है। ये सम्मान हॉकी के खिलाड़ियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। हमारे हुक्मरानों को इस विषय पर अपना रुख स्पष्ट करना होगा। मेजर ध्यान चंद का संबंध सेना की 'पंजाब रेजिमेंट' से रहा है। आखिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल हुनर की अमिट छाप छोड़ने वाले हॉकी के कुशल महारथी ध्यानचंद ने तीन दिसम्बर 1979 को दुनिया को अलविदा कह दिया था। खेल दिवस पर भारतीय सेना 'हॉकी के जादूगर' को शत-शत नमन करती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# हिमाचल में आपदा के लिए जिम्मेदार कौन?





अभिषेक शर्मा
जोगिंदरनगर

हिमाचल प्रदेश में हर साल मानसून का मौसम राहत से ज्यादा आफत लेकर आता है। इस बार भी भारी बारिश, भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी घटनाओं ने हजारों लोगों की जिंदगियों को अस्त-व्यस्त कर दिया है। गांव-गांव में तबाही के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, पुल टूट चुके हैं, सड़कें बह गई हैं और लोग बेघर हो रहे हैं।

सवाल यह है कि आखिर इस आपदा का जिम्मेदार कौन है– केवल प्रकृति या फिर इंसानी लालच और गलत विकास की नीतियां भी उतनी ही दोषी हैं? हिमाचल को सदियों से देवभूमि कहा गया है। यहां हर नदी, हर पर्वत और हर घाटी को देवताओं का निवास माना गया है। यह परंपरा न केवल आस्था की पहचान थी, बल्कि पर्यावरण और मनुष्य के बीच गहरे रिश्ते का प्रतीक भी थी, लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। आधुनिकता और विकास की अंधी दौड़ में इंसान उन्हीं देवताओं के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जहां कभी मंदिरों के पास शांति और प्राकृतिक सुंदरता होती थी, वहां आज मशीनों का शोर और धूल का गुबार छाया हुआ है। फोरलेन परियोजनाओं ने इस संकट को और बढ़ा दिया है।

सड़क चौड़ी करने के नाम पर पहाड़ों को अंधाधुंध काटा गया और लाखों पेड़ों की बलि दे दी गई। इन पेड़ों की जड़ें ही पहाड़ों को मजबूती देती थीं, लेकिन जब इन्हें खत्म कर दिया गया तो बारिश के दौरान पहाड़ दरकने लगे। अब हालात यह हैं कि फोरलेन के किनारे बसे सैकड़ों गांव दरारों से भर गए हैं, घर असुरक्षित हो गए हैं और लोग पलायन के लिए मजबूर हैं। विकास के नाम पर नदियों के किनारे होटल और रिसॉर्ट खड़े कर दिए गए हैं।

खनन और बिजली परियोजनाओं ने नदियों के प्राकृतिक बहाव को बदल डाला है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरणीय संतुलन को और बिगाड़ दिया है। देवभूमि की पहचान आस्था और प्राकृतिक संतुलन से थी, लेकिन आज इसे लालच और स्वार्थ की भेंट चढ़ा दिया गया है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि हिमालयी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

असामान्य बारिश, ग्लेशियरों का पिघलना और तापमान में उतार-चढ़ाव यहां आम हो गए हैं, लेकिन यह भी सच है कि हमारी गलत नीतियों और बिना वैज्ञानिक आकलन के किए गए निर्माण कार्यों ने इस संकट को और भयावह बना दिया है। जंगलों और नदियों की सुरक्षा, पारंपरिक निर्माण पद्धतियों का संरक्षण और पहाड़ों की भूगर्भीय मजबूती को प्राथमिकता देना जरूरी है। इसके साथ ही हमें अपनी संस्कृति और सनातन धर्म की उस सोच की ओर लौटना होगा, जिसमें प्रकृति को माता और देवताओं के रूप में पूजा जाता था। हिमाचल की मानसून आपदा सिर्फ बारिश का नतीजा नहीं है। यह उस देवभूमि के साथ किया गया अन्याय है, जहां विकास और सुविधा के नाम पर पहाड़ों को काटा गया, पेड़ों को बलि चढ़ाया गया और नदियों को रोका गया। असल में यह देवताओं के साथ खिलवाड़ ही है। जब तक हम अपनी सोच नहीं बदलेंगे और देवभूमि को उसकी असली पहचान के साथ सुरक्षित नहीं करेंगे, तब तक हर साल मानसून इस प्रदेश के लोगों के लिए त्रासदी लेकर आएगा। अगर हालात ऐसे ही रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब भारत के नक्शे से हिमाचल ही विलुप्त हो जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

आजकल मौसम चक्र में असामान्य परिवर्तन देखने को मिल रहा है। कभी असमय वर्षा होती है, तो कभी अत्यधिक गर्मी या सर्दी पड़ती है। इसका मुख्य कारण मानवजनित गतिविधियां हैं, जैसे वनों की कटाई, प्रदूषण, औद्योगीकरण और बढ़ता कार्बन उत्सर्जन। 'ग्लोबल वार्मिंग' के कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे मौसम चक्र असंतुलित हो रहा है। बर्फ तेजी से पिघल रही है, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और प्राकृतिक आपदाएं आम होती जा रही हैं। इसके अलावा, अनियमित जीवनशैली और ऊर्जा का दुरुपयोग भी जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है। यदि समय रहते हम पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे, तो इसके दुष्परिणाम और भी गंभीर होंगे। हमें पौधारोपण, स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

-सुमित, कायस्थवाड़ी

# हिमालय क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से संवेदनशील, बढ़ी तीव्रता





राजन कुमार शर्मा
गांव डुगली, जिला हमीरपुर

हिमालय विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला है, जो लगातार भू-वैज्ञानिक रूप से सक्रिय है। यही कारण है कि यह क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। हाल के दशकों में यहां आपदाओं की संख्या और तीव्रता दोनों बढ़ी हैं।

**आपदाओं की बढ़ती तीव्रता के कारण:** प्राकृतिक कारण भूवैज्ञानिक सक्रियता-हिमालय जोन-IV और V में आता है, इसलिए बड़े भूकंप की आशंका हमेशा रहती है। जलवायु परिवर्तन, औसत तापमान में वृद्धि से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, असामान्य वर्षा पैटर्न, बादल फटना, लंबे समय तक भारी वर्षा, भूस्खलन प्रवण ढलानें-ढलानों की प्राकृतिक अस्थिरता।

मानवजनित कारण-अनियंत्रित सड़क व सुरंग निर्माण-बिना भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स, नदी तट और ढलानों की अस्थिरता बढ़ाते हैं, वनों की कटाई और भूमि उपयोग परिवर्तन, प्राकृतिक अवरोध खत्म होने से भूस्खलन व बाढ़ का खतरा बढ़ा, पर्यटन व शहरीकरण का दबाव, अतिक्रमण और अव्यवस्थित बस्तियां।

आपदाओं के प्रमुख रूप-भूस्खलन हर साल मानसून में सैकड़ों स्थान प्रभावित, सड़कें व गांव कट जाते हैं, अचानक बाढ़, बादल फटने से कुछ ही घंटों में भारी विनाश (उदाहरण-2010 लद्दाख, 2021 उत्तराखंड), भूकंप, ऐतिहासिक रूप से बड़े भूकंप (1905 कांगड़ा, 2015 नेपाल) ने व्यापक तबाही मचाई, हिमस्खलन-सैनिक व स्थानीय लोग लगातार प्रभावित होते हैं, ग्लेशियर झील फटना (GLOFs)-2013 केदारनाथ और 2021 ऋषिगंगा जैसी घटनाएं। बढ़ती तीव्रता के प्रभाव, मानव जीवन-हर साल हजारों जानें जाती हैं।

आर्थिक हानि-सड़कें, पुल, बिजली परियोजनाएं व कृषि प्रभावित, पर्यटन पर असर-चारधाम यात्रा, हिमाचल व कश्मीर पर्यटन प्रभावित, सामाजिक विस्थापन-गांव उजड़ते हैं, लोगों को पुनर्वासित करना पड़ता है, पर्यावरणीय क्षति-नदियों का मार्ग बदलना, भूमि क्षरण, जैव विविधता प्रभावित। निवारण एवं प्रबंधन-सतत विकास की योजना-भूमि उपयोग पर कड़ा नियमन-संवेदनशील क्षेत्रों में अवैज्ञानिक निर्माण पर रोक। जलवायु अनुकूलन नीतियां-वर्षा जल प्रबंधन,ग्लेशियरमॉनिटरिंग।

**हिमालय क्षेत्र में आपदाओं के समाधान, नीति और योजना स्तर, सतत विकास:** सड़क, सुरंग, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट आदि का निर्माण भू-वैज्ञानिक अध्ययन और पर्यावरणीय मंजूरी के बाद ही हो, भूमि उपयोग नियंत्रण संवेदनशील ढलानों और नदी किनारों पर अनियंत्रित निर्माण पर रोक, कानूनी ढांचा सख्त करना-आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भवन निर्माण संहिता का अनिवार्य पालन, हरित नीति-पुनर्वनीकरण, कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट और नदी तट प्रबंधन, तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय, अर्ली वार्निंग सिस्टम, मौसम पूर्वानुमान, क्लाउडबर्स्ट और ग्लेशियर मॉनिटरिंग के लिए सैटेलाइट और रडार तकनीक, भूस्खलन प्रवण क्षेत्रों में सेंसर आधारित अलार्म सिस्टम, ग्लेशियर व झील मॉनिटरिंग-रोकने हेतु झीलों का नियमित निरीक्षण, सुदृढ़ निर्माण तकनीक-ढलानों पर रिटेनिंग वॉल, बायो-इंजीनियरिंग और सुरक्षित भवन डिजाइन, डेटा बेस और मैपिंग-उच्च जोखिम क्षेत्रों की भू-वैज्ञानिक एवं आपदा संवेदनशीलता मैपिंग। समुदाय और स्थानीय स्तर-आपदा शिक्षा व जागरूकता-ग्राम स्तर पर मॉकड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण, स्थानीय भागीदारी-गांवों में स्वयंसेवी समूह बनाना, पारंपरिक ज्ञान का उपयोग-पहाड़ी घरों की पारंपरिक वास्तुकला व जल प्रबंधन तकनीक का संरक्षण, सुरक्षित आजीविका- स्थानीय लोगों को ऐसी जीविका विकल्प (जैसे ईको-टूरिज्म, जैविक खेती) देना जो पर्यावरण पर कम दबाव डालें। प्रशासनिक व आपदा प्रबंधन उपाय-जिला व राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाएं समय-समय पर अपडेट हों, रेस्क्यू, राहत और पुनर्वास के लिए त्वरित बल की तैनाती, मोबाइल ऐप और U SMS आधारित चेतावनी प्रणाली, प्रभावित परिवारों के लिए बीमा व राहत पैकेज। बहरहाल, हिमालय क्षेत्र में आपदाओं की तीव्रता बढ़ना केवल प्राकृतिक कमजोरी का परिणाम नहीं है, बल्कि मानवजनित दबाव और जलवायु परिवर्तन भी इसके बड़े कारण हैं।

यदि विकास को पारिस्थितिक संतुलन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से न जोड़ा गया तो भविष्य में आपदाएं और भी घातक रूप ले सकती हैं। हिमालय क्षेत्र में आपदाओं का पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, क्योंकि यह भौगोलिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है, लेकिन वैज्ञानिक योजना, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी से इनकी तीव्रता और नुकसान दोनों को कम किया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# आखिर कब तक दहेज के लिए जलती रहेंगी बेटियां?





वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

हमारे समाज में दहेज प्रथा एक ऐसी कुरीति है, जो सदियों से रूढ़िवादी और हिंसक रूपों में प्रकट होती रही है। आधुनिक युग में शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और कानून के बावजूद यह प्रथा आज भी गहरी जड़ें जमाए बैठी है। बेटियां जो हमारी सभ्यता, संस्कृति और आने वाले कल की नींव हैं, आज भी इस आग में जलाई जा रही हैं।

कानून, शिक्षा और जागरूकता के युग में भी यह प्रथा क्यों नहीं समाप्त हो पा रही? आखिर कब तक बेटियों का यह दर्द जारी रहेगा? ये ऐसे यक्ष प्रश्न हैं, जो हमें सोचने पर मजबूर कर देते हैं। प्राचीन काल में विवाह के समय कन्या पक्ष द्वारा अपनी बेटी को उपहार स्वरूप कुछ न कुछ कीमती चीजें देते थे। शुरू में यह एक परंपरा के रूप में था, जहां माता-पिता अपनी बेटी को नया जीवन शुरू करने के लिए कुछ उपहार देते थे, लेकिन धीरे-धीरे यह लालच और प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया।

अब दहेज केवल उपहार नहीं, बल्कि शादी की शर्त बन चुका है। भारत में आए दिन समाचार पत्रों और टीवी चैनलों में खबरें आती हैं कि दहेज न मिलने के कारण किसी बहू को प्रताड़ित किया गया, उसे जलाया गया या आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा।

अभी 21 अगस्त को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के गांव में 26 वर्षीय विवाहित महिला को उसके 6 साल के बेटे के सामने जिंदा जलाकर मार दिया गया। ऐसी राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों की घटिया मानसिकता को देखकर हैरानी होती है कि जिस जीवनसाथी को सात फेरे लेकर अपना बनाया था, वह उसे कैसे इस आग के हवाले कर सकता है? एक बेटी, जो अपने माँ-बाप, घर, भाई बहन सबको छोड़कर एक अपरिचित को अपना बनाती है, उसके लिए 25 साल का अपना घर पराया कर देती है, वह चंद पैसों और निर्जीव वस्तुओं के खातिर एक सजीव प्राणी को ऐसी यातना देकर कैसे मार सकता है?

भारत में दहेज प्रथा से संबंधित ऐसे हजारों केस हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2022 में भारत में 6,450 दहेज संबंधित मौतें दर्ज हुईं, जो लगभग रोजाना 18 लड़कियों की हत्या के बराबर है।

दहेज प्रथा से संबंधित 13,479 मामले अभी रजिस्टर्ड हैं। पांच प्रमुख राज्यों में दहेज के मामलों में निम्न मौतें हुई हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिक 2,218, बिहार में 1,057, मध्य प्रदेश में 518, पश्चिम बंगाल में 472, और राजस्थान में 320 के लगभग मौतें दर्ज की गई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्टिंग अक्सर केवल दर्ज की गई घटनाओं पर आधारित होती है।

वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दहेज से संबंधित मौतें या तो गुम रहती हैं या दुर्घटनाएं कहकर दर्ज ही नहीं की जातीं। एनसीआरबी के अनुसार हर साल हजारों महिलाओं की मौत दहेज उत्पीड़न के कारण होती है। कई मामले अदालत तक पहुंचते ही नहीं, क्योंकि समाज और परिवार 'इज्जत' के नाम पर चुप्पी साध लेते हैं। बहुत सी महिलाएं मान मर्यादा और डर के मारे जिंदा तो रहती हैं परंतु उनका जीवन मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की आग में जलकर खत्म हो जाता है। 'भ्रूण हत्या' भी इसी बुराई का दुष्परिणाम है, क्योंकि बेटी के पैदा होते ही परिवार पर दहेज जुटाने का बोझ बढ़ जाता है, जिससे बेटी के माता-पिता मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दबाव में जीवन बिताते हैं। इसी वजह से बेटियों को बोझ समझा जाने लगता है और भ्रूण हत्या जैसी घातक बुराई का जन्म होता है।

आखिर दहेज के कारण कब तक बेटियां जलती रहेंगी? दहेज हत्या के मामलों में अक्सर साक्ष्य मिटा दिए जाते हैं, फॉरेंसिक के साथ छेड़छाड़ की जाती है। नतीजतन दहेज हत्या की शिकार बेटी को इंसाफ या तो मिलता ही नहीं या बहुत देर से मिलता है। ग्रेटर नोएडा वाले मामले में जो प्राथमिकी दर्ज की गई है, उसमें दहेज निषेध कानून की धारा 80 बीएनएस को लागू ही नहीं किया गया है। ऐसे मामलों में कहां चूक होती है, किसकी मिलीभगत होती है? ऐसे मामलों में त्वरित जांच होनी चाहिए और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। दहेज प्रथा के उन्मूलन के लिए बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की बहुत आवश्यकता है। बेटियां जब आत्मनिर्भर होंगी, तब उन्हें दहेज के नाम पर बोझ नहीं माना जाएगा। जीवन साथी चुनते समय यदि कोई दहेज की मांग कर रहा है तो लड़की वालों को वह संबंध अस्वीकार कर देना चाहिए और दहेज का खुलकर विरोध करना चाहिए। बेटियों को दहेज की आग में जलाना बंद कर उन्हें सम्मान, शिक्षा और स्वतंत्रता की रोशनी दें। समाज तभी प्रगति करेगा जब उसकी आधी आबादी सुरक्षित और सम्मानित होगी।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए, बायोस्टेट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक सीख रहे मूल्यांकन की बारीकियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा समग्र शिक्षा के तहत सरकारी स्कूलों में कार्यरत 35 हजार प्राथमिक शिक्षकों के लिए मूल्यांकन को लेकर प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को नौनिहालों का सतत् एवं समग्र मूल्यांकन की बारीकियां सिखाई जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को जोगिंदनगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें शिक्षा खंड द्रंग- 1, द्रंग- 2, चौंतड़ा चौंतड़ा- 1 व चौंतड़ा चौंतड़ा- 2 के 63 शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि जोगिंदरनगर में अब तक तीन चरणों में 72-72 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सतत् एवं समग्र मूल्यांकन की बारीकियां सिखाई जा है।

### स्वयंसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर के एनएसएस, रोवर रेंजर इकाई और ईको क्लब द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस में बड़ी संख्या में स्वयंसेवियों के साथ शिक्षक व गैरशिक्षक वर्ग ने भी भाग लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और रोवर लीडर ने स्वच्छता के महत्व पर व्याख्यान देकर छात्रों को जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने हाथों में झाड़ू लेकर आसपास फैली गंदगी को साफ किया और कचरे को अलग-अलग डिब्बों में इक्ट्ठा किया। कीचड़ भरे रास्तों को पत्थर लगाकर चलने के लिए सही किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को 'स्वच्छता ही सेवा है' का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप, कार्यक्रम अधिकारी- प्रो. रमणीक शर्मा, रेंजर लीडर-प्रो. अंजली परमार, रोवर लीडर- प्रो. कुलदीप कुमार, ईको क्लब के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ब्रजनंदन, प्रो. मेहर सिंह प्रो. यश पाल के साथ अन्य गैरशिक्षक वर्ग ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

### खिलाड़ियों ने की शूटिंग प्रतियोगिता की तैयारी

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले आगामी इंटर-कॉलेज शूटिंग प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर पिस्टल खिलाड़ियों के लिए एक विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं राष्ट्रीय स्तर की शूटर किरण रावत ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को पिस्टल शूटिंग से संबंधित मूलभूत तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान किरण रावत ने खिलाड़ियों को लक्ष्य साधने की विधि, शरीर की स्थिरता बनाए रखने के तरीके, श्वास नियंत्रण, हथियार पर उचित पकड़, तथा एकाग्रता बनाए रखने की तकनीकें समझाईं। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग खेल में सफलता केवल तकनीकी ज्ञान पर नहीं बल्कि मानसिक संतुलन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास पर भी निर्भर करती है। खिलाड़ियों को सकारात्मक सोच अपनाने और आत्मविश्वास के साथ अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। खिलाड़ियों ने इस प्रैक्टिस सेशन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के गेम इंचार्ज प्रो. हुकम चंद ने पूरे कार्यक्रम का सफल प्रबंधन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया, ताकि वे भविष्य में न केवल महाविद्यालय का बल्कि जिले और प्रदेश का भी नाम रोशन कर सकें।

### पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नेरचौक में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। नेरचौक से मेडिकल कॉलेज तक सड़क मार्ग पर बस स्टॉप और हल्के वाहनों के पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने इस संबंध में ड्राफ्ट अधिसूचना जारी कर दी है। ड्राफ्ट अधिसूचना के अनुसार बस स्टॉप एसबीआई नेरचौक और रेन शेल्टर के पास, मेडिकल कॉलेज के सामने ओम मेडिकल स्टोर के समीप तथा राणा मार्केट नेरचौक में प्रस्तावित किए गए हैं। हल्के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल मेडिकल कॉलेज नेरचौक से हंग्री प्वाइंट तक, मल्होत्रा अस्पताल के पास, पेट्रोल पंप के पास तथा गुरुद्वारा साहिब के पास निर्धारित किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रस्ताव पर आमजन से एक माह के भीतर लिखित आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद ही अधिसूचना को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया है कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने में सहयोग करते हुए अपने सुझाव समय पर प्रस्तुत करें।

### गांवों में एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एचआईवी जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करसोग के सेरी बंगलों स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, सेरी गांव और काओ गांव में एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चैहान की देखरेख में चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान में पीएचसी सेरी बंगलों में, गांव के 120 लोगों के छाती के एक्स-रे भी किए गए। यह एक्स-रे हैंड एक्स-रे मशीन के माध्यम से किए गए। डॉ. अजय सांगला ने बताया कि इसमें एक्स-रे टेक्निशियन जय कुमार और टीबी सुपरवाइजर लवली ठाकुर ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिविल अस्पताल करसोग की आईसीटीसी काउंसलर नंदा शर्मा ने महिलाओं और युवाओं को एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण और बचाव उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की।

### गणेशोत्सव के दौरान कल भंडारा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थनेहड़ा बाजार स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में शनिवार 30 अगस्त को विशेष भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के दीपक गुलेरिया ने बताया कि 10 दिवसीय गणपति महोत्सव के चलते हालांकि विशाल भंडारे का आयोजन तो 5 सितंबर को होगा, लेकिन उससे पहले भी भक्त जनों के लिए प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाने का मौका है।

# बनाला में बहाल हुआ एनएच, निकाले जा रहे वाहन : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे-3 भारी बारिश और भूस्खलन के चलते बंद हो गया है। बुधवार शाम को तीन दिन बाद यह मार्ग बहाल हुआ था, लेकिन रात को बनाला में एक बड़ी पहाड़ी खिसकने से हाईवे फिर बंद हो गया। इसके अलावा पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर हाईवे का एक हिस्सा पूरी तरह धंस गया है। यहां पैदल आवाजाही तक संभव नहीं रह गई है। वहीं प्रशासन द्वारा यहां अस्थायी मार्ग तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन फिलहाल राहत के आसार नजर नहीं आ रहे। मंडी से कुल्लू के लिए फिलहाल कटौला मार्ग ही विकल्प बचा है, जहां से छोटे वाहनों को एक-एक घंटे के अंतराल में भेजा जा रहा है। वर्ष 2023 में भी इस क्षेत्र में इसी प्रकार की आपदा आई थी, जिसे सुधारने में आठ महीने लग गए थे।

इधर कुल्लू-मनाली क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक है। मनाली की ओर जाने वाला मार्ग 20 से ज्यादा स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है। 50 से अधिक घर व होटल बह गए हैं और हजारों लोग फंसे हुए हैं। इसी दौरान एक ट्रक चालक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई, जबकि एक महिला की समय पर अस्पताल न पहुंचने से जान चली गई।

पंडोह डैम के समीप चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पूरी तरह से जमींदोज हो गया है। वहीं किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग-3 पर बनाला के पास बुधवार रात भूस्खलन से बंद हुआ सड़क मार्ग को कुल्लू की ओर बहाल कर दिया गया है। यहां फंसे वाहनों को फिलहाल कुल्लू की ओर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अति महत्वपूर्ण सड़क मार्ग को बहाल करने का कार्य वीरवार सुबह से ही शुरू कर दिया गया। आज प्रात:काल होते ही मशीनरी लगाई गई और लगातार मलबा हटाने का काम चलता रहा। एसडीएम बालीचौकी के साथ पूरा प्रशासनिक अमला भी बहाली कार्य की निरंतर निगरानी करता रहा। यहां फंसे लोगों के भोजन-पानी इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था प्रशासन की ओर से विभिन्न स्वयं सेवियों के सहयोग से की गई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि रात में पहाड़ से पत्थर गिरते रहने के कारण तुरंत मार्ग खोलना संभव नहीं था। सुबह हालात अनुकूल होते ही एनएचएआई की टीमों ने कार्य आरंभ किया और पूरे दिन की कड़ी मेहनत के बाद अब आज सायं लगभग 5.30 बजे यहां से मलबा हटा लिया गया। उन्होंने कहा कि यहां यातायात फिलहाल सुचारु है और प्रशासन मौके पर पूरी सतर्कता बनाए हुए है। भूस्खलन साफ हो गया है और किसी भी वाहन के दबने, क्षतिग्रस्त होने या बह जाने की कोई घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने इस कार्य में जुटे सभी सहयोगियों का त्वरित कार्रवाई के लिए आभार भी जताया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हालांकि, मंडी और कुल्लू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग अभी तक यातायात के लिए नहीं खोला गया है, क्योंकि कैंची मोड़ के पास एक अन्य स्थान पर अभी भी मरम्मत का काम चल रहा है, जिसमें काफी समय लगने की संभावना है।



एनएच बहाली में जुटी जेसीबी।

## बनाला भूस्खलन को लेकर ट्वीट करने पर ट्रोल हुई सांसद कंगना

**बनाला** को लेकर सांसद कंगना रनौत के ट्वीट ने मंडी प्रशासन को सफाई देने पर विवश कर दिया। हुआ यूं कि बुधवार रात को बनाला के पास बड़ी मात्रा में भूस्खलन हुआ, जिसके उपरांत सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा बनाला भूस्खलन में लोगों व वाहनों के दबे होने की पोस्टें डाली जानी लगी। इसी बीच सांसद कंगना रनौत ने भी बनाला घटना पर ट्वीट कर दिया। कंगना ने लिखा कि बनाला भूस्खलन में कई लोग और वाहन दब गए हैं। सांसद द्वारा किए गए ट्वीट के कारण वहां मीडिया जुटने लगा, लेकिन थोड़ी देर में डीसी मंडी ने लोगों से आग्रह किया कि बिना प्रमाण के सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्टें न डालें, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बने। सोशल मीडिया पर लोगों ने सांसद को ट्रोल करना आरंभ कर दिया। गौर हो कि आए दिन सोशल मीडिया पर बहुत से लोग बिना तथ्यों के घटना की अधूरी जानकारियां डाल देते हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जिला प्रशासन ने अधूरी जानकारी डालने वालों पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई है।

## भूस्खलन को लेकर अफवाहें न फैलाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**यात्रियों से अपील : रात के समय यात्रा से बचें**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा है कि सोशल मीडिया पर पनारसा के पास बनाला में फोरलेन पर हुए भूस्खलन को लेकर फैल रही खबरें पूरी तरह अफवाह हैं। कुछ व्यक्तियों द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा है कि भूस्खलन की चपेट में लोग और वाहन आए हैं तथा जनहानि हुई है, जबकि अभी तक कोई साक्ष्य सामने नहीं आए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि बुधवार रात लगभग साढ़े आठ बजे बनाला के पास ऊंची पहाड़ी से भारी भूस्खलन हुआ था, जिसका मलबा नदी तक पहुंचा। प्रात:काल तड़के ही मौके पर मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। एसडीएम बालीचौकी देवीराम और तहसीलदार लगातार घटनास्थल पर मौजूद हैं और कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि जब तक प्रशासन से कोई सत्यापित सूचना न मिले, तब तक इस तरह की अफवाहें न फैलाएं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस दिन-रात राहत एवं पुनर्बहाली कार्यों में लगे हुए हैं। उन्होंने यात्रियों से आग्रह किया कि रात के समय यात्रा से परहेज करें।

## भगवान गणेश भारतीय समाज के ऊर्जा के केंद्र : ललित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सिद्ध गणपति मंदिर ट्रस्ट मंडी द्वारा आयोजित 37वां गणेश महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गणेश महोत्सव के दूसरे दिन सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने गणपति भगवान की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समस्त श्रद्धालुओं के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। अपने संबोधन में आचार्य अवस्थी ने कहा कि भगवान गणेश भारतीय समाज में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक एकता, नैतिक शिक्षाओं और सामाजिक प्रेरणा के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। वे न केवल आराध्य देव हैं बल्कि भारतीय जीवनदर्शन के मूल्यों, बुद्धि, विवेक, सदाचार और सामूहिकता के जीवंत प्रतीक भी हैं।

सिद्ध गणपति मंदिर ट्रस्ट मंडी के प्रधान दीना नाथ व ट्रस्टी अनिल शर्मा ने बताया कि महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में गणेश वंदना, श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. राकेश सह अधिष्ठाता अकादमिक मामले एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग, अधीक्षक मोनिका कपूर, अजय कुमार, गणपती ट्रस्ट के प्रधान दिना नाथ सैनी, तारा चंद पटियाल, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, मुरारी शर्मा, अशोक गुप्ता, जी.सी. सैनी, चंद्रमणि वर्मा, विक्रम सैनी, कृष्णा सैनी, शांता सैनी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।


37वें गणेश महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कुलपति एसपीयू मंडी व साथ में अन्य।

## मंडी के मुख्य बाजार में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बाधित पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए जल शक्ति विभाग दिन-रात कार्य कर रहा है। मंडी शहर के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा दो स्तरीय व्यवस्था की गई है। इसके तहत मुख्य शहर के लिए टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की कार्य योजना तैयार की गई है। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता देवराज चौहान ने बताया कि मंडी के मुख्य बाजार, थनेहड़ा, धाराकोठी, टारना, तल्याहड़, सन्यारड, अपर पंजेठी, अपर मंगवाईं, बाड़ी, समखेतर, दरम्याना, भगवाहन, रवि नगर व बगला मोहल्ला में आज वीरवार को नगर निगम के सहयोग से टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में कल दोपहर तक ही जलापूर्ति की संभावना है।

उन्होंने बताया कि मंडी शहर में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर विभाग ने स्थानीय पेयजल स्रोतों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में नगरवासियों को पेयजल उपलब्ध करवाने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत नगर के पड्डुल, सौलीखड्ड के निचले क्षेत्र, पुल घराट, मंगवाईं में सड़क से निचले क्षेत्र, जेलरोड, लोअर पंजेठी, तुंगल कॉलोनी, लाल कोठी, पैलेस, क्षेत्रीय चिकित्सालय, खलियार, ढांगसीधार, पुरानी मंडी, निचली भियूली के कुछेक क्षेत्र, अपर भियूली का समस्त क्षेत्र, गणपति मार्ग, सैण, मट्ट, लोअर नेला आदि स्थानों में आज जलापूर्ति बहाल कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गत दिनों से अत्यधिक असामान्य वर्षा के फलस्वरूप ऊहल नदी आधारित बहाव पेयजल योजना मंडी व ब्यास दरिया आधारित उठाऊ पेयजल योजना मंडी पूर्णतया अवरुद्ध हुई थीं। इनमें से मंडी नगर को जलापूर्ति करने वाली मुख्य बहाव पेयजल योजना के अन्तर्गत 450 एमएम व्यास की मुख्य पाइप लाइन 'स्कोर' के पास पुन: भूमि धंसने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गयी थी।

इस विकट परिस्थिति में लोगों से पानी के ध्यानपूर्वक उपयोग के साथ ही सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

## नौणा चलयाला में खुलेगा डे बोर्डिंग स्कूल

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौणा चलयाला में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सत्र में प्रश्नकाल के दौरान कुछ विधायकों के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि सराज हल्के के लिए प्रस्तावित राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल नौणा चलयाला स्थान में खोला जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा प्रदेश में खोले जाने वाले सभी 68 डे बोर्डिंग स्कूलों के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। वहीं सराज हल्के के नौणा में डे बोर्डिंग स्कूल खोले जाने की घोषणा से अब उन सभी आशंकाओं को विराम लगा है जिनमें कहा गया था कि डे बोर्डिंग स्कूल जंजैहली के जरोल में खोला जा रहा है। नौणा चलयाला, उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और इस स्थान पर वर्ष 2023 में डे बोर्डिंग स्कूल को लेकर सभी विभाग निरीक्षण कर चुके हैं जिसकी रिपोर्ट जिलाधीश मंडी को भी प्रेषित की जा चुकी है। इस स्थान पर डे बोर्डिंग स्कूल के लिए 56 बीघा भूमि भी चिन्हित की जा चुकी है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी नौणा में इस संस्थान को खोले जाने का स्वागत किया है।

### सीएम व शिक्षा मंत्री का आभार

**बालीचौकी** में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की स्वीकृति के लिए हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य एवं सराज कांग्रेस के नेता विजय पाल सिंह ने मुख्यमंत्री सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बालीचौकी क्षेत्र की यह जायज मांग पूरी हो गई है, क्योंकि क्षेत्र में अब तक कोई बड़ा शिक्षण संस्थान नहीं खुला था। वे इसे लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताएंगे।

## धूमधाम से मनाया श्री देव माहुंनाग चुनाहन का जन्मदिन

**आदर्श, आनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** मंडी जिला के नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत नाग पंचमी के पर्व पर श्री देव माहुंनाग चुनाहन का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री देव माहुंनाग चुनाहन क्षेत्र के आराध्य देव हैं तथा लोगों की आस्था के प्रतीक है।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश यादव ने बताया कि श्री देव माहुंनाग हम सब के आराध्य देव हैं। उनकी कृपा से क्षेत्र में सुख शांति बनी रहती हैं। यादव ने बताया कि इस वर्ष चारों ओर से त्रासदी के दुख भरे समाचार आ रहे हैं मगर इस क्षेत्र में श्री देव माहुंनाग व देवी देवताओं व ईश्वर कृपा से सुख शांति है और अमन चैन बरकरार है। उन्होंने बताया कि श्री देव माहुंनाग के जन्मदिन के उपलक्ष पर विशेष पूजा रचना कर संसार में शांति बने रहे इसके लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सोहन सिंह, पुरोहित देवमणि शास्त्री, मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद फौजी कटवाल काकू, गोविंद ठाकुर, हेम सिंह, नाग राम तथा जुलाहु राम सहित कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

## स्वर्णकार 2 से 6 सितंबर तक रहेंगे अवकाश पर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील लडभड़ोल क्षेत्र के सभी स्वर्णकारों ने 2 से 6 सितंबर तक अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ लडभड़ोल के प्रधान सुरेंद्र सोनी ने बताया कि यह वार्षिक अवकाश रहेगा, जिसके चलते क्षेत्र की सभी आभूषण की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी।

सुरेंद्र सोनी ने स्वर्णकारों से इस फैसले का पालन करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी स्वर्णकार इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

## बरोट मियोट व मुल्थान लोहारड़ी सड़क बंद

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी गत दिनों हुई भारी बारिश के पानी से पूरी रात से तर बतर होने से वीरवार को जगह जगह भूस्खलन होने से जहां वन संपदा को नुकसान हुआ है, वहीं छोटाभंगाल व चौहार घाटी को जोड़ने वाले बरोट घटासनी 25 किलोमीटर मुख्य सड़क मार्ग के बीच लचकंडी और वरधान नामक स्थान पर बुधवार रात को भारी मलबा गिर गया है।

जिस कारण यह सड़क मार्ग बार-बार ही अवरुद्ध हो रहा है। इसके साथ-साथ बरोट-मियोट नौ किलोमीटर सड़क मार्ग में ठूंठरी धार व नागनाला में भारी मलबा गिरने तथा छोटा भंगाल घाटी के अंतर्गत आने वाले मुल्थान-बड़ा ग्रां सोलह किलोमीटर सड़क मार्ग के बीच सरला, गगलु दी मलाह गांव के समीप तथा राक्ष नाली में मलबा गिरने व घाटी का मुल्थान-लोहारड़ी छह किलोमीटर सड़क मार्ग के बीच पुरानी हैचरी, रोपडू तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारडी के समीप भारी ल्हासा गिरने के कारण यह सड़क मार्ग भी पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है।

बरोट पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर, खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल, मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर आदि सहित घाटियों के समस्त लोगों ने अवरुद्ध हुए सभी सड़क मार्गों को तुरंत बहाल किया जाए।


मियोट सड़क मार्ग के बीच नागनाला में गिरा मलबा।

## छतरैना में पुलिस ने बरामद की 10 पेटी अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

टिहरा पुलिस ने छतरैना क्षेत्र में चौकी प्रभारी सुनील ठाकुर की अगवाई में नाका लगाकर एक कार से अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन कार एसपी 21सी 2911 की तलाशी ली, जिसमें से 10 पेटी अवैध शराब पाई गई। इस मामले में आरोपी की पहचान ग्राम पंचायत सजयाओपीपलू के जोढन गांव निवासी साहिल ठाकुर के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने मौके पर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टिहरा थाना प्रभारी सुनील ठाकुर का कहना है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि समाज में नशाखोरी और अवैध धंधों पर रोक लगाई जा सके।

## जोगिंद्रनगर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल : गुलाब

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गुलाब सिंह ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जोगिंद्रनगर उपमंडल की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं, जिससे आम जनता को बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुलाब सिंह ने कहा कि जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। हालत इतनी खराब है कि लोगों को साधारण इलाज के लिए भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से इस अस्पताल को 100 बिस्तरों वाला अस्पताल बनवाया था और 19 डॉक्टरों के पद स्वीकृत करवाए थे, जिनमें अधिकतर विशेषज्ञ थे।



उन्होंने अफसोस जताया कि वर्तमान में अस्पताल में केवल तीन डॉक्टर कार्यरत हैं और कई बार ओपीडी पर ताले लटके रहते हैं। इससे लगभग डेढ़ लाख की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। ठाकुर ने कहा कि उन्होंने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, ब्लड बैंक जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी शुरू करवाई थीं, जो अब वर्षों से बंद पड़ी हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल सहित उपमंडल के अन्य अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती तुरंत की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठाए, तो क्षेत्र को गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**बैठक** सरकाघाट अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक में उपकरण खरीदने को दी मंजूरी

# 50 लाख से मिलेगी मरीजों को सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नागरिक अस्पताल सरकाघाट में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की बैठक अस्पताल सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (ना.) स्वाती डोगरा ने की। बैठक में नागरिक अस्पताल के प्रभारी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने एजेंडे पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने समिति के समक्ष गत वर्ष अस्पताल में हुए कार्यों और खर्च हुए बजट का ब्योरा प्रस्तुत किया। साथ ही वर्तमान वर्ष के लिए प्रस्तावित योजनाओं और बजट पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है और अब आने वाले वर्ष में मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।



### 50 लाख का बजट किया पारित

**आरकेएस** की बैठक में एसएमओ डॉ. संजीव द्वारा अस्पताल के विभिन्न उपकरण खरीदने और दशा सुधारने को लेकर कमेटी किस्मत प्लान प्रस्तुत किया जिसे लेकर 50 लाख रुपए का बजट पारित किया गया।

### एक साल बाद हुई बैठक

**रोगी** कल्याण समिति की बैठक ठीक एक साल बाद आयोजित हुई। इससे पीछे 2023 में बैठक हुई थी। 2024 में बैठक ही आयोजित नहीं हो पाई थी जिसके कारण उपकरण नहीं खरीदे जा सके थे।

### इन कार्यों को मिली मंजूरी

**लेबर** रूम में नए उपकरण खरीदे जाएंगे दवाइयां सही सलामत रहे इसके लिए एसी खरीदा जाएगा। ऑक्सीजन प्लांट रिपेयर किया जाएगा खराब हो चुके एक्वागार्ड नए खरीदे जाएंगे। बिस्तरों पर नए कंबल लिए जाएंगे। अस्पताल की बिजली वायरिंग चेंज की जाएगी नई डेंटल चेयर खरीदी जाएगी, वहीं पिछली बैठक में जो सामान खरीदने की मंजूरी ली है वह सामान खरीदा जाएगा। समिति सदस्यों ने अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के सुझाव भी रखे।

### स्वाति डोगरा ने जाहिर की नाराजगी

पिछले वर्ष आरकेएस की बैठक में बजट स्वीकृत होने के बावजूद भी खरीद नहीं करने को लेकर उपमंडल अधिकारी स्वाति डोगरा ने खासी नाराजगी जाहिर की। नागरिक अस्पताल में मरीजों को सुविधा नहीं मिल पाना सबसे बड़ी लापरवाही है।

## दलित और अल्पसंख्यक वर्ग सम्मेलन की मेजबानी करेगा मंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में सेंट्रल जोन स्तर पर दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र पाल गौतम सहित कई प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे।

सम्मेलन को सफल बनाने के लिए परिषद के महासचिव एवं प्रवक्ता चमन राही ने दिल्ली में डॉ. राजेंद्र पाल गौतम से मुलाकात की और उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन समुदायों के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

इसके साथ ही परिषद ने जानकारी दी कि 31 अगस्त को दिल्ली में स्वाभिमान मुक्ति दिवस का आयोजन भी किया जा रहा है। इस आयोजन में सतीश सांशी प्रमुख संयोजक होंगे। यह दिन उन ऐतिहासिक घटनाओं की याद में मनाया जाता है, जब अंग्रेजों द्वारा 1871 में लगाए गए क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत देश के 193 कबीलों को जन्मजात अपराधी घोषित कर उनकी आजादी छीन ली गई थी।

चमन राही ने बताया कि यह कड़ा और अमानवीय कानून करीब 80 वर्ष 11 महीने और 16 दिन तक लागू रहा, जिससे इन समुदायों को पीढ़ियों तक दमन झेलना पड़ा, लेकिन आजादी के बाद समाजसेवी मास्टर प्रभुदयाल जी के अथक प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस कानून को समाप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 31 अगस्त को दिल्ली में स्वाभिमान मुक्ति दिवस के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार का आयोजन डॉ. राजेंद्र पाल गौतम के नेतृत्व में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अनुशंसा पर और समाजसेवी एसपी सिंह व लभाना नैशनल कोऑर्डिनेटर के सहयोग से किया जा रहा है।

चमन राही ने देशभर के डीएनटी (विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों) के बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर पर एकजुट होकर अपने पूर्वजों की कुर्बानियों को याद करें और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करें।


दिल्ली में डॉ. राजेंद्र पाल गौतम से मुलाकात करते हुए चमन राही व अन्य।

# मणिमहेश यात्रा पर गईं ऊना की दो महिलाएं लापता

**अनंत ज्ञान, अंब**

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत चौआर से मणिमहेश यात्रा पर गई दो महिलाओं का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसके चलते उनके परिजनों ने अब प्रदेश सरकार से सहायता की गुहार लगाई है। चौआर पंचायत की जीवन ज्योति व बबली शर्मा शुक्रवार को आठ अन्य महिलाओं के साथ मणिमहेश यात्रा पर गई थी। जीवन ज्योति के पति दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि शनिवार को चंबा जिले में बारिश व भूस्खलन की खबरें मिलने के बाद उन्होंने रविवार को सवारियां लेकर गए ड्राइवर सुखदेव से फोन पर बात की। ड्राइवर ने उन्हें बाकी सवारी के वापस आ जाने व जीवन ज्योति और बबली की वापस बेस कैंप में न पहुंचने की बात कही। दीपेंद्र ने बताया कि इसके बाद उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन फोन नंबर पर संपर्क किया। उन्हें वहां से भी कोई संतोषजनक जवाब न मिला। उन्होंने उन्हें चंबा जिले में तैनात एक पुलिस अधिकारी का नंबर दे दिया। पुलिस अधिकारी से बात करने पर उन्हें पता चला कि भारी बारिश व भूस्खलन के चलते भरमौर एरिया में नेटवर्क सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। इसके चलते यात्रियों से संपर्क संभव नहीं हो पा रहा है। दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस बात को लेकर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से भी गुहार लगाई है।



अंब उपमंडल की पंचायत अंदौरा में पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश से मंदिर की गिरी सुरक्षा दीवार ।

## भूस्खलन से टूटी श्रीराम मंदिर की सुरक्षा दीवार, मंदिर व कमरे खतरे में

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

अंब उपमंडल की पंचायत अंदौरा में पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश ने श्रीराम मंदिर पर संकट खड़ा कर दिया है। ऊपर अंदौरा स्थित मंदिर की सुरक्षा के लिए बनाई गई दीवार भूस्खलन से आए भारी मलबे के दबाव में टूट गई। दीवार टूटने से मंदिर व मंदिर परिसर में बने कमरे खतरे की जद में आ गए हैं। मंदिर परिसर के साथ अब भी भारी मलबा जमा है। स्थानीय ब्लॉक समिति सदस्य बलबीर धीमान ने बताया कि मंदिर में रोजाना श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। यदि दोबारा तेज बारिश हुई, तो बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। मंदिर के पुजारी सीता राम ने कहा कि दीवार टूटने के बाद मंदिर व कमरे लगातार खतरे में हैं। उन्होंने कहा, रात को नींद भी चैन से नहीं आती। हमेशा भय बना रहता है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। मंदिर के पुजारी सीताराम ने प्रशासन से जल्द मलबा हटाने दानी सज्जनों से मंदिर की सुरक्षा के लिए दोबारा दीवार लगाने व ठोस कदम उठाने के लिए सहयोग की अपील की है।

## तलमेहड़ा-जोल मुख्य सड़क छोटे वाहनों के लिए हुई बहाल

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** तलमेहड़ा से जोल सड़क पिछले तीन दिनों से लैंडस्लाइडिंग होने से पूर्ण रूप से बंद हो गई थी। उसे वीरवार दोपहर बाद छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है। हालांकि, वहां विभागीय अधिकारी व जेसीबी ऑपरेटर व टीम दिन-रात कार्य करने में लगे रहे।

लोक निर्माण विभाग जोल के एसडीओ भानु ओहरी ने बताया कि छोटे वाहनों के लिए सड़क सुविधा को बहाल कर दिया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि इस स्थान पर वाहन सचेत होकर चलाएं। सड़क मार्ग को बहाल करने पर स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग का बंद होने से जोल, बड़ूही, ऊना, खुरवाई के यात्रियों, तलमेहड़ा स्कूल, बंगाणा कॉलेज के लिए जा रहे बच्चों और अध्यापकों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में ऐसे संवेदनशील स्थान पर स्थायी सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।



तलमेहड़ा-जोल मार्ग पर हटाया गया लहासा, मार्ग बंद होन से हो रही थी परेशानी।

## पूर्व विधायक ने अंदौरा मंदिर में डंगे की हुई क्षति का लिया जायजा



भाजपा नेता चैतन्य शर्मा भारी बारिश से श्रीराम मंदिर परिसर अंदौरा के नुकसान का जायजा लेते हुए।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** श्री राम मंदिर अंदौरा सैकड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का केंद्र है। हाल ही में हुई भारी बारिश से मंदिर परिसर से सटा डंगा क्षतिग्रस्त हो गया है।

इससे मंदिर के भवन की सुरक्षा पर संकट मंडराने लगा है। यह चिंता श्रद्धालुओं की गहरी पीड़ा और भगवान श्रीराम के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को और प्रबल करती है। मंदिर की इस स्थिति का जायजा लेने के लिए पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा स्वयं परिसर में पहुंचे। उन्होंने पुजारी सीताराम से भेंट कर आश्वासन दिया कि मंदिर की सुरक्षा और दोबारा डंगा लगाने के लिए प्रशासन से आग्रह किया गया है कि तुरंत कदम उठाया जाए। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर भी हर संभव सहयोग देने का वचन दिया। पुजारी सीताराम ने चैतन्य शर्मा की नेकदिली के लिए आभार जताया और कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से यह मंदिर कई वर्षों से सैकड़ों लोगों की आस्था का आधार रहा है, अब जब यह संकट का समय आया है, तो सब मिलकर मंदिर का डंगा लगाने के लिए आगे आएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मेडल जीतने पर दिलावर सिंह को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, अंब।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के शिवपुर गांव के जवान दिलावर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम ऊंचा किया। सेना में तैनात दिलावर सिंह ने थाइलैंड के बैंकॉक में आयोजित 57वीं एशियान बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 18 से 25 अगस्त तक आयोजित हुई थी। इसमें कई देशों के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। दिलावर सिंह की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल गगरेट विधानसभा क्षेत्र, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने दिलावर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवा ही आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं। इस मौके पर गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन लंबरदार, महामंत्री अतुल शर्मा, पंकज, बूथ अध्यक्ष संजीव मिंटू, बीडीसी वाइस चेयरमैन प्रिंस जसवाल, मोहित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में एनएसएस के स्वयंसेवियों तथा रेड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. बलविंदर सिंह राणा रहे। कार्यक्रम में डॉ. राणा ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ़ है और इन्हें अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए शिक्षा, अनुशासन व रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने स्टूडेंट्स से समाज में जागरूकता फैलाने और नशामुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान पर प्रकाश डाला और उपस्थित विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दिलाया।

## भूपिंदर बने ऊना कॉलेज पीटीए कमेटी के अध्यक्ष



राजकीय महाविद्यालय ऊना में पीटीए कमेटी की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय महाविद्यालय ऊना में अभिभावक शिक्षक संघ की सामान्य बैठक कॉलेज परिसर स्थित बीसीए सभागार में हुई। बैठक में पीटीए सचिव डॉ. शाम सिंह बैंस ने पूर्व सत्र की पीटीए की गतिविधियों तथा आय-व्यय विवरणिका को सभी सदस्यों के समक्ष रखा। इस आम सभा में सत्र 2025-26 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें पीटीए प्रधान भूपिंदर सिंह, उपप्रधान पद पर सीमा देवी, सचिव पद पर डॉ. शाम सिंह बैंस, सह सचिव पद पर किरण कुमारी, कोषाध्यक्ष पद पर दमयंती देवी, मुख्य सलाहकार के रूप में अशोक कुमार व डॉक्टर संजय वर्मा को चुना गया। पीटीए कार्यकारिणी सदस्यों के लिए डॉ. रंजू बनोता, डॉ. अलका रानी, डॉ. मोनिका ठाकुर, प्रो. मंजीत सिंह मान व प्रो. विकास सैनी को सर्वसम्मति से चुना गया। प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने सभी अभिवावकों को कॉलेज में पधार कर नई कार्यकारिणी का गठन करने पर धन्यवाद किया। प्राचार्य ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को हिमाचल की शान कुल्लवी टोपी पहनाकर सम्मानित किया। नई कार्यकारिणी की सभी सदस्यों ने भी कॉलेज प्रशासन को विश्वास दिलाया कि कॉलेज के चौमुखी विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

## बैंक की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, जोल।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा टकोली की ओर से ग्राम पंचायत टकोली में एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने की। शिविर के दौरान ग्रामीणों को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें स्वयं सहायता समूह, संयुक्त दायित्व समूह, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएं, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना प्रमुख रहीं। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को सावधि जमा फिक्स डिपोजिट और अधिक जमा खाते खोलने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टकोली की प्रधान ममता देवी, वार्ड पंच प्रकाश चंद, सुनीता देवी, गुरदेव सिंह व सचिव राजकुमार व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नशे की रोकथाम को लेकर लिए ठोस निर्णय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के मकसद से जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनकॉर्ड) की बैठक वीरवार को डीसी ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव, उपमंडलाधिकारी, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान नशा नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। डीसी जतिन लाल ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए केवल आपूर्ति को रोकना ही नहीं, बल्कि मांग को भी कम करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए बहुआयामी प्रयास किए जाने होंगे। इसमें जन-जागरूकता और पुनर्वास को एक साथ जोड़ा जाए। डीसी ने सभी उपमंडल अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें आवंटित किए



जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक में मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

गए स्कूलों और कॉलेजों का हर माह कम से कम दो बार दौरा करें। इन दौरों के दौरान वे छात्रों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों, एनडीपीएस अधिनियम के कानूनी प्रावधानों तथा स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करेंगे।

ह्यह्यह्यउन्होंने स्वास्थ्य विभाग को युवाओं में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, साथ ही जिले में संचालित नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने को कहा। डीसी ने कहा कि इन केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डीसी ने जिले में कार्यरत दवा विक्रेताओं की नियमित जांच करने को कहा, ताकि कोई भी नशीली दवा अवैध रूप से न बेची जा रही हो। डीसी ने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ इस लड़ाई को केवल प्रशासनिक दायरे तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग विशेष रूप से युवाओं, शिक्षकों, अभिभावकों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

## लविश ने हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के रक्कड़ कॉलोनी फेज 4 के निवासी होनहार युवा डॉ. लविश कालिया ने अपनी मेहनत और लगन से हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है।

लविश कालिया ने प्रतिष्ठित हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर बतौर मेडिकल ऑफिसर सरकारी सेवा में चयन प्राप्त किया है। लविश कालिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, ऊना से प्राप्त की और 12वीं की पढ़ाई द ब्रिटिश पब्लिक स्कूल, चंडीगढ़ से पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने महार्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी, कुमारहट्टी, सोलन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। लविश के पिता संजीव कालिया मेडिकल स्टोर संचालन करते हैं, जबकि उनकी माता रमा कालिया गृहिणी हैं। वर्तमान में वे स्वामी पिंडी दास चैरिटेबल हॉस्पिटल, अंब में सेवाएं दे रहे हैं और चिकित्सा सेवा को समाज के प्रति अपना दायित्व मानते हैं।

लविश कालिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य आने वाले समय में भी समाज सेवा को प्राथमिकता देना रहेगा। उनकी इस उपलब्धि पर इन्नर व्हील क्लब ऊना की प्रधान शोभा सोनी, सचिव अमरजीत बबली, पूर्व प्रधान रमा कंवर, सुमन पुरी, किरण बयाना, रंजना जसवाल, रेखा शर्मा, डॉ. जागृति दत्ता, नवोदय विद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्य अनूपा ठाकुर व अन्य सदस्यों ने हर्ष जताते हुए समूचे परिवार को बधाई दी है।

## थानाकलां विद्यालय ने शिक्षा की नई राह दिखाई

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

- ऑनलाइन कक्षाओं से जगाया उम्मीद का उजियारा
- बच्चों को डिजिटल तकनीक से सीखने का नया अनुभव प्रदान कर रहे शिक्षक

**लठियानी।** हिमाचल प्रदेश इन दिनों लगातार हो रही भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह भूस्खलन व जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। प्रशासन को सुरक्षा की दृष्टि से शिक्षण संस्थानों को बंद करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा, लेकिन ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां ने शिक्षा को थमने नहीं दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए ऑनलाइन कक्षाओं की शुरुआत कर एक नई मिसाल कायम की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा शिक्षा जीवन की वह धारा है, जिसे कोई परिस्थिति रोक नहीं सकती, जब तक विद्यार्थी जिज्ञासु हैं और शिक्षक समर्पित, तब तक ज्ञान की ज्योति कभी मंद नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या बड़ी चुनौती है, लेकिन इसके बावजूद बच्चे गहरी लगन और उत्साह से मोबाइल व कंप्यूटर स्क्रीन के जरिए अपनी शैक्षणिक यात्रा जारी रखे हुए हैं।

विद्यालय के जमा एक व जमा दो के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों-भौतिकी, जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, संस्कृति व सामाजिक विज्ञान की कक्षाएं अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जा रही हैं। विद्यालय के सभी शिक्षक न केवल पाठ्यक्रम को सहज और रोचक ढंग से पढ़ा रहे हैं, बल्कि बच्चों को डिजिटल तकनीक से सीखने का नया अनुभव भी प्रदान कर रहे हैं। इस पहल ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़कर भविष्य की राह और भी आसान कर दी है। विद्यालय की इस पहल से अभिभावक भी अत्यंत प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि प्रधानाचार्य संजीव पराशर और सभी शिक्षक जिस निष्ठा से पढ़ाई को जारी रखे हुए हैं, वह सराहनीय है। ऑनलाइन कक्षाओं के कारण हमारे बच्चों की पढ़ाई रुकेगी नहीं और वे अच्छे परिणाम लेकर आएंगे। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को इस नई प्रणाली में नियमित रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रयास विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाएगा।

## आज लगेगा वित्तीय समावेशन शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के अंब में 29 अगस्त को एकदिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे बीडीओ कार्यालय हाल, अंब में होगा। इसमें अंब ब्लॉक की निकटवर्ती ग्राम पंचायतों के लोग भाग लेंगे। मुख्य जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके सक्सेना ने बताया कि शिविर में वित्तीय समावेशन, पुनः-केवाईसी तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के निर्देशों और डीसी ऊना के आदेशों के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अंब में यह मेगा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर की अध्यक्षता भारतीय रिवर्ज बैंक के क्षेत्रीय निदेशक करेंगे, साथ ही इसमें विभिन्न बैंकों व विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सक्सेना ने सभी संबंधित विभागों, हितधारकों और आम जनता से शिविर में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

## प्रदेश की जनता त्रासदी से जूझ रही सीएम बेफिक्र होकर चले गए बिहार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते दिनों प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण दर्जनों भूस्खलन हुए हैं। इसमें सैकड़ों लोग बेघर हुए हैं। वहीं, इससे व्यापारियों और बागवानी क्षेत्र को भी नुकसान हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री को तत्काल प्रभावितों के साथ मिलकर दुख प्रकट करना चाहिए था।

बाढ़ पीड़ितों से बात करके उनका दर्द समझना चाहिए था, लेकिन उन्होंने बिहार चुनाव प्रचार में जाना ज्यादा जरूरी समझा। क्या मुख्यमंत्री के लिए प्रदेश की जनता से ज्यादा चुनाव प्रचार ज्यादा प्रिय हो गया है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बिहार के मोतीहारी की जगह जिला चंबा, कुल्लू और मंडी के दौरे पर जाना चाहिए था। वहीं, कौशल ने कांग्रेस हाईकमान को भी आड़े हाथों लिया और राहुल गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि राहुल गांधी बताएं कि उनकी दादी को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा किस जुर्म में दोषी करार देते हुए प्रधानमंत्री पद से हटने के आदेश दिए गए थे? भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता भारत रत्न सम्मानित डॉ. भीमराव अंबेडकर को किसने चुनाव धांधली करके आम चुनावों में हराया और अपमानित किया था? राहुल गांधी बिहार में मोटरसाइकिल पर बैठकर आनंद तो ले रहे हैं, लेकिन हिमाचल की जनता की याद उन्हें सिर्फ विधानसभा चुनावों के समय ही आएगी, तब उन्हें और उनके बनाए मुख्यमंत्री को जनता मिलकर सबक सिखाएगी, अब प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि कांग्रेस के बहकावे में आकर उन्होंने बहुत बड़ी गलती कर डाली है।

**आयोजन** डीसी ऊना ने कहा, घायलों की मदद करने वालों को मिलेगी 25 हजार प्रोत्साहन राशि

# सामूहिक प्रयासों से ही सड़क हादसों पर लगाम संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक वीरवार को डीसी ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सड़क हादसों की रोकथाम व सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी विभागों, संस्थाओं व नागरिकों को मिलकर इसे प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जिले में दुर्घटना संभावित स्थानों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान कर उन्हें सुधारना जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं के कारणों की तहकीकात कर यदि सड़क की खामियां सामने आती हैं, तो उन्हें त्वरित रूप से ठीक किया जाए और आवश्यक साइनेज लगाए जाएं। जिला प्रशासन ने सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल की है। डीसी ने बताया कि जिले में किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को जिला प्रशासन 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराएगा। उन्होंने एसडीएम को ऐसे मामलों में तुरंत अनुशंसा भेजने को कहा। इस पहल का उद्देश्य लोगों को मानवता की भावना से आगे आकर घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरित करना है।



बैठक में जानकारी देते हुए डीसी जतिन लाल।

### जागरूकता और सुरक्षा पर विशेष जोर

**उपायुक्त** ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित बैठकें आयोजित करें और एक समग्र सड़क सुरक्षा योजना तैयार करें। इस योजना में वर्तमान स्थिति, मुख्य समस्याएं, अब तक हुए सुधार और भविष्य की कार्ययोजना स्पष्ट रूप से अंकित हो। उन्होंने स्कूल बसों की नियमित जांच और स्कूलों में सड़क सुरक्षा शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### नेशनल हाईवे से मिलने वाले संपर्क मार्गों पर लगाएं चेतावनी बोर्ड

**डीसी** ने जिले में प्रमुख स्थलों पर साइनेज, स्पीड ब्रेकर, उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे तथा चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही, नेशनल हाईवे से मिलने वाले संपर्क मार्गों पर भी चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने ओवर स्पीड वाले स्थलों पर ट्रैफिक बल की तैनाती व सीसीटीवी लगाने पर भी बल दिया। बैठक में एसपी ऊना अमित यादव, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, संयुक्त आयुक्त नगर परिषद ऊना मनोज कुमार, जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, आरटीओ ऊना अशोक कुमार, एक्सइएन पीडब्ल्यूडी कुलदीप सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक विवेक शर्मा ने शिमला से दिया कुटलैहड़ की जनता को संदेश

# नुकसान की भरपाई करवाना मेरा कर्तव्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

शिमला **विधानसभा** सत्र की व्यस्तताओं के चलते कुटलैहड़ अपने विधानसभा क्षेत्र नहीं पहुंच पाने पर विधायक विवेक शर्मा ने जनता को फेसबुक पेज के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि बीते दिनों हुई भारी बारिश ने कुटलैहड़ क्षेत्र विशेषकर निचले इलाकों में भारी तबाही मचाई है। जगह-जगह सड़कों, पेयजल योजनाओं, बिजली ढांचों और ग्रामीण आवासों को नुकसान पहुंचा है। इससे आम जनता गहरे संकट में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संकट की घड़ी में वह पूरी ताकत से जनता के साथ खड़े हैं और शिमला से ही सरकार के सामने कुटलैहड़ के हर परिवार की पीड़ा व नुकसान का मुद्दा मजबूती से उठा रहे हैं। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से कुटलैहड़ परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। कई परिवारों के घरों व दुकानों को क्षति पहुंची है, पशुशालाएं ढही हैं, जबकि खेतों में खड़ी फसल और बाग-बगीचों को भी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि वह व्यक्तिगत रूप से क्षेत्र में मौजूद न होने के बावजूद प्रशासनिक अमले के साथ लगातार संपर्क में हैं। बंगाणा के एसडीएम, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को उन्होंने फोन पर निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत दौरा करें, नुकसानों का आकलन करें और राहत कार्यों को प्राथमिकता दें। विवेक शर्मा ने साफ कहा कि जनता के साथ हुए नुकसान की भरपाई करवाना उनका नैतिक और जनप्रतिनिधि होने के नाते पहला कर्तव्य है। इसी उद्देश्य से वह विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू और सरकार के अन्य संबंधित मंत्रियों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से पूरी कोशिश करेंगे कि कुटलैहड़ क्षेत्र में प्रभावित परिवारों को अधिकतम आर्थिक सहायता मिले और राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। विधायक ने कहा कि बरसात के मौसम में प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह कुटलैहड़ भी आपदा की मार झेल रहा है। यहां के पहाड़ी और ग्रामीण इलाकों में छोटे-छोटे भूस्खलन, सड़कें धंसने और पुल-पुलियों के बह जाने से ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हुई है। कुछ पंचायतों में तो लोगों को पीने के पानी की भारी समस्या भी झेलनी पड़ रही है। इन सब समस्याओं को लेकर उन्होंने जल शक्ति विभाग को आदेश दिए हैं कि वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल की जाएं, ताकि लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।



# ब्यास की लहरों के शोर ने पलचान से कुल्लू तक डराया

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** ब्यास की लहरों के शोर ने पलचान से कुल्लू तक तक खौफ पैदा कर दिया था। 26 अगस्त को रातभर लोग सो नहीं पाए।

नदी के समीप बसे लोग आधी रात को सुरक्षित स्थानों की ओर गए। कुछ लोगों ने अपने रिश्तेदारों के पास शरण ली तो कुछ ने किराये पर कमरे लेकर खुद को बाढ़ से बचाया। ब्यास और मनालसु नाले के रौद्र रूप ने वर्ष 2023 में आई प्रलयकारी बाढ़ का मंजर याद दिलाया। इस साल ब्यास का जलस्तर वर्ष 2023 में आई बाढ़ से भी अधिक दर्ज किया जा रहा है। कुल्लू से मनाली तक कई इलाके खतरे की जद में आ गए हैं। बाहंग से पतलीकूहल के कई इलाकों को मनाली प्रशासन ने खाली करवाकर सुरक्षित स्थानों में भेज दिया है। बाहंग, आलू ग्राउंड, क्लाथ, 15 मील, 14 मील में लोगों ने कई मकान खाली कर सामान भी सुरक्षित स्थानों में पहुंचा दिया है। बाहंग के भोला राम ने बताया कि रात से भी ब्यास उफान पर है। इसके चलते वह सो नहीं पाए। रात को ही अपने रिश्तेदार के वहां चले गए थे। ब्यास का शोर डराने वाला है। सब सहम गए हैं।

वनीता ने बताया कि उन्होंने रात को ही सुरक्षित स्थान पर एक कमरे में रात गुजारी। ब्यास की डराने वाली आवाज से सब सहम गए। 2023 की बाढ़ के दौरान भी ब्यास में इतना अधिक जलस्तर नहीं था। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि मनालसु नाला का जलस्तर सबसे अधिक है। यह नाला सीधा ब्यास में मिलता है, जिससे ब्यास नदी का जलस्तर 2023 कि बाढ़ से भी अधिक दर्ज किया जा रहा है। बाढ़ से पूरे मनाली इलाके में भारी नुकसान हुआ है। गनीमत यह है कि बाढ़ से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। रिहायशी इलाके खाली करवा दिए गए हैं। लोगों व पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि वे नदी-नालों के समीप न जाएं। अति आपातकाल स्थिति में ही यात्रा करें।



बारिश के तीसरे दिन मनाली की स्थिति, ब्यास का जलस्तर वर्ष 2023 में आई बाढ़ से भी अधिक दर्ज किया जा रहा है।

### 24 घंटे राहत कार्य में जुटा रहा प्रशासन

**मनाली** प्रशासन ने नदी-नालों के उफान के आने के बाद से राहत कार्य शुरू किया। रविवार रात से ही प्रशासन की टीम जगह-जगह राहत कार्य में डटी रही। खतरे वाले स्थानों में नाका लगाकर यातायात रोका गया। एसडीएम रमण कुमार शर्मा और डीएसपी केडी शर्मा खुद मौके पर डटे रहे। आलूग्राउंड सब्जी मंडी में फंसे एक कर्मचारी को आधीरात को रेस्क्यू किया गया। मनाली-लेह मार्ग, वोल्वो बस स्टैंड में नका लगाकर यातायात रोका गया। सोमवार को भी दोनों अधिकारी मौके पर रहे। विभिन्न स्थानों का जायजा लेने के बाद जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

## रायसन शिरढ़ रिजॉर्ट के पास रोड का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ शिमला से वापस आते ही जमीनी कार्यों में जुट गए हैं, जहां आज उन्होंने पतलीकूहल से मनाली का दौरा किया। वहीं, पिछले कल शिमला से आते ही एनएचएआई के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वैष्णो देवी कुल्लू से रायसन तक का नुकसान का जायजा लिया। रायसन में उन्होंने जल्द से जल्द कार्य शुरू करने को कहा था। आज धरातल पर इसका असर देखने को मिल रहा है। रायसन में क्षतिग्रस्त रोड को बनाने के लिए आज चार एलएनटी पहुंच गई हैं और काम भी शुरू कर दिया है, जहां इस बाढ़ से चीजें बहुत बदल गई। वहीं, प्रशासन और विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों के अच्छे सामंजस्य ने धरातल पर अच्छा प्रदर्शन किया है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सभी का इस आपदा की घड़ी में अपना योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं धरातल पर नजर रखे हैं और जल्द से जल्द सभी मुख्य मार्गों और गांवों की सड़कों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जाएगा, ताकि घाटी की मुख्य नकदी फसल सेब को मंडियों की ओर भेजा जाए।

# मौसम साफ होते ही अब बहाली कार्य शुरू

## मनाली में बिजली, पानी बहाल, लोगों ने ली राहत की सांस

अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में मौसम साफ होते ही अब बहाली कार्य शुरू हो गया है। हालांकि, जनजीवन अभी अस्त-व्यस्त है और सामान्य जनजीवन को पटरी पर लौटने में अभी समय लगेगा। मोबाइल सिग्नल, बिजली, पानी की आपूर्ति बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। गत दिनों कुल्लू मनाली में भयंकर बाढ़ आने से सारा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग में जगह-जगह भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही बिलकुल बंद हो गई है। वहीं, डोहलूनाला से लेकर 14 मील तक और 14 मील से बिंदू ढांक तक ही निजी छोटे वाहन आ-जा सकते हैं। लोक निर्माण विभाग ने भी वीरवार को ओल्ड मनाली और अलेउ में सड़क बहाली का काम शुरू कर दिया है। लिहाजा, मनाली में अब बहाली कार्य जोरों पर हैं।

### 17 मील के पास खस्ताहाल पुल की हो मरम्मत

**9** से 10 गांव को जोड़ने वाला एकमात्र वैकल्पिक पुल 17 मील के पास जो लगभग दो किलोमीटर हरिपुर कॉलेज होते हुए मनाली कुल्लू को जोड़ता है कई सदियों से अनदेखी का शिकार बना हुआ है। इस वैकल्पिक मार्ग के बन जाने से ऐसी बाढ़ की स्थिति में यह मार्ग हजारों लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। आज अनदेखी का शिकार यह मार्ग 25 से 30 फुट बाढ़ की चपेट में आ गया है। गांव के स्थानीय निवासी मोहिंदर, बॉबी, राकेश, मोहन व तेजिंदर ने बताया कि इस पुल से मार्ग बन जाने से गजा और हरिपुर कॉलेज होते हुए वाहनों की आवाजाही बड़े आराम से हो सकती थी। इससे हजारों बागवानों और किसानों की फसल मंडियों तक पहुंचाई जा सकती थी। इस सड़क मार्ग से ब्राण, डोभा, रामपुर, 15 मील, 17 मील, 18 मील, शांगचर जैसे कई बागवान और किसानों को अपनी फसल मंडियों तक ले जाने में सहूलियत हो सकती थी। आज यहां के किसानों व बागवानों की हालत सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से दयनीय बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग को दुरुस्त करने के लिए कई बार लोक निर्माण विभाग से आग्रह भी किया।

**फिलहाल** राष्ट्रीय उच्च मार्ग को ठीक किया जाएगा। उसके बाद 17 मील से हरिपुर कॉलेज संपर्क मार्ग को भी दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली, पानी, सड़क व मोबाइल कनेक्टिविटी हर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जा रहा है।

**भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विस क्षेत्र।**

हरिपुर कॉलेज की तरफ लोगों ने विभाग के नाम की जमीन गिफ्ट डीड नहीं की है। यानी विभाग के नाम जमीन नहीं की है, जिस कारण काम रुका हुआ है, जैसे ही लोग विभाग के नाम जमीन करवा देंगे, वैसे ही बजट में डाल कर तुरंत कार्य शुरू किया जाएगा।

**अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोनिवि मनाली**

# कुल्लू में अधिकांश क्षेत्रों में बहाल हुई सुविधाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि हाल ही में भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन ने राहत और पुनर्वास कार्य को युद्धस्तर पर जारी है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रभावित लोगों के पुर्नवास व सहायता के आलावा जिले में सड़कें, पेयजल योजनाएं और मोबाइल नेटवर्क प्रणाली का शीघ्र सामान्य किया जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और राहत व पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिलावासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को बहाल करने के लिए पूरा प्रशासन दिन-रात कार्यरत हैं और इन्हें बहाल करने के युद्धस्तर पर कार्य जारी है। डीसी ने जानकारी दी कि जिले में मुख्यता सडकों की



बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ-साथ 12 पोकलेन मशीनें और 52 जेसीबी मशीनें लगातार कार्य कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त 11 लोडर, 19 टिप्पर भी सड़कों को खोलने के कार्य में लगे हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी 4-लेन सड़क बहाली के लिए झिड़ी से रामशिला तक 2 जेसीबी, 2 पोकलेन, 6 डंपर, जबकि कुल्लू से मनाली तक 5 जेसीबी, 1 ग्रेडर और 12 पोकलेन मशीन लगाई हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की मशीनरी भी 4-लेन सड़क को खोलने और यातायात बहाल करने के कार्य में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से जगह-जगह भूस्खलन और ब्यास नदी के उफान ने सड़क मार्ग को काफी क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। हालांकि, बार-बार हो रहे भूस्खलन से अस्थायी रूप से इन सेवाओं में बाधा आ रही है, लेकिन त्वरित कार्रवाई कर इन्हें फिर से सुचारू किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि जिले के संवेदनशील स्थानों/सड़कों में लगभग 200 होमगार्ड और पुलिस जवान दिन-रात ड्यूटी पर तैनात हैं, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

## ग्राहकों से अधिक दाम वसूलने वालों की खैर नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले में हाल ही में हुई भारी बारिश व बाढ़ के कारण सड़कें बंद हो गई हैं और संचार बाधित हो गया है। इस स्थिति में जिले के विभिन्न होटल, रेस्तरां/ढाबे और दुकानदारों द्वारा ग्राहकों से अधिक शुल्क वसूलने की जानकारी मिल रही है। डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष, किरण भड़ाना ने जिले में इस तरह की मनमानी को रोकने के लिए आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, सभी होटल, रेस्तरां, दुकानदार और छोटे विक्रेता अपने उत्पाद और सेवाएं केवल अधिकृत दरों या अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही बेचेंगे। किरण भड़ाना ने कहा कि यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 के तहत जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जो कि जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित की जाएगी। जिला प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे इस आदेश का पालन करें और किसी भी प्रकार के शुल्क वृद्धि या अनुचित वसूली की सूचना संबंधित अधिकारियों को तत्काल दें।

# लाहौल के चार मरीजों के लिए जीवनरक्षक बने सेना के दो चौपर

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के चार गंभीर मरीजों के लिए हेली टैक्सी जीवनरक्षक साबित हुई है। लाहौल-स्पीति जिले में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे क्षेत्र में यातायात और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

मनाली-लेह हाईवे बंद होने के कारण लाहौल के चार गंभीर मरीजों को जिन्हें कुल्लू रेफर किया गया था। वीरवार को सेना के चौपर से स्टिंगरी हेलिपैड से कुल्लू एयरलिफ्ट किया गया है। इस संकट की घड़ी में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा और डीसी किरण भड़ाना के असाधारण नेतृत्व व त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए इस कार्य को संभव किया है। दोनों के अथक प्रयासों से राज्य सरकार ने सेना के दो हेलिकॉप्टरों की मदद से वीरवार को चार मरीजों व एक तीमारदार को एयरलिफ्ट कर कुल्लू पहुंचाया। एयरलिफ्ट किए गए मरीजों में एक 9 वर्षीय बच्चा, एक गर्भवती महिला, एक किडनी रोगी और एक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति शामिल है। खराब मौसम और सड़क मार्ग ठप होने के बावजूद जिला प्रशासन और सेना के संयुक्त प्रयास से यह राहत कार्य सफल रहा। डीसी किरण भड़ाना ने मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और यह सुनिश्चित किया कि सभी मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। उनकी सक्रियता और समन्वय ने इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जीवन रक्षक कार्रवाई को संभव बनाया। उधर, मरीजों के परिजनों ने प्राथमिकता के आधार और चौपर की सेवा उपलब्ध करवाने के लिए सीएम सुखविंदर सुक्खू, भारतीय सेना, विधायक अनुराधा राणा और डीसी किरण भड़ाना का आभार व्यक्त किया है।



लाहौल-स्पीति जिले के चार गंभीर मरीजों को एयरलिफ्ट करते हुए।

### एयरलिफ्ट किए गए मरीजों में शामिल

- पुरण सिंह जो एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तत्काल गहन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी।
- आयुष (21 वर्ष), जो क्रोनिक रीनल फेल्योर से पीड़ित थे और जिन्हें तुरंत डायलिसिस की जरूरत थी।
- रेयांश (9 वर्ष), जो कई दिनों से तेज बुखार और अन्य जटिल स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और जिन्हें तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप की आवश्यकता थी।
- अलका (33 वर्ष), जो गर्भवती थीं।

# भारी बारिश से एनएच-3 प्रभावित भाटग्रां-शिरड सड़क बनी लाइफलाइन

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

हाल ही में हुई भारी बारिश ने कुल्लू और मनाली के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-3 पर यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया है।

डोहलूनाला टोल प्लाजा और रायसन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा ब्यास नदी में बह जाने के कारण कुल्लू की ओर जाने वाले और मनाली से पतलीकूहल आने वाले वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। इस आपदा के कारण, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों के लिए कोई अन्य मार्ग न होने से डोहलूनाला-भाटग्रां-शिरड रोड एक महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभरा है। यह सड़क, जो पहले कम इस्तेमाल होती थी, अब सैकड़ों वाहनों की आवाजाही का मुख्य जरिया बन गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह सड़क सिंगल-लेन है। इससे भारी वाहनों को गुजरने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब हालत के बावजूद, इसका रखरखाव लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) द्वारा नहीं किया गया है। वीरवार को सुबह एक पिकअप जीप पेड़ से टकराकर अनियंत्रित हो गई। इससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। हालांकि, चालक को कोई चोट नहीं आई, जो एक राहत की बात है।

### प्रशासन की अनदेखी

**ग्रामीणों** ने बताया कि 2023 और 2024 की आपदाओं में भी यही सड़क काम आई थी, लेकिन इसके सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। ग्रामीणों ने इस संबंध में विधायक भुवनेश्वर गौड़ से भी मुलाकात की थी, लेकिन उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग प्रशासन से इस सड़क को चौड़ा करने और आवश्यक सुरक्षा दीवारों (डंगे) का निर्माण करने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और यह मार्ग यातायात के लिए सुरक्षित बन सके।

# आस्था व परंपरा की शरण में देवभूमि कुल्लू

## आज से हारियानों के साथ बड़ागढ़ की परिक्रमा पर निकलेंगे देवता नाग धुंबल

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** विनाशकारी आपदा के बाद, लोग प्रकृति और आध्यात्म की शरण में जा रहे हैं।

हिमाचल में देवताओं का महत्व सर्वोपरि है और ऐसी विपदा के समय में लोग अपने आराध्य की शरण में जाते हैं। इसी कड़ी में, आपदा से बचाव व क्षेत्र की सुरक्षा के लिए, आराध्य देवता नाग धुंबल के आदेश पर एक विशेष परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की आस्था के अनुसार, देवता नाग धुंबल वर्षा और अकाल से लोगों की सुरक्षा करते हैं। 18 करोड़ देवी-देवताओं ने उन्हें यह कार्यभार सौंपा है। वर्तमान में कुल्लू जिले में जो विपदा आई है, उससे सुरक्षा का जिम्मा भी उन्हें सौंपा गया है। इसके संकेत उन्होंने देउली पूछ के दौरान दिए हैं। देवता के आदेशानुसार, शुक्रवार से देवता अपने हारियानों संग बड़ागढ़



हारियानों के साथ देवता नाग धुंबल (फाइल फोटो)।

की परिक्रमा के लिए निकलेंगे। देवता के कारदार जवाहर लाल ठाकुर ने बताया कि देवता इससे पूर्व 2018 की बाढ़ के दौरान व 2022 में आई विपदा के दौरान बड़ागढ़ की परिक्रमा पर निकले थे व मानव जाति की रक्षा की थी। उन्होंने कहा इस बार भी परिक्रमा उसी अनुसार होगी। इसमें 29 अगस्त की सुबह देवता हलाण-2 से पहले बड़ाग्रां वहां से डेफरी होते हुए रियाड़ा पहुंचेंगे। शांगचर से पनगां वहां से ब्राण। ब्राण से दुआड़ा पुल जहां से वापसी बाड़ी अपने मंदिर में होगी, जहां से देवता वापस अपनें मंढार पीह पहुंचेंगे। कारदार ने बताया कि इस परिक्रमा के दौरान देउली में काफी दिन लगेंगे।

# आपातकालीन स्थिति को देखते हुए हेलि टैक्सी सुविधा प्रदान करे सरकार

अनंत ज्ञान, भुंतर

कुल्लू में आपातकालीन स्थिति को देखते हुए फोरलेन प्रभावित किसान संघ कुल्लू, मंडी व भुंतर सुधार समिति ने सरकार से हेलि टैक्सी सेवा शुरू करने की मांग उठाई है। किसान संघ के अध्यक्ष नरेश कुमार व महसचिव बंसी लाल व सुधार समिति के अध्यक्ष रोशन लाल व संस्थापक मेघ सिंह कश्यप का कहना है कि कुल्लू-मंडी रोड के हालात बहुत खराब हैं।

भारी बारिश से लैंडस्लाइड के कारण जगह-जगह रोड बंद हो रहे हैं। मंडी-कुल्लू आवाजाही को बाया पंडोह व कमांद सड़क मार्ग कई दिनों से बंद हो जा रहेहैं। ऐसे में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों व अचानक तबियत खराब होने हार्ट अटैक पड़ने पर पीजीआई चंडीगढ़, आईजीएमसी शिमला, टांडा, नेरचौक मेडिकल व एमस बिलासपुर रेफर किए मरीज कैसे पहुंचाएं जाएंगे। भारी बारिश से हालात बहुत गंभीर बने हैं। रोड बंद होने पर जिला कुल्लू पूरे विश्व से कट हो जाता है। आपातकाल स्थिति में लोग कहां जाएं। यहां रोड़ बंद होने से लोगों को टनलों में रातें गुजारनी पड़ रही हैं। किसानों-बागवानों की सब्जियां सड़कें बंद होने से गाड़ियों में ही खराब हो रही हैं। मजबूरन सब्जियां रास्तों में ही फेकना पड़ रही हैं। इससे लाखों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। फ्लेस फ्लड की घटनाओं से इस बार कुल्लू-मंडी में बहुत नुकसान हुआ। लोगों के आशियाने व दुकानें नदी में बह गई जमीनें खराब हो गईं, लेकिन इंसानी जिंदगी बड़ी अनमोल है इसलिए आपातकालीन स्थिति में मरीजों को बड़े अस्पताल पहुंचाने के लिए हेली टैक्सी सुविधा मिलनी चाहिए।

## बरसात में लोग पानी उबाल कर पीएं : डॉ. फिलिप

**अनंत ज्ञान, मनाली।** खराब पानी के चलते लोगों को जल जनित बीमारियां हो रही हैं। इसके चलते लेडी विलिंगडन हॉस्पिटल मनाली (मिशन) के प्रभारी डॉ. अलेक्जेंडर फिलिप ने बताया कि बरसात के दौरान खराब पानी आने से लोगों को जन जनित रोग हो रहे हैं। इसके लिए उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह साफ पानी को कम से कम 20 मिनट उबाल लें या फिर कूकर में दो सिटी लगा लें फिर उस पानी को ठंडा पानी कर के पीएं। डॉ. फिलिप ने कहा कि खराब पानी पीने से लोगों को पीलिया, हेपेटाइटिस और टायफाइड जैसी गंभीर बीमारियों के मामले आ रहे हैं। मिशन अस्पताल मनाली के प्रभारी डॉ. फिलिप ने बताया कि स्क्रब टाइफस घास में पाए जाने वाले एक माइट कीट के काटने से होता है। उन्होंने बताया कि आजकल घास काटने का सीजन शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि स्क्रब टायफस का सीजन फिर से आना शुरू हो गया है। यह बारिश के साथ एक कीड़े होते हैं, जो बगीचे में होते हैं, जब वह काटता है पता भी नहीं चलता बाद में जो बुखार चढ़ना शुरू होते हैं। इससे पीलिया भी हो सकता है। सांस की दिक्कत होती है। लोगों से अपील है कि बगीचे में जाने की पहले सप्ताह में एक बार एक कैप्सूल डॉक्सीसाइक्लिन खाकर जाएं।

## कंडी-कटोला सड़क पर फल-सब्जी वाहनों को मिले प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि कंडी-कटोला सड़क पर यातायात बहाल होने पर फल और सब्जियों की ढुलाई करने वाले वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-3 के बार-बार बाधित होने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। शर्मा ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद बागवानों ने सेब तोड़ना शुरू कर दिया है, लेकिन कंडी-कटोला सड़क पर फल और सब्जी से लदी जीपों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि फल और सब्जियां जल्द खराब हो जाती हैं और अगर वे समय पर मंडियों में नहीं पहुंचीं, तो किसानों की साल भर की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि कुल्लू के किसानों की मुख्य नकदी फसल सेब की अहमियत को समझते हुए, इन वाहनों को जल्द से जल्द आगे भेजा जाए, ताकि ये समय पर देश की मंडियों तक पहुंच सकें। शर्मा ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि सड़कों की स्थिति को जल्द सुधारने के प्रयास तेज किए जाएं, ताकि बागवानों की आर्थिकी को नुकसान न पहुंचे।

**गंभीरता** डीसी ने कहा, प्रशासन की ओर से राहत व पुनर्स्थापना कार्य युद्धस्तर पर जारी

# सिस्सू विश्राम गृह में वार रूम स्थापित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति जिले में हाल ही में भारी बारिश, बादल फटने और फ्लैश फ्लड के कारण उत्पन्न आपदा की स्थिति की समीक्षा के लिए डीसी कार्यालय केलांग में इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम की बैठक आयोजित की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिस्सू विश्राम गृह में एक वार रूम स्थापित किया गया है, जहां से तेलिंग नाला और पागल नाला क्षेत्रों में बचाव एवं पुनर्स्थापना कार्यों का संचालन किया जा रहा है।

प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल, राज्य आपदा अनुक्रिया बल और फायर विभाग की टीमों के सहयोग से फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। तहसीलदार केलांग अपनी टीम के साथ राहत व बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। डीसी किरण भड़ाना स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं और समस्त संबंधित विभागों को राहत व पुनर्निर्माण कार्यों में पूरी समन्वयता के साथ जुटने के निर्देश दिए हैं। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन सड़कों की बहाली के लिए अथक प्रयास कर रहा है। प्रशासन द्वारा फंसे हुए पर्यटकों व वाहनों को मौके पर ही खाद्य सामग्री व राशन वितरित किया जा रहा है। सरचू की तरफ से आए हुए सभी ट्रकों के लिए स्टिंगरी के पास खाने व पानी की व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा सभी को राशन एवं सभी जरूरी सामान उपलब्ध करवाया गया है।



डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करती हुईं, साथ हैं अन्य अधिकारी।

### बिजली आपूर्ति बहाल करने के निर्देश

**डीसी** ने थिरोट पावर प्रोजेक्ट साइट का भी निरीक्षण कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में ईंधन व राशन का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। डीसी ने कहा कि प्रशासन द्वारा राहत व पुनर्स्थापना कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। आमजन से आग्रह है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती, अनावश्यक यात्रा से बचें। प्रशासन हर आवश्यक सहायता मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जिले में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित किया रेस्क्यू

**डीसी** ने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति में खराब मौसम के कारण मोबाइल नेटवर्क सेवाएं ठप हैं और यातायात भी बाधित है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई लोग फंसे हुए थे, जो अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे थे। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया है। सभी पर्यटक सुरक्षित हैं और उन्हें नजदीकी होम स्टे/होटलों में स्थानांतरित किया गया है। किसी भी चिकित्सा आपातकाल के लिए मेडिकल टीम भी नजदीक तैनात की गई है। जिला प्रशासन व जिला पुलिस राहत कार्य में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन व जिला पुलिस आपकी सेवा व सुरक्षा में सदैव तत्पर हैं। सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह है।

## बंजार की जमीनी हकीकत को मिले न्याय : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार।** प्रदेश में बरसात से उपजी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए सदन में लाए गए प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बरसात ने बंजार विधानसभा क्षेत्र में भयावह और विचलित करने वाली परिस्थितियां उत्पन्न कर दी हैं। विधायक ने बताया कि आज पूरे क्षेत्र में बस सेवाएं पूरी तरह ठप हैं और केवल छोटी गाड़ियां ही सड़कों पर चल पा रही हैं। अनेक गांवों का सड़क से संपर्क टूट गया है। सैंज घाटी के शाकटी मरौड़ और तीर्थन घाटी के मशियार, कामेड़ा, मझली, घलिंगचा व गलियाड़ जैसे गांव राशन की भारी कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इन गांवों तक हवाई माध्यम से जल्द राशन पहुंचाया जाए। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक शौरी ने भूस्खलन के कारण विस्थापन का दंश झेल रहे सैंज व बंजार घाटी के ग्रामीणों के पुनर्वास पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र की हर सड़क बंद पड़ी है, शाम को खुलती है और सुबह फिर से बंद हो जाती है। ऐसे हालात में बंजार लोक निर्माण मंडल के अधिशाषी अभियंता को ऑफलाइन टेंडर की शक्ति प्रदान की जानी चाहिए।

# विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने वीरवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। विधायक ने रायसन, पतलीकूहल, नग्गर, अलेउ, बाहनू पुल, मनाली गांव, रांगड़ी का दौरा किया। विधायक मनाली गांव से शनाग होते हुए बाहंग पहुंचे।

बाहंग में उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत की और सरकार की ओर से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने मनाली प्रशासन व संबंधित विभाग को राहत कार्य युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए। ब्यास में आई बाढ़ से बाहंग व मनालसु नाले में आई बाढ़ से मनाली गांव में भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद विधायक ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र में बरसात व बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों के घर व दुकानें बह गई हैं। सड़कों को भारी नुकसान हुआ है। विधायक ने बाढ़ प्रभावितों के साथ अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार आपके साथ है। नेशनल हाइवे जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाम तटमार्ग को प्राथमिकता में बहाल किया जाए, ताकि बागवानों के सेब समय पर मंडियों में पहुंचाए जा सकें। नेशनल हाइवे को जल्द बहाल करवाने के लिए अधिकारियों से भी बातचीत की जाएगी। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा व अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने कहा कि मनाली नग्गर कुल्लू वामतट मार्ग तीन दिन में बहाल कर दिया जाएगा।



विधायक भुवनेश्वर गौड़ बारिश प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुए साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### फुटबॉल खिलाड़ियों और कोच के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल राकेश पहवा की अगुवाई में वीरवार को डीएसपी रमाकांत ठाकुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिला मुख्यालय नाहन के चंबा ग्राउंड में फुटबॉल खेल रहे खिलाड़ियों के साथ कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट की। राकेश पहवा ने बताया कि चंबा ग्राउंड में भर्ती की तैयारी कर रहे कुछ युवाओं ने फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ हाथापाई की और पत्थर फेंके। इस घटना से बच्चों और खिलाड़ियों का मनोबल गिर गया और मैदान में असुरक्षा का माहौल बन गया। वहीं, इन युवाओं ने फुटबॉल कोच पर भी हाथ उठाने की कोशिश की। एसोसिएशन का कहना है कि किसी को खेलने या प्रैक्टिस करने से रोकने की कोशिश बर्दाश्त योग्य नहीं है, खासकर तब जब छोटे बच्चों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं हो रही हों। फुटबॉल एसोसिएशन ने मांग की कि चंबा ग्राउंड में नियमित पेट्रोलिंग की जाए और दो पुलिस कर्मियों को स्थायी तौर पर निगरानी के लिए तैनात किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को सुरक्षित माहौल मिल सके। डीएसपी ने आश्वासन दिया कि चंबा ग्राउंड में दो कांस्टेबल गश्त के लिए भेजे जाएंगे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नशे से जुड़ी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं होंगी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल की पंचायत बलेरा में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नशा निवारण समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत प्रधान आशीष कौशल ठाकुर द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नशा और नशे से जुड़ी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत और पुलिस विभाग मिलकर इस पर कड़ी निगरानी रखेंगे। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए यह संकल्प लिया गया कि पंचायत स्तर पर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर उपप्रधान लेखराज, बीडीसी सदस्य शीश कांत शर्मा, प्रिंसिपल नरेश ठाकुर, सचिव धर्मेंद्र शर्मा, आशा वर्कर कांता देवी, समाजसेवक अमरनाथ कौशल व जीत राम ठाकुर समिति के सदस्य बने। बैठक में पुलिस विभाग का प्रतिनिधित्व पुलिस कांस्टेबल दिशाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर धीरज ठाकुर, प्रियंका भटिया, देव राज, मदन ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद व्यक्ति को भेंट की व्हीलचेयर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश संस्था द्वारा संचालित खुशियों का बैंक माजरा में जमा हुई व्हीलचेयर को एक जरूरतमंद व्यक्ति को भेंट किया गया। संस्था की अध्यक्षा पुष्पा खंडूजा, निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता व नीरज बंसल ने मिलकर यह व्हीलचेयर सौंपी और लाभार्थी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर संस्था की ओर से यह अपील भी की गई कि यदि आपके घर में कोई भी सामान आपकी जरूरत का नहीं है, तो उसे व्यर्थ न जाने दें, बल्कि माजरा स्थित खुशियों का बैंक में जमा करवाएं, जिससे वह किसी और जरूरतमंद के काम आ सके।

### धूमधाम से मनाया गया गणेश चतुर्थी पर्व

**अनंत ज्ञान, सराहां।** गणेश चतुर्थी का पर्व सराहां सहित पूरे पच्छाद में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने व्रत रख कर देवों में प्रथम पूज्य गणपति महाराज की आराधना की और सभी विघ्न हरने की प्रार्थना की। इस अवसर पर गनायर के गणपति मंदिर में भी रात्रि जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। जगह-जगह मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई।

### स्टूडेंट्स ने मतदान के महत्व पर विचार व्यक्त किए

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में निर्वाचन साक्षरता क्लब की बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 90 स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने की। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा वर्ग ही लोकतंत्र की असली ताकत है, इसलिए हर छात्र को मतदान के अधिकार का सही उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बीएन कमल, डॉ. प्रियंका मुल्तानी तथा डॉ. भारती गुप्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। बैठक में निर्वाचन साक्षरता क्लब के कॉलेज एंबेसडर भी चुने गए। इसमें बालकों की ओर से बीए तृतीय वर्ष के छात्र हिमांशु गेजटा तथा बालिकाओं की ओर से बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दामिनी को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने मतदान के महत्व पर विचार व्यक्त किए और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### बैंक उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले के विभिन्न बैंक के उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 29 अगस्त को जन सुरक्षा योजना तथा पुनः केवाईसी के विषय में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सोलन जिले के लीड बैंक यूको बैंक की जिला प्रबंधक तमन्ना मोदगिल ने दी। तमन्ना मोदगिल ने कहा कि यह शिविर 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला परिषद के सभागार सोलन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में केंद्रीय वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेशक विवेक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सौर ऊर्जा व उद्यमशीलता का मिलेगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल और राष्ट्रीय उद्यमिता व लघु व्यवसाय विकास संस्थान (भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय) के सहयोग से नौ दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम व कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह युग कौशल आधारित शिक्षा का है और विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से लाभ मिलेगा। कार्यशाला के संयोजक डॉ. चमन शर्मा ने बताया कि इसमें महाविद्यालय के 60 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं जो सौर ऊर्जा निर्माण, उसके लाभ तथा अन्य उद्यमशील गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. अनिल ठाकुर, डॉ. मुकेश शर्मा, प्रो. अंकुर सूद, प्रो. वीरेंद्र गर्ग सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### किसानों को दी प्राकृतिक खेती की जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत धुंदन के दुर्गा मंदिर प्रांगण धुंदन क्लस्टर के किसानों की एक बैठक हुई। इस मौके पर धुंदन पंचायत के रूपलाल वर्मा व मनोहर लाल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसमें किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित किसानों को क्लस्टर के प्रति उनकी क्या जिम्मेदारियां, कर्तव्य हैं उनके बारे में भी जानकारी दी गई। धुंदन क्लस्टर के किसानों को शून्य लागत प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया गया। इन किसानों को जो सरकार द्वारा पैसा आएगा, उसका कैसे सदुपयोग होगा, उसके बारे में भी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय मिशन प्रकृति खेती के तहत किसानों को इस खेती में जोड़ने के लिए पंचायत स्तर पर किसानों का क्लस्टर बनाया गया है। मास्टर ट्रेनर रूपलाल वर्मा ने किसानों को बीजामृत, जीवामृत खाद बनाने की विधि भी बताई। उपस्थित किसानों को रासायनिक खाद, कीटनाशक के उपयोग न करने की अपील की गई। इन खादों की जगह प्राकृतिक विधि से तैयार की गई जीवामृत खाद, घन जीवामृत अपने खेतों में डालने की सलाह दी गई। रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर से हमारे शरीर, वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उसके विपरीत जहां पर हम प्राकृतिक विधि से खाद जीवामृत बनाते हैं, वहीं पर लाखों की संख्या में जीवाणु हमारी मिट्टी के अंदर तैयार हो जाते हैं। बैठक में लगभग 50 किसानों सहित पंचायत उपप्रधान धुंदन मदनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक कृषि की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्राकृतिक कृषि पर आधारित एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, रिकांगपिओ, किन्नौर द्वारा किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी और आत्मा कार्यक्रम के सहयोग से राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में किन्नौर जिले के 30 सामुदायिक संसाधन व्यक्ति भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य इन प्रतिभागियों को सतत और पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों की जानकारी और व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्राकृतिक कृषि के अग्रदूत और प्रचारक बन सकें। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता किन्नौर के डीसी डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने प्राकृतिक कृषि की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और व्यापक जागरूकता, वैज्ञानिक प्रमाणिकता और अनुसंधान की आवश्यकता को रेखांकित किया। केवीके के प्रमुख व शास्त्री केंद्र के सहनिदेशक, डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर स्थानांतरण आवश्यक है।

# हिमकेयर-आयुष्मान कार्ड का लाभ न मिलने से उपचार को भटक रहे रोगी

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और मुफ्त उपचार देने के दावों की पोल स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में खुल गई है, जहां हिमकेयर-आयुष्मान कार्ड से होने वाले ऑपरेशन बंद हो गए हैं।

इस कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उपचार करवाना मुश्किल हो गया है। उपचार न मिलने से रोगी अस्पताल में भटक रहे हैं पर कहीं सुनवाई नहीं हो रही। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है अन्य अस्पतालों की क्या स्थिति होगी। दरअसल सोलन अस्पताल में रोगियों को हिमकेयर-आयुष्मान कार्ड का लाभ न मिलने से कई जरूरी ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। ऑपरेशन में प्रयोग होने वाली सर्जिकल आइटम्स और अन्य सामान बाजार से 30 से 40 हजार रुपए तक मिलता है, ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए इतनी राशि खर्च करना मुश्किल हो गया है। इससे अस्पताल में उपचाराधीन 30 से अधिक रोगियों के ऑपरेशन लंबित पड़े हैं।



सोलन हॉस्पिटल में उपचार को पहुंचे लोग।

> **ठेकेदार** की लंबित पेमेंट जारी करने के लिए स्वास्थ्य निदेशालय और सरकार से लंबित राशि जारी करने को लिखा है। उम्मीद है कि सितंबर के पहले सप्ताह में ठेकेदार की पेमेंट हो जाएगी। लिहाजा तब तक रोगियों को ऑपरेशन का इंतज़ार करना पड़ेगा।
>
> **डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

### 3.72 करोड़ की देनदारी

**हिमकेयर-**आयुष्मान कार्ड से मुफ्त उपचार न होने का कारण ठेकेदार की बढ़ती देनदारी है। जानकरी के मुताबक सर्जिकल सामान सप्लाई की एवज में प्रदेश सरकार की ओर से लंबे समय से ठेकेदार को भुगतान नहीं हुआ है। वर्ष 2023 के बाद से अब तक कोई भी पेमेंट नहीं की गई है। इससे हॉस्पिटल पर इस समय लगभग 3.72 करोड़ रुपए की देनदारी है। इसमें हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड के तहत मिलने वाली दवाइयां सहित अन्य खर्चे शामिल हैं, अब ठेकेदार ने ऑपरेशन के समय यूज होने वाले सामान की सप्लाई को बंद कर दिया है। सप्लायर ने बाकायदा सोलन हॉस्पिटल मैनेजमेंट को लिखित में इस बारे में सूचना दे दी है।

### सरकार से आश्वासन

**मामले** की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य निदेशालय और सरकार से लंबित राशि जारी करने को लिखा है। उम्मीद है कि सितंबर के पहले सप्ताह में ठेकेदार की पेमेंट हो जाएगी। लिहाजा तब तक रोगियों को ऑपरेशन का इंतजार करना पड़ेगा। वहीं, ठेकेदार का कथन है कि जब तक सरकार उसे पेमेंट नहीं करती है, तब तक वह ऑपरेशन के समय यूज होने वाले सामान को सप्लाई नहीं करेगा। हिम केयर और आयुष्मान कार्ड आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए संजीवनी के समान हैं, लेकिन अब इन कार्ड्स का लाभ न मिल पाने से इलाज कराना मुश्किल हो गया है। सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड का ऑपरेशन के लिए लाभ न मिलने के चलते रोगियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में हिमाचल किसान सभा उतरेगी सड़कों पर



किसान सभा के पदाधिकारी नाहन में अधीक्षण अभियंता बिजली बोर्ड सिरमौर को ज्ञापन देते हुए।

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल किसान सभा ने स्मार्ट मीटर लगाने की नीति का विरोध तेज कर दिया है। सभा ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो 11 सितंबर को जिला मुख्यालय नाहन में बिजली बोर्ड के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

वीरवार को किसान सभा के पदाधिकारियों ने नाहन में अधीक्षण अभियंता बिजली बोर्ड सिरमौर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान सभा के नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब परिवारों के लिए भारी बोझ साबित होंगे और इनके कारण उपभोक्ताओं को महंगे बिजली बिलों का सामना करना पड़ेगा। सभा ने आरोप लगाया कि यह नीति रोजगार पर असर डालेगी, बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाएगी और बिजली सेवाओं के निजीकरण की दिशा में कदम है। महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि नाहन और पांवटा से किसान प्रतिनिधि ज्ञापन सौंपने आए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान लगातार इस नीति का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह जनविरोधी है और किसानों को सीधा नुकसान पहुंचाएगी। किसान सभा ने सरकार से स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। सभा ने साफ किया कि यदि सरकार ने कदम नहीं उठाया तो 11 सितंबर को बिजली बोर्ड कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



एटीसी कैंप में बेस्ट इंस्टीट्यूट का खिताब जीत कर लौटे सोलन कॉलेज के कैडेट्स प्रिंसिपल के साथ।

# एटीसी कैंप में जीता बेस्ट इंस्टीट्यूट का खिताब

अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय महाविद्यालय सोलन की एनसीसी की छात्राओं ने बड़ू साहिब में आयोजित एटीसी कैंप में बेस्ट इंस्टीट्यूट का खिताब हासिल किया। इस कैंप में कॉलेज की एनसीसी की 36 छात्राओं ने भाग लिया। स्क्वाड ड्रिल में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान रहा।

इसी तरह कैंप में कॉलेज ने स्क्वाड ड्रिल में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। कॉलेज की सीनियर अंडर ऑफिसर सिमरन चौहान ने कैंप सीनियर की भूमिका निभाई, वहीं, अंडर ऑफिसर मुस्कान ठाकुर ने कंपनी सीनियर की जिम्मेदारी संभाली। पेंटिंग प्रतियोगिता में पायल और कृतिका ने पहला स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृतिका ने दूसरा स्थान हासिल किया। रील प्रतियोगिता में श्रुति और पायल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। फायरिंग प्रतियोगिता में सिमरन चौहान और शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छह छात्राओं का चयन आरडीसी कैंप के लिए हुआ। इनमें सिमरन, पायल, परिनीता, सृष्टि, सिमरन और शीतल शामिल हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया तथा बधाई देते हुए कहा कि छात्राएं भविष्य में भी इसी तरह लगन और मेहनत से कार्य कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन करती रहें। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पीएम मोदी ने रेहड़ी-फड़ी वर्ग के लिए की ऐतिहासिक पहल : भारती

अनंत ज्ञान, सोलन

भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी-फड़ी व झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तरसेम भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया है, जिन्होंने देशभर के रेहड़ी-फड़ी व्यवसायियों, ठेला चालकों व झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना की अवधि को 2030 तक बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।



तरसेम भारती ने कहा कि इस निर्णय से देशभर में लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत ब्याज रहित ऋण, वित्तीय सहायता, डिजिटल लेन-देन पर प्रोत्साहन और स्वावलंबन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यह योजना छोटे दुकानदारों, ठेला-फड़ी वालों, खोमचा लगाने वालों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सदैव गरीब, श्रमिक, मजदूर और छोटे व्यवसायियों के हितों को प्राथमिकता दी है। यह निर्णय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना को मजबूत करता है। तरसेम भारती ने कहा कि भाजपा रेहड़ी-फड़ी व झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी सोच के लिए उनका आभार व्यक्त करता है और वचन देता है कि संगठन इस योजना के लाभों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# भीतरकुई गांव सड़क से अछूता, लोगों का पलायन

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पोका पंचायत के अंतर्गत आने वाला भीतरकुई गांव आज सड़क सुविधा के अभाव के कारण वीरान हो चुका है। कभी यहां पचास से अधिक परिवार बसते थे, लेकिन आवागमन की सुविधा न होने से लोगों ने गांव छोड़ दिया। वर्तमान में गांव में मात्र पांच परिवार ही शेष रह गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भीतरकुई को कोटगा गांव से मात्र तीन किलोमीटर सड़क के जरिए जोड़ा जाए, तो न केवल शेष परिवारों को राहत मिलेगी, बल्कि पलायन को भी रोका जा सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क जुड़ जाने पर एंबुलेंस और अन्य सुविधाएं गांव तक पहुंच सकेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं व आपातकालीन मदद संभव होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि भीतरकुई को जल्द कोटगा गांव से जोड़कर एंबुलेंस रोड बनाया जाए, ताकि गांव को पुन: आबाद किया जा सके ओर लोगों का जीवन सुगम हो सके।

# 70 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा योजना लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन जिले में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों का ई.केवाईसी सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी सोलन गावा सिंह नेगी ने दी। गावा सिंह नेगी ने कहा कि विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों का ई.केवाईसी 31 अगस्त तक पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि ई.केवाईसी पूर्ण होने से सामाजिक सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन में और अधिक पारदर्शिता आएगी तथा लाभ लक्षित वर्गों तक समय पर पहुंचेंगे। उन्होंने सोलन जिले के सभी सामाजिक सुरक्षा योजना लाभार्थियों से आग्रह किया कि 31 अगस्त तक ई.केवाईसी पूरा करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि ई.केवाईसी प्रक्रिया के लिए लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य ई-कल्याण मोबाइल ऐप पर किया जा रहा है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जा रहा है। जिले के सभी 1281 आंगनबाड़ी केंद्रों में ई.केवाईसी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ई.केवाईसी सत्यापन के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना के लाभार्थी अपने समीप के आंगनबाड़ी केंद्र में संपर्क करें और अपना आधार कार्ड व अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाकर यह कार्य पूर्ण करवाएं। जिला कल्याण अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में सोलन जिले में कुल 52479 सामाजिक सुरक्षा योजना लाभार्थी हैं। इनमें से 36488 लाभार्थियों का ई.केवाईसी पूरा कर लिया गया है।

# धान व चावल के परिवहन कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2025-26 के लिए धानक्रय केंद्र उद्योग, शेड मलपुर व मार्केट यार्ड नालागढ़ से विभिन्न स्थानों तक धान व चावल के परिवहन कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग सोलन श्रवण कुमार हिमालयन ने दी। श्रवण कुमार हिमालयन ने कहा कि ऑनलाइन निविदाएं 10 सितंबर, 2025 की सायं 4 बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि निविदाएं 11 सितंबर, 2025 को प्रात: 11 बजे तक डीसी अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक निविदा दाता विभाग की वेबसाइट etender.hp पर आवेदन कर सकते हैं। निविदा की शर्तें इस वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती हैं। जिला नियंत्रक ने कहा कि क्रय केंद्रों से परिवहन कार्य की निविदा भरने के लिए 1,000 रुपए प्रति फार्म शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जिलावासी लें 'से नो टू ड्रग्स' का संकल्प

अनंत ज्ञान, नाहन

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने नाहन चौगान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लोगों को नशे से दूर रहने व इसके रोकथाम के लिए आयोजित की गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस रैली में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र व छात्राओं। इसमें राजकीय महाविद्यालय नाहन, आईटीआई नाहन, हिमालयन कॉलेज कालाअंब, राजकीय छात्र व कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन, एनसीसी व स्काउट एंड गाइड ने भाग लिया। यह रैली नाहन चौगान से आरंभ होकर दिल्लीगेट, हिंदुआश्रम, बड़ाचौक, गुन्नुघाट, मॉल रोड होते हुए वापस चौगान पहुंची। इस अवसर पर डीसी सिरमौर ने कहा कि सिरमौर जिले में एक से 31 अगस्त तक नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिससे न केवल एक नशा करने वाला व्यक्ति प्रभावित होता है, बल्कि पूरा परिवार व समाज भी प्रभावित होता है। उन्होंने जिला वासियों से 'से नो टू ड्रग्स' का संकल्प लेने का आह्वान किया। डीसी ने कहा कि नशा एक चुनौती है। इसकी चपेट में आज का युवा वर्ग बहुत तेजी से फंसता जा रहा है। इस प्रकार की रैलियों व कार्यक्रमों के माध्यम से जिला प्रशासन युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास कर रहा है, जो लोग नशे की गिरफ्त में फंसे हैं, उन्हें नई दिशा केंद्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं व स्वास्थ्य विभाग द्वारा परामर्श कर नशे की लत से बाहर लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम में जागरूकता सबसे सशक्त हथियार है। नशा मुक्त समाज के लिए नशे से पीड़ित व्यक्ति के प्रति सहयोग व संवेदनशीलता अपनानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के इन प्रयासों में अपनी सहभागिता देते हुए नशा न करने का संकल्प लें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। नशा क्षण भर के लिए तो आनंदित करता है, लेकिन इसके पश्चात वह नशे का आदी बन जाता है और फिर यह संपूर्ण जीवन बर्बाद कर देता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि नशे की आदत को छुपाएं नहीं बल्कि, अति शीघ्र इस आदत से बाहर निकलने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्ति की सूचना यदि आपको हो तो टोल फ्री नंबर-1933 पर इसकी जानकारी साझा करें।





रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती हुईं डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा।

**अनदेखी** वामन द्वादशी और दशहरा उत्सव को जिला स्तरीय मान्यता की दरकार

# सांस्कृतिक आयोजनों से वंचित जिला मुख्यालय नाहन

एसपी, जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** ऐतिहासिक धरोहर को संजोए हुए सिरमौर जिला का मुख्यालय नाहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर आज तक उपेक्षित रहा है।

हिमाचल के 12 जिला मुख्यालयों में नाहन ही ऐसा जिला मुख्यालय है, जो सरकारी स्तर पर अनदेखी का शिकार हुआ है। आजादी के बाद भी आज तक यहां जिला स्तरीय सांस्कृकि कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाता है। प्रदेश के अन्य 11 जिला मुख्यालयों पर नजर डालें, तो सबकी अपनी विरासत, अपनी संस्कृति, अपनी पहचान है। शहर की कभी समृद्ध रही विरासत, संस्कृति को संरक्षण दिलवाना इन नेताओं की समझ से परे रहा है। अपने स्तर पर कुछ आयोजन करने वाले कलाकारों ने रोष प्रकट किया कि जिला सिरमौर का मुख्यालय नाहन एक ऐसा स्थल है, जहां सरकारी स्तर पर एक भी सांस्कृतिक समारोह आयोजित नहीं होता। न ही यहां के प्राचीन मेलों को सरकारी स्तर पर मनाया जाता है। आजादी के बाद भी प्रदेश की सरकारों ने यहां के किसी भी धार्मिक समारोह या फिर सांस्कृतिक समारोह को सरकारी स्तर पर मनाने की घोषणा नहीं की। प्रदेश के अन्य तमाम जिला मुख्यालयों में कोई न कोई समारोह सरकारी स्तर पर आयोजित होता है। यहां की सभी पार्टियों व नेताओं ने बस विकास के नाम पर संस्कृति के नाम पर बस वोट बटोरे हैं। आज भी न जनता जागी है और न वोट लेने वाले नेता। करीब 25 साल पहले अन्य जिलों की तर्ज पर नाहन में सिरमौर उत्सव की शुरुआत सरकारी स्तर पर शुरू हुई थी। यह सोच कर कि यह उत्सव कला एवं संस्कृति का दोहन करेगा व नए कलाकारों को मंच मिलेगा। गांव की प्रतिभाएं अपना कौशल दिखाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और कुछ कारणों से यह उत्सव बंद हो गया। यूं भी जिला मुख्यालय में सरकारी स्तर पर किसी भी सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अफसरशाही हमेशा कन्नी काटती रही है क्योंकि अफसरशाही को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए लाखों रुपए का बजट जुटाना होता है। अफसरशाही के लिए अंतरराष्ट्रीय मेला श्री रेणुका, सराहां का वामन मेला व यमुना शरद महोत्सव शायद पहली प्राथमिकता है। सदियों पुराने वामन द्वादशी मेले व दशहरा उत्सव को सरकारी स्तर पर मनाया जा सकता है। दशहरा उत्सव को रियासत काल में शानो शौकत से आयोजित किया जाता था। फिलहाल तो दशहरा उत्सव के नाम पर नगर परिषद आतिशबाजी का आयोजन कर अपनी जिम्मेदारी पूरी करती रही है। दशहरा उत्सव में आज भी हजारों लोग उमड़ते हैं। वामन द्वादशी मेला भी चल रहा है। शाही परिवार के सदस्य एवं पूर्व विधायक अजय बहादुर सिंह ने कहा कि यह सही है कि हम लोग अपनी प्राचीन विरासत संभालने में नाकाम रहे हैं। सरकार को कम से कम एक आयोजन जिला मुख्यालय में अपने स्तर पर आयोजित करना चाहिए था। यहां के दशहरा उत्सव या फिर वामन द्वादशी मेले को जिला स्तरीय घोषित किया जाना चाहिए।



ऐतिहासिक नाहन शहर।

# जेबीटी शिक्षक शशि राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, सोलन

- शशि पॉल पूरे प्रदेश से इस सम्मान के लिए चयनित होने वाले अकेले शिक्षक

राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला शमरोड़, जिला सोलन के जेबीटी शिक्षक शशि पॉल को 5 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। शशि पॉल पूरे हिमाचल प्रदेश से इस सम्मान के लिए चयनित होने वाले अकेले शिक्षक हैं, जिससे पूरे राज्य विशेषकर सोलन जिले में खुशी की लहर है।

शशि पॉल का जन्म तहसील रामशहर के गांव भिनी जोरी में हुआ। उन्होंने 11 अगस्त, 2011 को प्राथमिक विद्यालय नियारी से अपने अध्यापन करियर की शुरुआत की। अपने करियर के आरंभ से ही उन्होंने यह संकल्प लिया कि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी या आर्थिक कठिनाइयों के चलते शिक्षा से वंचित न रह जाए। शशि पॉल ने बहुस्तरीय शिक्षण रणनीतियों के माध्यम से बच्चों की व्यक्तिगत अधिगम आवश्यकताओं को पूरा किया। उन्होंने कम लागत में शिक्षण सामग्री का उपयोग कर आनंददायक शिक्षा को बढ़ावा दिया और शतरंज व बैडमिंटन में बच्चों को प्रशिक्षित कर राज्य स्तर तक पहुंचाया। वर्तमान में शमरोड़ स्कूल में कार्यरत शशि पॉल ने यहां आधुनिक लैब स्थापित करवाई।

सिंगापुर के शिक्षा मॉडल से प्रेरणा लेकर उन्होंने मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया। कोविड लॉकडाउन के दौरान उन्होंने डिजिटल माध्यमों से शिक्षा को जारी रखते हुए निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग शुरू की। इससे 2021 से 2025 तक 211 छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ और 24 छात्रों को छात्रवृत्तियां मिलीं। शशि पॉल ने कहा कि यह पुरस्कार उनके परिवार, शिक्षा विभाग और उन सभी का है जिन्होंने उनके इस सफर में साथ दिया।




# हरियाणा मॉडल की ओर देख रही पंजाब की जनता : सैनी

## बोले-हरियाणा बिना चुनाव वादे निभा रहा, पंजाब में वादे अब भी अधूरे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करने की घोषणा की। इस योजना के तहत सभी पात्र महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र के एक और वादे को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार महिलाओं से किए गए वादों को निभाने में असफल रही है, जिससे वहां की जनता अब हरियाणा की योजनाओं को उम्मीद से देख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'जिस प्रकार कांग्रेस ने पहले पंजाब को खोखला किया, अब आम आदमी पार्टी उसी राह पर चल रही है।' उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह चुनाव में घोषणा पत्र के माध्यम से जनता को गुमराह करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद वादों को भूल जाती है। उन्होंने इसे 'चीनी सामान जैसी गारंटी' बताया, जिसकी कोई स्थायित्व नहीं होती।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार बिना चुनाव दबाव के संकल्प पूरे कर रही है, जबकि पंजाब, कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल जैसे राज्यों में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने महिलाओं से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं किए।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं और जनता अब इन पर भरोसा नहीं करती। उन्होंने पंजाब में एमएसपी और आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन में विफलता की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ' पर कांग्रेस द्वारा सदन में पोस्टर लहराना सिर्फ राजनीतिक नौटंकी है, और इससे वे व्यक्तिगत तौर पर आहत हुए हैं।

# मदरसा बोर्ड होगा समाप्त, सांस्कृतिक संतुलन को लेकर सरकार सख्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

### सीएम धामी ने मां नंदा देवी मेला का किया वर्चुअल शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा के मां नंदा देवी मेले का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी लोक आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक है और सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण का भी मंच है। उन्होंने बताया कि 2026 में होने वाली मां नंदा राजजात यात्रा को भव्य रूप देने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखंड पर्वतमाला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान और सौंदर्यीकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें जागेश्वर मंदिर परिसर का संरक्षण और सौंदर्यीकरण भी शामिल है। उन्होंने अल्मोड़ा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाते हुए बेस अस्पताल, उपजिला चिकित्सालय, क्रिटिकल केयर ब्लॉक और महिला चिकित्सालय के अपग्रेडेशन की जानकारी दी उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत हजारों करोड़ की लागत से अल्मोड़ा जनपद में सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण हो रहा है। हेली सेवाओं, पार्किंग स्थलों और सिंचाई योजनाओं के माध्यम से पर्यटन और आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक जनपद, दो उत्पाद योजना, हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड, मिलेट मिशन, एप्पल मिशन, नई पर्यटन और फिल्म नीति, होम स्टे व वेड इन उत्तराखंड जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान और जनसांख्यिकी संतुलन को बनाए रखने के लिए सरकार कड़े कदम उठा रही है। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड समाप्त किया जाएगा और 1 जुलाई, 2026 के बाद वे सभी मदरसे बंद कर दिए जाएंगे, जो सरकारी बोर्ड के पाठ्यक्रम को नहीं अपनाएंगे। इसके अलावा, सरकार पारंपरिक शैली में मां नंदा देवी मंदिर के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण तथा नंदा देवी हस्तशिल्प ग्राम की स्थापना करेगी। यह मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अंतर्गत महिला उद्यमियों को समर्थन प्रदान करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चरण सिंह जोगी ने ली पार्षद पद की शपथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सोनीपत के वरिष्ठ भाजपा नेता चरण सिंह जोगी ने नगर निगम कार्यालय में वीरवार को पार्षद पद व गोपनीयता की शपथ ली उन्हें हाल ही में सरकार ने जजपा कोटे से खाली हुई सीट पर मनोनीत किया है। उनका कार्यकाल नगर निगम के मेयर एवं पार्षदों के कार्यकाल तक रहेगा। शपथ के बाद मेयर राजीव जैन ने लड्डू खिलाकर स्वागत किया और समर्थकों ने फूलमालाओं से सम्मानित किया। जोगी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली सहित नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, ओम प्रकाश अत्रे, माईराम कौशिक, आजाद नेहरा, रविंद्र दिलावर, मोहन मदान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गेहूं वैज्ञानिकों को गोष्ठी में मिला राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं वैज्ञानिकों को 64वीं अखिल भारतीय गेहूं व जौ शोधकर्ता वार्षिक गोष्ठी में केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह गोष्ठी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित की गई। इसमें विश्वविद्यालय की टीम को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र दिया गया। समारोह में मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने वीरवार को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गेहूं की उन्नत किस्म डब्ल्यूएच 1306 को उच्च उत्पादकता, रोग प्रतिरोधकता और बेहतर गुणवत्ता के लिए देशभर में सराहा गया है। यह किस्म विशेष रूप से भारत के प्रायद्वीपीय क्षेत्रों महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, गोवा, तमिलनाडु और केरल के लिए सिंचित एवं समय पर बुवाई के लिए विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि चपाती गुणवत्ता के मामले में यह किस्म-देशी किस्म सी 306 के बाद हकृवि की दूसरी सर्वश्रेष्ठ किस्म मानी गई है। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे अनुसंधान की गुणवत्ता एवं किसानों की समृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# कार्यवाहक प्राचार्या ने किया एनएसएस ओरिएंटेशन व हर्बल गार्डन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने नव-नामांकित स्वयंसेवकों के स्वागत हेतु एक प्रेरणादायी ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की मूल भावना, उद्देश्यों, आचार संहिता, गतिविधियों तथा मायभारत पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जिससे उनमें सामाजिक सेवा की भावना को दृढ़ किया जा सके।

इस विशेष अवसर को और अधिक अर्थपूर्ण बनाते हुए महाविद्यालय के ईको क्लब-परिवेश के सहयोग से तैयार 'एनएसएस हर्बल गार्डन' का उद्घाटन कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने किया। स्वयंसेवकों को पुष्प क्यारियां सौंपी गईं, जिनमें उन्होंने कपूर तुलसी, एलोवेरा, सिट्रोनेला, ब्राह्मी, शतावरी, हल्दी, स्टीविया आदि औषधीय पौधे लगाए। यह प्रयास पर्यावरणीय चेतना और व्यावहारिक बागवानी कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल है। प्राचार्या ने अपने संबोधन में सेवा की निस्वार्थ भावना और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्राओं को एनएसएस की जिम्मेदारियों को समर्पण, संवेदना और दृढ़ संकल्प के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन ने छात्राओं में सेवा, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ किया।

# हॉंडा स्कूलों के साथ मिलकर नई पीढ़ी को सड़क सुरक्षा के लिए कर रही तैयार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हॉंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए पहला सड़क सुरक्षा सम्मेलन लुधियाना, पंजाब में आयोजित किया। इसमें 200 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक शामिल हुए। यह सम्मेलन की पहल 'माइंडसेट डेवलपमेंट फॉर आवर फ्यूचर जनरेशन' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बचपन से ही बच्चों में सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करना है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डिंपल मदान, रविंदर कौर और एचएमएसआई के कॉरपोरेट अफेयर्स ऑपरेटिंग अफसर प्रभु नागराज उपस्थित रहे। सम्मेलन में शिक्षकों को ऐसे जागरूकता मॉड्यूल से अवगत कराया गया, जो विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा की सोच विकसित करने में सहायक होंगे। यह पहल एक बार का आयोजन न होकर विद्यालयों के साथ सतत् सहयोग की शुरुआत है। एचएमएसआई ने एक विशेष पोर्टल भी लॉन्च किया है, जिससे स्कूल मॉड्यूल डाउनलोड या प्रसारित कर सकेंगे। ये मॉड्यूल कई भाषाओं में उपलब्ध होंगे। अब तक एचएमएसआई 14 सम्मेलन के माध्यम से 1700 से अधिक स्कूलों और 6.5 लाख विद्यार्थियों तक पहुंच चुका है। कंपनी का लक्ष्य है कि सुरक्षा शिक्षा समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

# चंडीगढ़ मॉडल जेल में कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री, जयंत चौधरी ने वीरवार को चंडीगढ़ की मॉडल जेल (सेक्टर-51) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के लिए चल रही कल्याणकारी एवं कौशल विकास गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बुरैल जेल परिसर में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना की गई है, जो पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की समिति की अनुशंसाओं के अनुरूप है। प्रारंभिक चरण में वुड वर्क टेक्नीशियन और सिलाई प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह पहल बंदियों के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल उपलब्ध कराकर उनके पुनर्वास को सशक्त बनाएगी।

ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग, डिजिटल साक्षरता और विशेष प्रवेश प्रक्रिया जैसे नवाचारों को अपनाते हुए यह आईटीआई बंदियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएगी। यह पहल न केवल समाज में उनकी पुनर्वापसी को सुगम बनाएगी, बल्कि जेल परिसर में अनुशासन और सकारात्मकता को भी बढ़ावा देगी। इस आईटीआई का उद्घाटन 25 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया जाएगा।

## देश-विदेश

# मोदी ने अमेरिकी कपास पर 11 % टैक्स हटाया, यह किसानों संग धोखा : केजरीवाल

## ट्रंप ने 50 % टैरिफ लगाया, मोदी उनके सामान को टैक्स फ्री कर रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) के नेशनल कन्वीनर और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अमेरिका को कपास पर लगने वाली 11% इंपोर्ट ड्यूटी हटाकर भारतीय किसानों के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में भारत को अमेरिका पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाना चाहिए था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी सामानों को टैक्स फ्री कर रहे हैं। यह फैसला भारतीय किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर देगा।' (अनंत ज्ञान)

### अब भारतीय किसानों से कौन खरीदेगा कपास?

**केजरीवाल** ने कहा कि पिछले कुछ दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने चोरी-चोरी कुछ ऐसे फैसले लिए, जो देशभर के किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। अमेरिका से आने वाली कपास पर पहले 11% ड्यूटी लगती थी। अब 19 अगस्त से 30 सितंबर तक अमेरिका से आने वाली कपास पर टैक्स नहीं लगेगा। इससे देश के बाजार में अमेरिकी कपास भारतीय कपास की तुलना में 15-20 रुपए प्रति किलो सस्ती हो जाएगी। 30 सितंबर तक टेक्सटाइल इंडस्ट्री सस्ते दामों पर अमेरिकी कपास खरीदेंगी। जब हमारा किसान मंडियों में अपनी कपास लेकर जाएगा, तो उसे कौन खरीदेगा? केजरीवाल के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने प्रेस रिलीज जारी की और बताया कि अमेरिका से आने वाली कपास को टैक्स फ्री करने की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है।

# वैष्णो देवी यात्रा तीसरे दिन भी रद्द

**एजेंसी, कटरा।** वैष्णो देवी यात्रा रूट के अर्धकुआरी में हुई लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोकी गई है। यात्रा स्थगित होने के बाद कई श्रद्धालु फंस गए हैं। कुछ यात्री कटरा के होटलों में यात्रा के दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें मलबा साफ होने तक इंतजार करने को कहा गया है। घटना के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शवों को उनके घर भेजने की जिम्मेदारी ली है। 24 मृतकों की पहचान हो गई है। गौर रहे कि 26 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे भारी बारिश के कारण अर्धकुआरी इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन हुआ था। हादसे में 34 की मौत हुई है, 20 से ज्यादा घायलों का इलाज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया

## बोले-भारतीय पीएम रूसी तेल खरीदकर इसे बढ़ा रहे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



ट्रंप के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया है। नवारो ने बुधवार को ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से तानाशाही के साथ मिल रहा है। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं।

नवारो ने कहा, 'भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है?' उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है। दरअसल, ट्रंप पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं। इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं। नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66% निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर था। नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया। वहीं, व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा कि अगर भारत ने व्यापार को लेकर अपना रुख नहीं बदला तो ट्रम्प और सख्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत झुकने से इनकार करता है तो ट्रंप भी पीछे नहीं हटेंगे। (अनंत ज्ञान)

### एरोगेंट हैं नरेंद्र मोदी



**नवारो** ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेन के लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है।

# सोने में 355 और चांदी में 818 रुपए का उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 28 अगस्त को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, वीरवार को चांदी की कीमत 818 रुपए बढ़कर 1,16,688 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 रुपए थी। वहीं, 24 कैरेट सोना का दाम 355 रुपए बढ़कर 1,01,239 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,00,884 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को गोल्ड ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ से तबाही

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आई भीषण बाढ़ के कारण पिछले चौबीस घंटों में 17 लोगों की मौत हो गई। सैकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सतलुज, रावी और चिनाब नदियों में आई बाढ़ से बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सड़कों और पुलों को नुकसान पहुंचा है और लाखों एकड़ कृषि भूमि डूब गई है। 13 करोड़ से ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत में यह तबाही मची है। पंजाब की आपातकालीन सेवा के मुताबिक, बीते 24 घंटों में बाढ़ के कारण 17 लोगों की मौत हुई। इनमें सात लोगों की सियालकोट, चार की गुजरात, नारोवाल में तीन, हाफिजाबाद में दो और गुजरांवाला में एक की मौत हुई। (अनंत ज्ञान)

# 5वां आसियान-भारत युवा शिखर सम्मेलन शुरू

**एजेंसी, पणजी।** विदेश मंत्रालय ने भारत फाउंडेशन और आसियान फाउंडेशन के सहयोग से व गोवा सरकार के समर्थन से 5वें आसियान-भारत युवा शिखर सम्मेलन का आयोजन 28 से 31 अगस्त 2025 तक किया है। इस वर्ष का विषय है- युवा जोड़ें भविष्य गढ़ें। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन समारोह को विदेश राज्य मंत्री और वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में भारत और आसियान देशों के साझा मूल्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि युवा ही आने वाले समय के असली निर्माता हैं। मंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर आपसी सहयोग को और मजबूत बनाएं ताकि आसियान समुदाय दृष्टि-2045 को साकार किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# मैक्सिको ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवा रोकी

**एजेंसी, मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से अमेरिका को अपने डाक पार्सल भेजना बंद कर रहा है। यह फैसला अमेरिका में कम मूल्य वाले पार्सल पर लगने वाले कर की छूट खत्म होने से पहले लिया गया है, जिसे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन खत्म करने जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठाए हैं। यह भी अमेरिका के इस नए नियम को लेकर स्पष्ट स्थिति का इंतजार कर रहे हैं। यह फैसला उस समय आया है, जब मैक्सिको और ट्रंप प्रशासन के बीच बीते कई महीनों से वार्ता जारी है, ताकि व्यापक टैरिफ से बचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

# आज चुनाव हुए तो एनडीए को 324, विपक्ष को 208 सीटें संभव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आज अगर चुनाव हुए तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे ज्यादा सीटें जीत सकती है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है। सर्वे के मुताबिक भाजपा को 260 सीटें और कांग्रेस को 97 सीटें मिलने की उम्मीद है। एनडीए को 324 सीटें और इंडिया ब्लॉक को 208 सीटें मिल सकती हैं।

इंडिया टुडे ग्रुप और सी वोटर के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में पाया गया कि अगर

### इंडिया टुडे ग्रुप और सी वोटर के 'मूड ऑफ द नेशन' का सर्वे

आज चुनाव होते हैं, तो भाजपा को सबसे ज्यादा 260 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 97 सीटें मिलने की संभावना है। फरवरी 2025 में किए गए पिछले सर्वे में भाजपा को 281 सीटें और कांग्रेस को 78 सीटें मिलने का अनुमान था। मतलब भाजपा की सीटों की संख्या में थोड़ी गिरावट आई है, जबकि कांग्रेस की सीटों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के 14 महीने पूरे कर लिए हैं। इस दौरान कई बड़ी घटनाएं हुईं। एक तरफ, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। वहीं दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी टैरिफ की वजह से भारत और अमेरिका के रिश्ते थोड़े खराब हो गए हैं।

# ब्रिटेन में पाकिस्तानी रेप गैंग्स एक्टिव : लोवे

## कहा-नाबालिग लड़कियों को ड्रग्स की लत लगाकर करते हैं रेप

**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन के 85 इलाकों में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण होने का मामला सामना आया है। सांसद रूपर्ट लोवे ने 26 अगस्त को एक जांच में दावा किया कि इन इलाकों में कई रेप गैंग एक्टिव है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोवे ने कहा, 'इन रेप गैंग्स के ज्यादातर मेंबर पाकिस्तान मूल के लोग है। जांच में 1960 के दशक तक के मामले सामने आए हैं।'

जांच के दौरान सैकड़ों पीड़ितों और उनके परिवारों से बात किया गया साथ ही फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन के तहत हजारों शिकायत जुटाई गई। सांसद रूपर्ट ने कहा, 'ये लोग कई सालों से अपराध कर रहे हैं और पुलिस और प्रशासन ने इसकी अनदेखी की है।'

रिपोर्ट के मुताबिक यह गैंग ज्यादातर गरीब घर की गोरी लड़कियों को शिकार बनाते हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें बचपन में निशाना बनाया गया, ड्रग्स देकर पहले लत लगाया जाता फिर बलात्कार किया गया, और चुप रहने की धमकी दी गई। (अनंत ज्ञान)

### इन रेप गैंग्स की वजह से लाखों जिंदगियां बर्बाद

**लोवे** ने कहा कि रिपोर्ट में ब्रिटेन पुलिस, सामाजिक सेवाओं और क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस पर भी सवाल उठाए गए हैं। कई मामलों में पीड़ितों को गंभीरता से नहीं लिया गया और कुछ को उनको ही अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस को डर था कि अपराधियों की जाति सामने आने से सामुदायिक तनाव बढ़ सकता है, जिसके कारण कार्रवाई करने में देरी की गई। लोवे ने कहा, 'यह घिनौना अपराध पहले से कहीं ज्यादा फैल गया है। लाखों जिंदगियां इन रेप गैंग्स की वजह से बर्बाद हुई हैं।'

# सेंसेक्स 706 अंक टूटकर 80,081 के स्तर पर बंद



**एजेंसी, मुंबई।** सेंसेक्स 28 अगस्त को 706 अंक गिरकर 80,081 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में करीब 211 अंक की गिरावट रही और यह 24,501 के स्तर पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान 773.52 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 80,013.02 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.15 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,501 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, इंफोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ गए। वहीं टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और एक्सिस बैंक लाभ में रहे। (अनंत ज्ञान)

## विकास

### विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण उत्पादन में वृद्धि दर्ज

# जुलाई में 3.5% बढ़ा औद्योगिक उत्पादन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जुलाई में औद्योगिक उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ा। सरकार ने इससे जुड़े आंकड़े जारी कर दिए हैं। पिछले वर्ष इसी महीने में यह 5 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि इस साल जुलाई में बढ़कर 3.5 प्रतिशत पर पहुंची है। यह चार महीने का उच्चतम स्तर है। वीरवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई। आंकड़ों के अनुसार, देश के औद्योगिक उत्पादन में इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा गया कारखाना उत्पादन जुलाई 2024 में पांच प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने पिछले महीने जारी अनंतिम अनुमानों के मुकाबले जून में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को 1.5 पर अपरिवर्तित रखा। (अनंत ज्ञान)

### बिजली उत्पादन में 0.6 % की वृद्धि

एनएसओ के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जुलाई 2025 में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.7 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जुलाई 2025 में बिजली उत्पादन में मात्र 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 7.9 प्रतिशत थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### टी20 में मिडल ऑर्डर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले टॉप-5 भारतीय

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** टी20 में मिडल ओवर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले भारतीयों की लिस्ट में सूर्यकुमार यादव और युवराज सिंह जैसे कई बल्लेबाज टॉप-5 में मौजूद हैं। मगर नंबर-1 पर वह बल्लेबाज है जो इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुका है। सूर्यकुमार यादव इस लिस्ट में नंबर-1 बनने की कगार पर है। वह मिडल ओवर्स में अभी तक भारत के लिए 85 छक्के जड़ चुके हैं। वह रोहित शर्मा से महज कुछ ही कदम पीछे हैं। रोहित शर्मा नंबर-1 हैं। रोहित ने कुल 88 बार गेंद को सीधा बाउंड्री के पार पहुंचाया है। सूर्यकुमार यादव उनको पछाड़ने से 4 छक्के दूर हैं।विराट कोहली तीसरे पायदान पर हैं, उन्होंने 62 छक्के लगाए हैं। उसके बाद केएल राहुल का नंबर आता है, उन्होंने 46 छक्के जड़े हैं और वह लिस्ट में चौथे पायदान पर हैं। पांचवें नंबर पर युवराज सिंह हैं। युवराज ने मिडल ऑर्डर में बैटिंग करते हुए अपने करियर में 40 छक्के जड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

### केरल क्रिकेट लीग में आग उगल रहा है संजू सैमसन का बल्ला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। भारतीय टीम में शुभमन गिल को शामिल किए जाने के बाद से बैटिंग कॉम्बिनेशन को लेकर बहस जारी है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि गिल एशिया कप में सलामी बल्लेबाजी करते हुए दिखाई देंगे, लेकिन केरल क्रिकेट लीग (केएलसी) में एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़कर संजू सैमसन ने एक बार फिर दुनिया को बताया है कि क्यों वे दुनिया के सबसे अच्छे टी20 बल्लेबाज में से एक हैं। केसीएल में सैमसन के जोरदार प्रदर्शन से उनकी पोजिशनिंग बेहतर हुई है। चीफ सेलेक्टर अगरकर ने टीम के ऐलान के वक्त कहा भी था कि अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग में सैमसन और गिल में से किसी एक को चुना जाएगा। केसीएल के प्रदर्शन के बाद सैमसन ने सलामी बल्लेबाजी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। उन्होंने साबित कर दिया कि जब संजू का बल्ला चलता है तो गेंद सीधे बाउंड्री को टच करती है। कोल्लम सेलर्स के खिलाफ उन्होंने मात्र 42 गेंद पर शतक ठोकते हुए 13 चौके और 5 छक्के की मदद से 51 गेंदों में 121 रन की पारी खेली थी। (अनंत ज्ञान)

### सबालेंका, एंड्रीवा और पाओलिनी यूएस ओपन के तीसरे दौर में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा और सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए गैर-वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी पोलिना कुदेरमेतोवा को सीधे सेटों में 7-6(4), 6-2 से हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। बेलारूस की सबालेंका का अगला मुकाबला कनाडा की 31वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने कल फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया था। 2021 में यहां फाइनलिस्ट रहीं फर्नांडीज कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। एक अन्य मैच में 17 वर्षीय एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्लारा ब्यूरल को 6-3, 6-4 से हराया। एंड्रीवा का राउंड ऑफ 32 में उनका कनाडा की लेयला फर्नांडीज से मुकाबला होगा। दूसरे दौर के एक अन्य मैच में, इटली की पाओलिनी ने गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी किशोरी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया। (अनंत ज्ञान)

### सारा टेलर की खूबसूरत अदा

**इंग्लैंड।** विकेटकीपर बल्लेबाज सारा टेलर इंग्लैंड की महान खिलाड़ी हैं। सारा के खेल और उनकी खूबसूरती को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते हैं। सारा अपनी सुंदरता और स्मार्ट व्यक्तित्व के लिए भी प्रसिद्ध हैं।



## एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाएगी भारतीय हॉकी टीम

# भारत-चीन के बीच पहला मुकाबला आज

**एजेंसी, राजगीर**

एशिया कप हॉकी का इंतजार खत्म होने को है। यह टूर्नामेंट शुक्रवार से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। मेजबान भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन के साथ मुकाबले से करेगी। यह मुकाबला दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम के पिछले कुछ मुकाबले अच्छे नहीं रहे हैं। ऐसे में टीम को हालिया पुराना वक्त भुलाकर नई शुरुआत करनी होगी। एशिया कप जीतने वाली टीम अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। इस कारण यह टूर्नामेंट बेहद अहम है। एशिया कप के पहले दिन ही मलेशिया और बांग्लादेश का मैच भी होगा। इसी दिन दक्षिण कोरिया की टीम ताइवान और जापान की टीम और कजाखस्तान से भिड़ेगी।

तीन बार की चैंपियन भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और ताइवन हैं। कजाखस्तान की टीम तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है जिसने ओमान की जगह ली है। पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश खेल रहा है। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा कारणों से नाम वापस ले लिया था। हर पूल की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल सात सितंबर को होगा। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### बेल्जियम-नीदरलैंड में होगा विश्व कप

**यह** टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया जब वह यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो-लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे जिससे कोच क्रेग फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। फुल्टोन ने स्वीकार किया कि एशिया कप इस साल का सबसे अहम टूर्नामेंट है।

### भारत को मिली पहली रैंकिंग

**भारत** को इस टूर्नामेंट में पहली रैंकिंग मिली है। चीन की विश्व रैंकिंग 23वीं है, लेकिन उसे हलके में नहीं लिया जा सकता। चीन की टीम काउंटर अटैक में माहिर है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करके आलोचकों का मुंह बंद करना चाहेगी। इसके लिए कोच फुल्टोन को डिफेंस पर फोकस वाली अपनी रणनीति बदलनी होगी जो प्रो लीग में नाकाम रही। भारत ने आठ मैचों में 26 गोल गंवाए और कई बार डिफेंडरों की गलती से हारा। इस टूर्नामेंट में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम डिफेंस में कोई कोताही नहीं बरत सकती।

## मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इंजरी के बाद से शमी खराब फिटनेस से जूझ रहे थे, लेकिन अब उन्होंने प्रैक्टिस शुरू कर दी है और टीम इंडिया में वापसी के लिए शमी जमकर तैयारी कर रहे हैं। आखिरी बार शमी को आईपीएल-2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए देखा गया था। हालांकि, यह सीजन उनके लिए कुछ खास नहीं रहा था। वहीं अब शमी रिटायरमेंट वाले सवाल पर भड़कते हुए दिखाई दिए।

टीम इंडिया अब एशिया कप-2025 में खेलते हुए नजर आएगी। इस टूर्नामेंट के लिए मोहम्मद शमी टीम इंडिया के स्क्वाड में अपनी जगह बना पाने में नाकामयाब रहे। हालांकि, शमी इन दिनों जमकर पसीना बहा रहे हैं। वहीं, शमी ने एक इंटरव्यू में कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान संन्यास के सवाल पर बोलते हुए शमी ने कहा कि अगर किसी को दिक्कत है वो मुझे बताए क्या मेरे संन्यास लेने से उनकी जिंदगी सही हो जाएगी। मुझे बताएं कि मैं किसके जीवन का पत्थर बन गया हूं जो मैं रिटायरमेंट लूं। हां जिस दिन मैं बोर हो जाऊंगा उस दिन खेलना छोड़ दूंगा। भले ही आप मुझे न चुने, लेकिन मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा। आप मुझे इंटरनेशनल में नहीं चुनते, लेकिन मैं घरेलू क्रिकेट खेलता रहूंगा। (अनंत ज्ञान)

**बोले वनडे वर्ल्ड कप जीतना है मेरा सपना**

### वनडे वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं शमी

**मोहम्मद** शमी के लिए वनडे वर्ल्ड कप 2023 काफी शानदार रहा था, लेकिन टीम इंडिया फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार गई थी। वहीं अब एकबार फिर से शमी की नजरें वर्ल्ड कप 2027 पर टिकी हैं। आगे उन्होंने कहा 'मेरा एक ही सपना है कि मुझे वर्ल्ड कप जीतना है। मैं उस टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो वर्ल्ड कप जीते और उसके लिए मैं शानदार प्रदर्शन करूं।'

## आईपीएल से संन्यास के बाद इस विदेशी लीग में खेलते नजर आ सकते हैं अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल से संन्यास का एलान कर सभी को चौंका दिया। अब खबर आ रही है कि दिग्गज खिलाड़ी को इंग्लैंड की फ्रेंचाइजी लीग द हंड्रेड में खेलते देखा जा सकता है।

बता दें कि, अश्विन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते थे। आईपीएल 2025 की नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नियमों के अनुसार, कोई भी सक्रिय भारतीय घरेलू खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा नहीं ले सकता। लेकिन आईपीएल से हटने के बाद खिलाड़ियों के लिए रास्ता खुल जाता है। हाल ही में दिनेश कार्तिक ने भी आईपीएल से संन्यास लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग में खेला था। टेलीग्राफ स्पोर्ट के अनुसार, अश्विन द हंड्रेड में खेलते नजर आ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**द हंड्रेड में नजर आ सकते हैं अश्विन**

## अल्काराज की दूसरे दौर में आसान जीत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने डेढ घंटे से अधिक चले दूसरे दौर में मैच में इटली के 65वीं रैंकिंग वाले मात्तिया बेलूची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अल्काराज इस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं जिन्होंने अपना सिर मुंडवा रखा है। उनके भाई ने उनके बालों से छेड़खानी की तो उन्होंने सारे बाल ही कटवा लिए। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने पहला खिताब यहीं पर 2022 में जीता था। (अनंत ज्ञान)

**अमेरिकी ओपन**

## पुरानी दिल्ली-6 को हराकर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स प्लेऑफ में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने वर्षाबाधित मैच में पुरानी दिल्ली 6 को आठ विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग के प्लेआफ में प्रवेश कर लिया। बारिश के कारण मैच सात ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर सुपरस्टार्स ने जीत दर्ज करके दो अंक अर्जित किए।

जीत के लिए 134 रन के लक्ष्य के जवाब में तेजस्वी दहिया और अनमोल शर्मा ने अर्द्धशतक जमाए। दोनों ने 5.5 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। तेजस्वी 21 गेंद में 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शर्मा ने 17 गेंद में नाबाद 56 रन बनाए। इससे पहले पुरानी दिल्ली 6 के लिए देव लाकड़ा ने 23 गेंद में नाबाद 85 और युग गुप्ता ने 14 गेंद में 38 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी करके टीम को सात ओवर में तीन विकेट पर 133 रन तक पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

## आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, सेंट लुइस ( अमेरिका )**



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया।

सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानानंदा तथा फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेऑफ में दो में से डेढ़ अंक बनाए। प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारूआना को हराया, जबकि कारूआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ग्रैंड शतरंज टूर में सर्वाधिक अंक पाकर शीर्ष पर हैं। आरोनियन, कारूआना और प्रज्ञानानंदा भी क्वालीफाई कर चुके हैं।

क्लासिकल वर्ग में सो, कारूआना और प्रज्ञानानंदा के 5.5 अंक रहे। आरोनियन पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के सैमुअल सेवियान और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद विश्व चैंपियन डी गुकेश रहे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा के 3.5 अंक रहे, जबकि अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक रहे। प्रज्ञानानंदा ने पहले टाइब्रेक मुकाबले में कारूआना को हराकर जीत की उम्मीदें बढ़ा दी थी, लेकिन वह दूसरे दौर में सो से हार गए जिन्होंने आखिरी दौर में कारूआना को ड्रॉ पर रोककर खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

**वेसली सो ने जीता सिनक्यूफील्ड**

## एशिया कप से कट सकता है ऑलराउंडर हसरंगा का नाम!

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 से पहले श्रीलंका को जिम्बाब्वे की धरती पर दो वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम की घोषणा कर दी गई है। 17 सदस्यीय टीम में गेंदबाजी ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा का नाम नहीं है। वानिंदु हसरंगा चोटिल होने की वजह से वनडे के बाद टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। हसरंगा को जुलाई में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। वह अभी भी पूरी तरह से चोट से नहीं उबर पाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज से बाहर होने के बाद हसरंगा के एशिया कप में खेलने पर संशय की स्थिति पैदा हो गई है। वह इस बड़े टूर्नामेंट से भी बाहर हो सकते हैं। बता दें कि जुलाई की शुरुआत से ही हसरंगा अंतर्राष्ट्रीय करियर से दूर हैं। हसरंगा एक बेहतरीन स्पिनर होने के साथ ही निचले क्रम के बेहद उपयोगी बल्लेबाज हैं। ऐसे में जिम्बाब्वे दौरे पर टीम को उनकी कमी खलेगी। श्रीलंकाई टीम को स्पिन विभाग में महिश तिक्षणा और दुनिथ वेल्लालागे पर भरोसा करना होगा। 17 सदस्यीय टीम में दोनों को मौका दिया गया है।

वनडे मैचों के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को टी20 टीम में शामिल किया गया है। पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंडु मेंडिस और दासुन शनाका जैसे खिलाड़ी अनुभवी ऑलराउंडर चरिथ असलांका की अगुवाई वाली टीम में काफी अनुभव लेकर आए हैं। श्रीलंका 2008 के बाद पहली बार जिम्बाब्वे का दौरा कर रही है। वनडे सीरीज के दो मैच 29 अगस्त और 31 अगस्त को हरारे में खेले जाएंगे। वहीं, तीन टी20 मैच 3, 6 और 7 सितंबर को हरारे में ही खेले जाएंगे।

## खराब फॉर्म से जूझ रहे जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे मैच में नोवाक जोकोविच थके हुए लगे और एक सेट भी गंवाया, लेकिन 24 बार के इस ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने समय पर वापसी करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली। जोकोविच का यहां फ्लशिंग मीडोस पर पहले और दूसरे दौर में जीत का रिकॉर्ड 36-0 का हो गया। उन्होंने अमेरिका के 145वीं रैंक वाले क्वालीफायर जाचारी वाजदा को 6-7, 6-3, 6-3, 6-1 से हराया।

जोकोविच 11 जुलाई को विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं। अब उनका सामना ब्रिटेन के कैम नौरी से होगा, जिन्हें वह छह बार हरा चुके हैं। नौरी ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (5), 6-3, 6-7 (0), 7-6 (4) से हराया। वहीं, टेलर टाउनसेंड और येलेना ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस हो गई। युगल में नंबर एक अमेरिका के टाउनसेंड ने दूसरे दौर का मुकाबला 7-5, 6-1 से जीता। इसके बाद उन्होंने कहा कि 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन लाटविया की ओस्टापेंको ने उन्हें कहा कि उनमें 'क्लास' नहीं है और वह पढी लिखी भी नहीं हैं। वहीं, पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे पांचवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने चोट के कारण नाम वापस ले लिया। 12वीं रैंकिंग वाले कैस्पर रूड को बेल्जियम के रफेल कोलिंगनन ने 6-4, 3-6, 3-6, 6-4, 7-5 से मात दी। (अनंत ज्ञान)

### अल्काराज की दूसरे दौर में आसान जीत

**दूसरी** वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने डेढ घंटे से अधिक चले दूसरे दौर में मैच में इटली के 65वीं रैंकिंग वाले मात्तिया बेलूची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अल्काराज इस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं जिन्होंने अपना सिर मुंडवा रखा है। उनके भाई ने उनके बालों से छेड़खानी की तो उन्होंने सारे बाल ही कटवा लिए। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन अल्काराज ने पहला खिताब यहीं पर 2022 में जीता था।

## लीग्स कप | मेस्सी ने किए दो गोल, रेड कार्ड ने करवाई इंटर मियामी की वापसी

# इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को हराया

**एजेंसी, ब्रोवार्ड काउंटी ( फ्लोरिडा )**



इंटर मियामी की टीम ने लीग्स कप के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। इस जीत में दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी हीरो रहे। सेमीफाइनल मुकाबले में मियामी के सामने ऑरलैंडो सिटी की चुनौती थी। मेसी की टीम को मुकाबले में 3-1 से जीत मिली। मेसी ने अपनी टीम के लिए दो गोल किए। इसके साथ ही तीसरे गोल को असिस्ट भी किया। फाइनल में मियामी का मुकाबला सिएटल साउंडर्स से होगा। यह मैच रविवार को खेला जाएगा।


ऑरलैंडो सिटी ने इस सीजन में मेजर लीग सॉकर में मियामी को दो बार हराया था। यही वजह है कि ऑरलैंडो की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी। मैच के पहले हाफ में ऑरलैंडो ने अच्छा खेल दिखाया। टीम को इसका फायदा भी मिला और पहले हाफ के इंजरी टाइम में मार्को पासाविक ने गोल दाग दिया। मैक्सिमिलियानो फाल्कन से गेंद छिनने के बाद पासालिक ने गोलकीपर ऑस्कर उस्तरी को चकमा देते हुए गोल कर दिया।

दूसरे हाफ में मियामी ने वापसी करने की कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही थी। 74वें मिनट में मैच का रुख बदल गया। ऑरलैंडो के डेविड ब्रेकालो एलांडे को बॉक्स में पीछे से खींच दिया। रेफरी ब्रेकालो को दूसरे येलो कार्ड दिया। इस तरह उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। फुटबॉल में एक मैच में अगर दो येलो कार्ड मिलते हैं तो वह रेड कार्ड हो जाता है। ऑरलैंडो के 10 खिलाड़ी ही मैदान पर बचे। 77वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया।

10 खिलाड़ियों से खेल रहे ऑरलैंडो बैकफुट पर आ गई तो मियामी ने चढ़कर खेलना शुरू कर दिया। 88वें मिनट में मेसी ने जोर्डी अल्बा की मदद से शानदार गोल दागा। अल्बा मेसी के साथ बार्सिलोना के लिए भी खेला करते थे। इंजरी टाइम (90+1 मिनट) में मेसी ने तेलस्को सेगोविया को पास दिया और उन्होंने गोल दाग दिया। इस तरह मियामी को मैच में पिछड़ने के बाद जीत मिली। मेसी की टीम ने 2023 में लीग्स कप का खिताब जीत चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## मेदवेदेव पर खेल भावना के उल्लंघन के कारण 42500 डॉलर का जुर्माना

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के दानिल मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है।

टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5-4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिये कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी। (अनंत ज्ञान)

**मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने तोड़ा अपना रैकेट**